* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.com
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
24 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 07




# विराट भारत

- कोहली का धमाका : 53 गेंद में 82 रन
- विराट की हार्दिक संग 113 रनों की साझेदारी
- आखिरी ओवर में सिक्सर और सब पलट दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** छोटी दिवाली का दिन और गुलाबी ठंड के बावजूद क्रिकेट के रोमांच में डूबते-उतराते भारत की दिवाली की शानदार पटकथा यहां से साढ़े नौ हजार किलोमीटर दूर मेलबॉर्न में लिखी गयी, जब वहां विराट कोहली ने धमाका किया। इस धमाके की गूंज भारत के हर शहर और हर गांव में सुनी गयी। क्रिकेट के मैदान पर इस शानदार खिलाड़ी ने रविवार को जो विराट रूप दिखाया, उसने न केवल भारत को टी-20 विश्वकप 2022 का सबसे बड़ा मैच जिता दिया, बल्कि कुछ महीने पहले एशिया कप में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मिली हार का बदला भी चुका लिया। भारत ने इस मैच में पाकिस्तान को चार विकेट से हराया। इस जीत के हीरो रहे विराट कोहली, जिन्होंने 82 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने महज 31 रन पर चार विकेट खो चुकी अपनी टीम को संभाला, हार्दिक के साथ 113 रनों की साझेदारी की।

आखिरी ओवर में जब 16 रन चाहिए थे, तब कोहली ने ही नो बॉल पर सिक्सर लगा कर टीम को जीत की ओर मोड़ा। नाटकीय रहे आखिरी ओवर में भारत को 16 रन बनाने थे। भारत ने आखिरी गेंद पर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जीत का रन रविचंद्रन अश्विन ने बनाया।

**आखिरी ओवर का रोमांच :** रविवार का यह मुकाबला रोमांच की हर सीमा को पार कर गया था। आखिरी ओवर में गेंद मोहम्मद नवाज के हाथ थी। पहली गेंद पर हार्दिक पांड्या आउट हो गये। 40 रन की पारी में पांड्या ने विराट कोहली के साथ 113 रनों की साझेदारी की। उनकी जगह आये दिनेश कार्तिक ने दूसरी गेंद पर एक रन लिया। इसके बाद तीसरी गेंद पर विराट कोहली ने दो रन बनाये। ओवर की अगली गेंद पर विराट ने छक्का जड़ दिया। यह नो बॉल थी। भारत को आखिरी तीन गेंद में छह रन बनाने थे। अगली गेंद वाइड थी। अब तीन गेंद में पांच रन की जरूरत थी। अगली गेंद पर नवाज ने विराट को बोल्ड किया, लेकिन वह नो बॉल थी। उस गेंद पर आउट नहीं दिये जा सकते थे और भारतीय बल्लेबाजों ने तीन रन लिये। पांचवीं गेंद पर दिनेश कार्तिक आउट हो गये। भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की धड़कन एक बार फिर थमने लगी थी। आखिरी गेंद पर भारत को जीत के लिए दो रन बनाने थे। स्ट्राइक रविचंद्रन अश्विन के पास थी। अगली गेंद वाइड रही। अब भारत को जीत के लिए एक गेंद में एक रन चाहिए था, जो अश्विन ने आसानी से बना लिया।

**खराब रही शुरुआत :** भारत को जीत के लिए 160 रन की चुनौती मिली थी। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सातवें ओवर में सिर्फ 31 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे। तब टीम बड़ी मुश्किल में दिखाई दे रही थी। इसके बाद विराट कोहली और हार्दिक पांड्या ने मोर्चा संभाला। ओपनर केएल राहुल दूसरे ओवर में नसीम शाह का शिकार बन गये थे। वह सिर्फ चार रन बना सके। रोहित शर्मा भी नाकाम रहे। वह भी सिर्फ चार रन बना सके। कप्तान रोहित शर्मा को चौथे ओवर की दूसरी गेंद पर हैरिस राउफ ने इफ्तिखार अहमद के हाथों कैच करा दिया। भारत को तीसरा झटका सूर्यकुमार यादव के रूप में लगा। वह 15 रन बनाकर आउट हुए। हैरिस राउफ ने उन्हें मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। छठे ओवर में तीसरा विकेट गिरा, तो भारत का स्कोर था 26 रन। सूर्यकुमार की जगह लेने आये अक्षर पटेल सिर्फ तीन गेंद तक विकेट पर रुके। वह दो रन के निजी स्कोर पर रनआउट हो गये। भारत को चौथा झटका 31 रन के स्कोर पर लगा।

**आधा ओवर खत्म और महज 45 रन :** 10 ओवर के बाद भारत का स्कोर था चार विकेट 45 रन। भारत को 60 गेंद में 115 रन बनाने थे। 11वें ओवर में भारतीय पारी के 50 रन पूरे हो गये। इस ओवर में भारतीय बल्लेबाजों ने नौ रन जुटाये। 12वें ओवर की पहली गेंद पर हार्दिक पांड्या ने मोहम्मद नवाज की गेंद को मिडविकेट बाउंड्री के ऊपर से छह रन के लिए भेजा। ओवर की चौथी गेंद पर विराट कोहली ने छक्का जड़ दिया। ओवर की आखिरी गेंद पर हार्दिक पांड्या ने एक और छक्का जमाया। इस ओवर से भारतीय बल्लेबाजों ने 20 रन जुटाये और यहीं से मैच पलटने लगा।

13वें ओवर में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शाहीन शाह अफरीदी को मोर्चे पर लाये। विराट कोहली ने उनकी चौथी गेंद पर चौका जड़ा। इस ओवर में भारत ने नौ रन जुटाये। 14वें ओवर की पहली गेंद पर शादाब खान विराट कोहली के निशाने पर थे। कोहली ने इस गेंद को बाउंड्री के बाहर भेजा। इस ओवर में भारत के खाते में सात रन जुटे। 15वें ओवर में विराट कोहली ने नसीम शाह की गेंद को बाउंड्री के बाहर भेजा। इस ओवर से भारत ने 10 रन जोड़े और टीम का स्कोर सौ रन हो गया। भारत को आखिरी पांच ओवर में 60 रन बनाने थे।

**उतार-चढ़ाव से भरी पाकिस्तान की पारी :** इसके पहले पाकिस्तान की पारी के दौरान मैच में लगातार उतार-चढ़ाव दिखा। पाकिस्तान की पारी के दौरान शुरुआत में भारतीय गेंदबाज हावी दिखे, तो फिर पाकिस्तान के बल्लेबाज पलटवार के इरादे में नजर आये। और जब पाकिस्तान हावी दिखने लगा, तो भारतीय टीम ने लगातार विकेट लेकर दबाव बनाने की कोशिश की। आखिरी ओवरों में पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने फिर से जोर दिखाया। पाकिस्तान टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन बनाये। पाकिस्तान के लिए शान मसूद (नाबाद 52 रन) और इफ्तिखार अहमद (51 रन) ने हाफ सेंचुरी जमायी। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने 32 रन देकर तीन और हार्दिक पांड्या ने 30 रन देकर तीन विकेट लिये।

## विराट कोहली बोले : यह अब तक की सबसे बेस्ट पारी थी

चेजमास्टर विराट कोहली ने इस पारी को अब तक की अपनी बेस्ट पारी बतायी है। पूर्व भारतीय कप्तान ने मैच के बाद कहा, मैं ज्यादा कुछ नहीं कह पा रहा हूं, क्योंकि यहां बहुत शोर हो रहा है। यहां अद्भुत वातावरण है। हार्दिक ने कहा था कि भरोसा रखो। हम अंत तक इसे हासिल कर सकते हैं। मेरे पास कोई शब्द नहीं हैं शायद। नवाज का एक ओवर बाकी था। (उन्होंने फिर से कहा कि मेरे पास शायद आज शब्द नहीं हैं) यहां पर खड़ा रहना शायद एक बहुत ही स्पेशल मोमेंट है। विराट ने कहा, मेरे पास शब्द नहीं है। आज तक मैंने कहा कि मोहाली मेरी सर्वश्रेष्ठ टी 20 पारी थी। मैंने 52 में 80 रन बनाये। आज मैंने 53 में 80 रन बनाये। दोनों ही उतने ही खास हैं। लेकिन आज की मेरी ये पारी अब तक की सबसे बेस्ट पारी है। इन सभी महीनों में जब मैं संघर्ष कर रहा था, तुम लोग (फैंस) ने मुझे बहुत सपोर्ट दिया। बहुत-बहुत धन्यवाद।

## आखिरी पांच ओवर में दिखा विराट का असली रंग

16वें ओवर में हैरिस रऊफ ने भारतीय बल्लेबाजों को बांधे रखा। इस ओवर में छह रन बने। इनमें से तीन रन बाई और वाइड के जरिये आये। भारतीय पारी के 17वें ओवर में गेंद नसीम शाह के हाथ थी। इस ओवर में भी सिर्फ छह रन बने। भारत को आखिरी तीन ओवर में 48 रन की जरूरत थी। 18वें ओवर में गेंद शाहीन अफरीदी के हाथ थी। पहली गेंद पर चौका जमाकर विराट कोहली ने हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। 50 रन पहुंचने में उन्होंने 41 गेंदों का सामना किया। ओवर की तीसरी और आखिरी गेंद पर भी विराट कोहली ने चौके जड़े। इस ओवर में 16 रन बने। भारत को आखिरी दो ओवर में 31 रन बनाने थे। 19वें ओवर में गेंद रऊफ के हाथ थी। कोहली ने इस ओवर की आखिरी दो गेंद पर दो छक्के जड़े। इस ओवर में भारत ने 15 रन जुटाये। आखिरी ओवर में भारत को 16 रन की जरूरत थी।


### शुभकामनाएं

आजाद सिपाही के पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं, एजेंटों, शुभचिंतकों समेत तमाम झारखंड वासियों को ज्योति पर्व दीपावली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। - प्रबंधक

### अवकाश की सूचना

दीपावली के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही कार्यालय में 24 अक्टूबर, 2022 (सोमवार) को अवकाश रहेगा। अत: समाचार पत्र का अगला अंक 26 अक्टूबर, 2022 (बुधवार) को प्रकाशित होगा। - प्रबंधक

SURJABASHA







**दीपोत्सव में जगमगायी अयोध्या : भगवान राम का हुआ राज्याभिषेक**

## राम के अस्तित्व पर उठाये जाते थे सवाल हमने हीन भावना की बेड़ियां तोड़ीं : मोदी



अयोध्या में दीपोत्सव : 15 लाख दीयो से सरयू के तट जगमगा उठे हैं।



रामलला का स्वागत करते पीएम मोदी।



पूजा-अर्चना के बाद संबोधित करते मोदी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में अयोध्या दीपोत्सव के मौके पर जगमगा उठी। रविवार को रामलला की नगरी में आयोजित दीपोत्सव 2022 कार्यक्रम में हिस्सा लेने पीएम मोदी खुद अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले रामलला के दर्शन किये और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र स्थल का निरीक्षण कर मंदिर निर्माण का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे। पीएम मोदी ने रामलला की आरती उतारी और उन्हें प्रणाम किया। इसके बाद मोदी ने दीपोत्सव कार्यक्रम से पहले अयोध्या में प्रतीकात्मक रूप से भगवान राम का राज्याभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राम अयोध्या के डीएनए में हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम लला के दर्शन और फिर भगवान राम का राज्याभिषेक करने का यह सौभाग्य भगवान राम की कृपा से ही प्राप्त होता है। यह दीपावली ऐसे समय आयी है, जब हमने आजादी के 75 साल पूरे कर लिये हैं। देश को दिवाली की बधाई देते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भगवान राम की संकल्प शक्ति भारत को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेगी।

पीएम मोदी ने कहा कि राम किसी को पीछे नहीं छोड़ते। राम कर्तव्य-भावना से मुख नहीं मोड़ते। इसलिए राम भारत की उस भावना के प्रतीक हैं, जो यह मानती है कि हमारे अधिकार हमारे कर्तव्यों से स्वयं सिद्ध हो जाते हैं।

पीएम मोदी ने अयोध्यावासियों से कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के साथ ही यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ जायेगी। ऐसे में अयोध्या स्वच्छ और यहां के लोगों का व्यवहार अच्छा हो, यह यहां के लोगों को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि कितना अच्छा हो कि अयोध्या के नागरिकों का व्यवहार भी अपने आप में मानक बने।

पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या विकास की नयी ऊंचाइयों को छू रही थी। पहले भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठते थे। आज अयोध्या के विकास पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे हैं। पीएम ने कहा, राम सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के आधार थे।

### दीपोत्सव पर अयोध्या में 15 लाख दीपों को एक साथ प्रज्ज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया

छठे दिव्य दीपोत्सव का रविवार सुबह विधिवत शुभारंभ हुआ। उदया चौराहे से श्रीराम से जुड़े प्रसंगों की भव्य झांकियों की शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में विभिन्न लोक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते रहे। इसे देखने के लिए सड़क के दोनों ओर भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहा। वहीं राम की पैड़ी पर बिछाये गये सभी 17 लाख दीपों में सुबह से तेल और बाती डालने का कार्य शुरू किया गया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 47,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 60,000 रु./प्रति किलो |

# ‘रोजगार मेला’ साबित होगा मोदी सरकार का बड़ा ट्रंप कार्ड

## नियुक्ति पत्र बांट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों में उम्मीद जगायी, बेरोजगारी के प्रति वह गंभीर हैं

आजाद सिपाही विशेष

**दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में 2014 के बाद यदि किसी मुद्दे ने राजनीतिक रंगत पकड़ी है, तो वह है बेरोजगारी का मुद्दा। सत्ता में आने से पहले भाजपा ने इस मुद्दे को लेकर जो वादे किये थे, उन पर काम तो हो रहा था, लेकिन जमीन पर दिख नहीं रहा था। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनतेरस के दिन ‘रोजगार मेला’ का आयोजन कर साफ कर दिया है कि उनकी नजर इस गंभीर मुद्दे पर है। देश भर में 75 हजार बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र सौंप कर मोदी सरकार ने जो शुरुआत की है, उसका राजनीतिक संदेश बहुत दूर तक जायेगा। मोदी सरकार ने 2023 के अंत तक 10 लाख बेरोजगारों को नौकरी देने की घोषणा की है, जिसका सीधा असर छह राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनाव और फिर 2024 के आम चुनाव पर पड़ना स्वाभाविक है। पीएम मोदी ने रोजगार मेला के माध्यम से इस बड़े मुद्दे को हल करने की दिशा में जो कदम उठाया है, उससे विपक्ष का एक मजबूत हथियार नाकाम हो गया है। पिछले कुछ दिनों से, खास कर वैश्विक महामारी से उबरने के बाद से बेरोजगारी के जिस मुद्दे को लेकर विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर था, वह मुद्दा एक झटके में खत्म होता दिख रहा है। इसलिए इस रोजगार मेले को मोदी सरकार का ट्रंप कार्ड भी माना जा सकता है, जिसका असर कुछ दिन के बाद जमीन पर नजर आयेगा। फिलहाल तो नजर उन 75 हजार युवाओं पर ही है, जिन्हें नियुक्ति पत्र मिला है। मोदी सरकार के इस बड़े कदम का परत-दर-परत विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राहुल सिंह।**



राहुल सिंह

मोदी सरकार साल 2023 के अंत तक 10 लाख युवाओं को नौकरी देने की बात कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 अक्टूबर यानी धनतेरस के दिन 'रोजगार मेला' नाम से इसकी शुरुआत की। पहले चरण के तहत उन्होंने 75 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे। ये भर्तियां यूपीएससी, एसएससी और रेलवे सहित केंद्र सरकार के 38 मंत्रालयों या विभागों में होंगी, यानी इस मेगा प्लान में रेलवे, डिफेंस, बैंकिंग, डाक और इनकम टैक्स जैसे विभाग शामिल हैं। इस योजना का एलान इसी साल जून में प्रधानमंत्री कार्यालय ने किया था। इसमें बताया गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी विभागों और मंत्रालयों में मानव संसाधन की समीक्षा की और इस मिशन के तहत अगले साल के अंत तक 10 लाख लोगों को भर्ती करने का आदेश दिया है। 22 अक्टूबर को जिन विभागों में नौकरियों के लिए चिट्ठी दी गयी, उनमें रेलवे भी शामिल है। रेलवे भारत में सबसे ज्यादा सरकारी नौकरी देने वाले विभागों में से एक है। रोजगार मेला के दौरान करीब आठ हजार युवाओं को रेलवे में नौकरी का ऑफर लेटर दिया गया। इसमें अनुकंपा के आधार पर नौकरी पाने वाले भी शामिल हैं। इससे पहले रोजगार के मुद्दे पर विपक्ष ने लगातार केंद्र सरकार पर हमला किया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और राजद नेता तेजस्वी यादव तक मोदी सरकार को बेरोजगारी के मुद्दे पर घेरते रहे हैं। यानी मौजूदा समय में बेरोजगारी की समस्या विपक्ष के लिए केंद्र सरकार को घेरने का एक बड़ा मुद्दा रहा है। यह मुद्दा उत्तर से लेकर दक्षिण भारत और पूर्व से लेकर पश्चिम भारत तक विपक्ष को सरकार पर हमले का हथियार देता रहा है।

सरकारी नौकरी की चाह रखनेवालों में बड़ी तादाद बिहार के युवाओं की होती है। बीते कुछ साल में भारत में सरकारी नौकरी बहुत बड़ा चुनावी मुद्दा रहा है। बिहार में राजद नेता तेजस्वी यादव ने तो 2020 के विधानसभा चुनावों के दौरान बिहार में सरकार बनने पर 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा तक किया था। बीते अगस्त महीने में जदयू और राजद गठबंधन की सरकार बनने के बाद तेजस्वी यादव ने कम-से-कम चार-पांच लाख लोगों को नौकरी देने की बात कही थी। रोजगार मेला से एक दिन पहले बिहार में 9469 बेरोजगारों को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दी गयी, जिसका खूब प्रचार किया गया। तेजस्वी ने इस पर कहा कि बिहार ने जो राह दिखायी है, अब पूरे देश को इसी रास्ते पर आना ही होगा।

**विधानसभा के साथ-साथ 2024 के चुनाव में भी काम देगा यह फैसला**



### बेरोजगारी का रिकॉर्ड उच्च स्तर पर

नौकरी को लेकर यूपी, बिहार, झारखंड समेत तमाम राज्यों के अपने वादे और दावे रहे हैं। वहीं विपक्षी दलों के शासन वाले हर राज्य सरकार ने बढ़ती बेरोजगारी को लेकर मोदी सरकार पर लगातार आरोप लगाया है। दरअसल साल 2019 में ही भारत में 45 साल की सबसे बड़ी बेरोजगारी के आंकड़े सामने आये थे। उस साल आम चुनावों से पहले इन आंकड़ों के लीक होने पर काफी विवाद हुआ था। बाद में सरकार ने इसके आंकड़े खुद जारी किये और माना कि भारत में बेरोजगारी दर पिछले चार दशक में सबसे ज्यादा हो गयी है। सरकार ने पहले लीक हुई रिपोर्ट को यह कहते हुए खारिज किया था कि बेरोजगारी के आंकड़ों को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। लेकिन विपक्ष इस खबर के सामने आने के बाद से ही रोजगार के मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों पर लगातार सवाल उठाता रहा है।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआइइ) के आंकड़ों के मुताबिक भारत में 20 अक्टूबर, 2022 को बेरोजगारी दर 7.8 फीसदी है। इसमें शहरी बेरोजगारी दर 7.5 फीसदी है, जबकि गांवों के लिए यह आंकड़ा 7.9 फीसदी है। इस साल केंद्र सरकार ने संसद में बताया है कि अप्रैल 2014 से मार्च 2022 के बीच आठ साल में केंद्र सरकार के विभागों में स्थायी नौकरी पाने के लिए करीब 22 करोड़ लोगों ने आवेदन किया था। इस दौरान केंद्र सरकार में महज 7.22 लाख लोगों को स्थायी नौकरी मिली। आसान शब्दों में कहें तो जितने लोगों ने नौकरी के लिए आवेदन किया, उसमें से केवल 0.32 प्रतिशत लोगों को नौकरी मिली। इस मुद्दे पर भाजपा सांसद वरुण गांधी केंद्र सरकार पर सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने सरकार से सवाल किया था कि जब देश में लगभग एक करोड़ स्वीकृत पद खाली हैं, तब इस स्थिति के लिए कौन ज़िम्मेदार है? भारत में बेरोजगारी से बनी स्थिति का यह सिर्फ एक उदाहरण है।

### क्या माहौल बदल सकती है मोदी सरकार

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या केंद्र सरकार की तरफ से अगले करीब डेढ़ साल में 10 लाख लोगों को नौकरी देने का वादा विपक्ष से बेरोजगारी का मुद्दा भी छीन सकता है। सीएमआइइ के जानकार कहते हैं कि सरकार का वादा बहुत बड़ा है। केंद्र सरकार 10 लाख लोगों को नौकरी देने की जो पहल कर रही है वह बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण है। बढ़ती बेरोजगारी को लेकर युवाओं का आक्रोश भी कई बार सड़कों पर दिखा है। बिहार, यूपी, तेलंगाना, राजस्थान और हरियाणा जैसे कई राज्यों में नौकरी की मांग में प्रदर्शन हो चुके हैं। नौकरी की तलाश में युवाओं का आक्रोश सड़कों पर दिखा है। इसका राजनीतिक असर भी पड़ना स्वाभाविक है।

वैसे यह बात सही है कि भारत में नौकरी की मांग को लेकर ज्यादा आंदोलन नहीं होते। बिहार या यूपी जैसे राज्यों में पिछले दिनों जो हंगामा हुआ, वह नियमों में बदलाव की वजह से था। चाहे रेलवे की एनटीपीसी परीक्षा के नियमों का मामला हो या अग्निवीर स्कीम का, इस दौरान जो हंगामा हुआ, वह नियमों में बदलाव को लेकर हुआ था। बच्चे कुछ समझ कर नौकरी की तैयारी करते हैं, फिर उन्हें पता चलता है कि उन्हें चार साल के लिए नौकरी मिलेगी और इसी बात को लेकर उन्होंने प्रदर्शन किया था। दरअसल देश के कई हिस्सों में केंद्र सरकार की 'अग्निपथ योजना' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए थे। बिहार और मध्यप्रदेश में कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसक घटनाएं भी हुई थीं। भारत सरकार इस योजना के तहत अल्पावधि के लिए सेना में 17.5 साल से लेकर 21 साल की उम्र वाले युवाओं की भर्ती करेगी। युवाओं ने सेना में पुराने तरीके से भर्ती की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। इस योजना को लेकर काफी सियासी गहमागहमी हुई थी। इससे पहले इसी साल की शुरुआत में रेलवे की नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी (एनटीपीसी) परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया को लेकर भी काफी हंगामा हुआ था। बाद में रेलवे ने एक कमेटी बना कर छात्रों के सुझावों के आधार पर इसमें बदलाव किये थे।

जाहिर है मोदी सरकार के लिए भी बेरोजगारी की समस्या बहुत बड़ा मुद्दा है। इसलिए केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के आम बजट में अगले पांच साल में 60 लाख रोजगार पैदा करने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में 10 लाख लोगों को नौकरी दे पाना बड़ी उपलब्धि होगी। हालांकि कितने लोगों को किस विभाग में और कैसी नौकरी दी जायेगी, इसका आंकड़ा जारी नहीं किया गया है, लेकिन अब यह साफ हो गया है कि मोदी सरकार बेरोजगारी के मुद्दे पर अब विपक्षी हमलों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हो गयी है।

# सिमडेगा में कारोबारियों से लूट, फायरिंग भी की

- सांसद प्रतिनिधि को रिवॉल्वर की बट से मार कर घायल किया
- अपराधियों ने घूम-घूम कर फायरिंग की, व्यापारियों को लूटा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के कोलेबिरा सप्ताहिक बाजार में पांच हथियारबंद अपराधियों ने रविवार को दिनदहाड़े चार व्यवसायियों से लगभग 110,000 रुपये नकद और चार मोबाइल लूट लिये। यह घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। इधर अपराधियों ने झड़प के दौरान व्यवसायी सह सांसद प्रतिनिधि रणधीर कुमार को रिवाल्वर के बट से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

**साप्ताहिक हाट में दिन के डेढ़ बजे हुई घटना :** रविवार को कोलेबिरा में लगनेवाली साप्ताहिक हाट में लगभग डेढ़ बजे के आसपास रणधीर कुमार और गौरी प्रसाद सिंह बाजार में महुआ-डोरी की खरीदारी कर रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिल पर पांच अपराधी आ धमके। अपराधियों के हाथ में हथियार देख कर रणधीर कुमार को आशंका हुई। उन्होंने वहां से भागने की कोशिश की। इसी बीच एक अपराधी ने हाथ में रिवाल्वर लेकर रणधीर कुमार को दौड़ कर पकड़ लिया। रणधीर और अपराधी के बीच हाथापाई हुई। अपराधी ने रिवाल्वर की बट से रणधीर कुमार के सिर पर वार कर दिया।

**भागते समय अपराधियों ने कई लोगों को लूटा :** वहीं, बाकी अपराधियों ने रणधीर कुमार के साथी गौरी प्रसाद सिंह को हथियार दिखा कर थैले में रखे लगभग 65000 रुपये एवं मोबाइल लूट लिये। पैसा लेकर पांचों अपराधी दो मोटरसाइकिल से बरवाडीह गांव की ओर भागने लगे। इसी बीच कुछ दूरी पर कुंदन कुमार नामक व्यवसायी से भी हथियार के बल पर 25000 एवं मोबाइल लूट लिये। वहां से लूट की घटना को अंजाम देने के बाद पांचों अपराधी बरवाडीह गांव पहुंचे। अपराधियों ने रोड किनारे दुकान लगाने वाले बरवाडीह निवासी विष्णु दयाल साहू से 10000 एवं देवपति देवी से 10000 और मोबाइल लूट लिये।

**अपराधियों ने हवाई फायरिंग कर लोगों को डराया :** इसके बाद डोमटोली की ओर हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गये। घटना के बाद रणधीर कुमार कोलेबिरा थाना पहुंचे। घटना के बारे में विस्तृत जानकारी थाना प्रभारी को दी। वहीं सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने दलबल के साथ अपराधियों का पीछा किया। मामले की छानबीन करते हुए उस इलाके में छापामारी की जा रही है। उधर, घायल रणधीर कुमार का प्राथमिक इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा में किया गया। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व अपराधियों ने जलडेगा थाना क्षेत्र में लाह-महुआ कारोबारी को निशाना बनाया था।

# आदित्यपुर पुलिस के दुर्व्यवहार से तंग आकर दंपति ने की आत्महत्या

- थाने में ही कह दिया था- अब जीना मुश्किल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पुलिस के व्यवहार से तंग आकर एक दंपति ने आत्महत्या कर ली। पति-पत्नी इंसाफ मांगने थाने पहुंचे थे। उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ। न्याय की उम्मीद में थाने पहुंचे पति-पत्नी ने निराश होकर आत्महत्या कर ली। घटना जमशेदपुर की है। आदित्यपुर थाना अंतर्गत एमआइजी कॉलोनी निवासी मुकेश अग्रवाल और उसकी पत्नी बीना अग्रवाल ने घर लौट कर आत्महत्या कर ली।

**पुलिस पर मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप :** सूत्रों के अनुसार पुलिस ने दंपति को धमकी दी थी और मारपीट भी की थी। पुलिस समझौता करने का दबाव बना रही थी। इनकार करने पर पुलिस ने दंपति के साथ मारपीट की, जिससे निराश होकर दोनों ने आत्महत्या कर ली। हालांकि मामले पर परदा डालने के लिए आदित्यपुर थाने के प्रभारी राजन कुमार आरोपों से इनकार कर रहे हैं।

**थाने में ही कह दिया था, अब जीना मुश्किल है :** महिला बीना की बहन रीना ने बताया कि चार साल पहले उनकी शादी हुई थी और एक बच्चा भी है। उसने अपनी बहन के ससुरालवालों पर दहेज प्रताड़ना का भी आरोप लगाया और साथ ही कहा कि परिवार द्वारा टॉर्चर करने के कारण दोनों थाने गये थे, उनके साथ मारपीट की गयी। कार्रवाई नहीं होने पर दोनों ने थाने में ही यह कह दिया था कि अब दोनों को जीना नहीं है और दोनों वहां से निकल गये। घर जाकर अपने बच्चे को खेलने के लिए बाहर भेज दिया और खुद फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे तत्काल एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मुकेश घर चलाने के लिए फूड डिलीवरी का काम करता था। आदित्यपुर की इस घटना ने पुलिस का काला चेहरा सामने लाया है। आदित्यपुर में चहुंओर इस घटना की निंदा हो रही है। लोगों का कहना है कि पैसे के लिए पुलिस कुछ भी कर सकती है।

# रांची भाजयुमो ने इंडियन आइडल फेम शगुन पाठक को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने रविवार को इंडियन आइडल की प्रतिभागी और उभरते युवा पार्श्व गायक शगुन पाठक को दीपावली के शुभ अवसर पर सम्मानित किया। इस अवसर पर द्विवेदी ने कहा कि शगुन पाठक ने अपनी लगन और मेहनत से इंडियन आइडल के टॉप 15 में भाग लेकर झारखंड का नाम पूरे देश में रौशन किया। उन्होंने अपनी गायकी से सभी लोगों को आकर्षित किया है। रांची जैसे छोटे शहर से निकल कर मुंबई जैसे महानगर में झारखंड के शगुन का नाम का डंका देश में बज रहा है। ये हमारे लिए गर्व की बात है।



इस अवसर पर मुख्य रूप से शगुन पाठक की माता रूपम पाठक, पिता संजीव पाठक, चाचा पंकज कुमार पाठक, बहन जिज्ञासा पाठक, सांभवी पाठक और अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

# अमन साव के नाम पर व्यवसायी से 50 लाख की मांगी रंगदारी, केस दर्ज

- रंगदारी नहीं देने पर गोली मारने की दी धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के लोअर चुटिया के रहनेवाले व्यवसायी विक्रम शर्मा से फोन कर अमन साव गिरोह के मयंक सिंह के नाम पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में व्यवसायी ने नामकुम थाने में मामला दर्ज कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार विक्रम शर्मा ने नामकुम थाना में दिये आवेदन में कहा कि किसी अज्ञात नंबर से किसी ने फोन किया और कहा कि अमन साव गिरोह से मैं मयंक सिंह बोल रहा हूं। उसने 50 लाख की मांग की। उसके बाद व्यवसायी ने कहा कि हम कहां से देंगे पैसा, आप कौन बोल रहे हैं। उधर से कहा, सुना नहीं मैं मयंक सिंह बोल रहा हूं। व्यवसायी ने कहा, मेरे पास इतना पैसा नहीं और नहीं दे सकेंगे। फिर दूसरे दिन फोन कर रंगदारी मांगी। रंगदारी मांगने वाले ने कहा कि 50 लाख नहीं दे सकोगे, तो 20 लाख दे दो नहीं तो गोली मार देंगे। व्यवसायी ने कहा, नहीं दे सकते हैं। उसके बाद फोन करने वाले ने धमकी दी और कहा, अंजाम भुगतने को तैयार रहो और गोली खाने के लिए भी। उसके बाद फोन काट दिया। थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। मामले में तकनीकी शाखा का सहयोग लिया जा रहा है।

## राज्य में नगर निकायों के चुनाव की तैयारी जारी

# मतदाता सूची का प्रकाशन 4 नवंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में नगर निकायों के चुनाव की तैयारी जारी है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची को फाइनल किये जाने का काम सभी चौबीसों जिले में जारी है। फिलहाल मतदाता सूची का प्रकाशन जिला स्तर पर 19 अक्टूबर से जारी होना शुरू है। आयोग के पत्रांक 2277, 30-9-22 के द्वारा आगामी नगरपालिका आम चुनाव 2022-23 के लिए जारी निर्देशों के आधार पर अलग-अलग जिलों में मतदाता सूची की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में 19 अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन हो चुका है। इस पर 29 अक्टूबर तक दावा और आपत्ति प्राप्त की जानी है। इसके बाद 4 नवंबर तक दावा और आपत्ति का निराकरण होगा। साथ ही मतदाता सूची का भी अंतिम प्रकाशन होगा।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.7 °c | 24.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.16 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.49 बजे |



# दीपावली पर उत्साह और हर्ष का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में दीपावली पर्व पर चारों ओर उत्साह और हर्ष का माहौल है। बाजार में लोगों की भीड़ है। घर-आंगन लाइटों से जगमगा रहा है। लोग घरों को आकर्षक लाइट से सजा रहे हैं। हालांकि, दीये की बिक्री हो रही है। हर चौक चौराहों पर बर्तन, फूल, पटाखा, दीये और तेल बिक रहे हैं। 24 अक्टूबर को दीपावली है। रविवार शाम से ही पटाखा छूटने लगे हैं। लोग रविवार को छोटी दीपावली बना रहे हैं। पटाखा जलाने के बाद बच्चे काफी उत्साहित हैं। रविवार को त्रयोदशी तिथि थी। इस दिन खरीददारी के लिए भी शुभ माना जाता है। लोग बाजारों में इलेक्ट्रॉनिक सामन, बाइक, कार सहित अन्य सामानों की भी खरीदारी जोर शोर से कर रहे हैं। दीपावली को लेकर राजधानी रांची के कोकर, लालपुर, डोरंडा, हरमू, बरियातू, हिनू सहित अन्य इलाकों में रविवार सुबह से ही गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति भी खूब बिक रही है। एक से बढ़ कर एक आकर्षक मूर्तियां बाजार में उपलब्ध है। मिट्टी के अलावा धातु से बनी मूर्तियां भी बिक रही हैं। इनकी कीमत न्यूनतम 150 से लेकर 2000 रुपये तक है। मिट्टी से बनी मूर्तियों की कीमत 20 रुपये से लेकर 300 रुपये तक है।



## झारखंड में धनतेरस पर हुआ 1370 करोड़ का कारोबार

**रांची।** झारखंड के बाजारों में धनतेरस की रौनक रही। बाजार खरीदारों से गुलजार रहा। झारखंड में धनतेरस पर 1370 करोड़ रुपये से ज्यादा के कारोबार का आकलन किया गया। अकेले रांची में 410 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ।

**1.5 करोड़ वाली तीन मर्सिडीज बिकीं :** सबसे महंगी गाड़ियों में मर्सिडीज की जीएलएस मॉडल की तीन कार की डिलीवरी हुई। एक कार की कीमत 1.5 करोड़ है। वहीं, बीएमडब्ल्यू की 90 लाख से 1.38 करोड़ की छह कार की डिलीवरी हुई।

**बिक्री में ज्वेलरी पहले नंबर पर :** झारखंड में धनतेरस पर हुए कुल कारोबार में ज्वेलरी बाजार पहले नंबर पर रहा। इस सेक्टर में लगभग 530 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ है। 427 करोड़ के कारोबार के साथ ऑटोमोबाइल बाजार दूसरे नंबर पर है।

**2,700 चारपहिया तो 15,000 दोपहिया वाहन बिके :** धनतेरस पर बाइक, कार और व्यावसायिक वाहनों की अच्छी बिक्री हुई है। कुल 427 करोड़ का कारोबार हुआ। राज्यभर में 15,000 दो पहिया वाहन और 2,700 चार पहिया वाहनों की बिक्री हुई।

### मूर्ति और सजावट के सामान की खरीदारी हुई

मूर्ति और सजावट के सामान की खूब खरीदारी हुई। सबसे अधिक मिट्टी की मूर्तियों की मांग दिखी। इसकी कीमत 100 से 1500 रुपये के बीच है। वहीं घर सजाने के लिए शुभ लाभ और लक्ष्मी चरण के स्टीकर की बिक्री हुई। यह 10 से 50 रुपये की रेंज में बिकी। प्रवेश द्वार की साज-सज्जा के लिए लोगों ने वंदनवार और तोरण की भी जमकर खरीदारी की।

### 180 रुपये प्रति बोतल बिका करंज का तेल

धनतेरस बाजार में मिट्टी के दीया की भी जम कर बिक्री हुई। दीया 100 से 120 रुपये तक सैकड़ा के हिसाब से बिका। जहां एक बड़ा दीया की कीमत 10 रुपये रही, वहीं छोटा दीया 80 रुपये में 100 पीस के हिसाब से बिका। इधर, एक लीटर करंज तेल की कीमत 180 रुपये रही। हालांकि तेल की क्वालिटी के अनुसार यह 140-160 रुपये के हिसाब से भी बिकी। वहीं 50 रुपये में करंज तेल की छोटी बोतल की बिक्री हुई।

### आज दो घंटे ही जला सकेंगे पटाखे

रांची। राजधानी रांची सहित झारखंड में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने दीपावली में पटाखे जलाने को लेकर समय निर्धारित किया है। इसके लिए गाइडलाइन जारी की गयी हैं। गाइडलाइन के अनुसार दीपावली और गुरुपर्व के दिन रात आठ बजे से 10 बजे तक ही पटाखे जलाने की अनुमति है। साथ ही लोगों को कम आवाज (125 डीबीए से कम) वाले पटाखे जलाने को कहा गया है। छठ पूजा में सुबह छह से आठ बजे तक पटाखे फोड़े जा सकेंगे। इसके अलावा क्रिसमस और नये साल में मध्य रात्रि 11:55 से 12:30 बजे तक आप पटाखे फोड़ सकेंगे। झारखंड राज्य प्रदूषण पर्षद ने 1 दिसंबर, 2020 को कोर्ट की ओर जारी आदेश का हवाला देते हुए दिशा-निर्देश जारी किया है। दिशा-निर्देश का उल्लंघन करने वालों पर आइपीसी की धारा 188 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 31 (ए) और अन्य अधिनियमों के तहत उचित कार्रवाई की जायेगी।

### अग्निशमन विभाग मुस्तैद

रांची। दीपावली पर्व को लेकर किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। राजधानी के 24 स्थानों पर फायर फाइटर्स के साथ फायर ब्रिगेड वाहन तैनात किये गये हैं। फायर ब्रिगेड वाहनों के अलावा विभाग ने अपने हाइड्रोलिक प्लेटफार्म को भी तैयार रखा है। रांची के चार फायर स्टेशनों के अलावा कुल छह जगहों पर दमकल वाहन भेजे गये हैं, जो पूरी तरह तैयार हैं। आग बुझाने के लिए फोम सहित अन्य संसाधनों का भी इंतजाम विभाग की ओर से किया गया है। अग्निशमन मुख्यालय की ओर से सभी फायर स्टेशनों को 24 घंटे तैयार रहने का निर्देश दिया गया है।

### रिम्स का बर्न वार्ड अलर्ट

रांची। दीपावली के दिन लोग अपने-अपने घरों में दीप जलाते हैं। साथ ही पटाखे फोड़ते हैं। इस दौरान असावधानी की वजह से अगलगी और झुलसने की शिकायत मिलती हैं। पटाखा से जलने वालों का तत्काल इलाज किया जा सके, इसे लेकर रिम्स के बर्न वार्ड को अलर्ट पर रखा गया है। डॉक्टरों और स्टाफ की प्रतिनियुक्ति की गयी है। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने रविवार को बताया कि बर्न वार्ड में 18 बेड लगाये गये हैं, लेकिन दीपावली को देखते हुए अतिरिक्त बेड की भी व्यवस्था की गयी है। एहतियात के तौर पर बर्न वार्ड में अतिरिक्त डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जो 24 घंटे तैनात रहेंगे।

# रांची में मना भारत की जीत का जश्न, हुई आतिशबाजी





**अलबर्ट एक्का चौक पर जमा हुई हजारों की भीड़**

**राजधानी के दूसरे चौक-चौराहों पर जम कर थिरके लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिवाली की आखिरी मिनट की शॉपिंग और बाजार में मची धमाचौकड़ी रविवार को उस समय फीकी दिखने लगी, जब मेलबॉर्न में पाकिस्तान पर भारत की धमाकेदार जीत की कहानी लिखी जा रही थी। दोपहर बाद डेढ़ बजे से शुरू हुआ मैच शाम को जब खत्म हुआ, भीड़ सड़कों पर निकल आयी। शहर के व्यस्ततम अलबर्ट एक्का चौक पर तिरंगा लहराते लोग 'इंडिया-इंडिया' और 'हिप-हिप हुर्रे' जैसे नारे लगा रहे थे। कई नौजवान तो थिरक रहे थे। हाथों में तिरंगा और विराट कोहली का पोस्टर लिये नौजवानों की ऐसी ही भीड़ लगभग सभी चौक-चौराहों पर नजर आयी। हरमू, किशोरगंज, कोकर, बूटी मोड़, रातू रोड, हिनू और डोरंडा में भी भारत की जीत पर जम कर जश्न मनाया गया। आतिशबाजी भी खूब हुई। कई इलाकों में मिठाई बांटी गयी और भारत की जीत पर लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी।

अलबर्ट एक्का चौक पर लोगों के हुजूम के कारण थोड़ी देर के लिए यातायात थम गया। शहीद चौक और कचहरी रोड की तरफ से लोगों की अलग-अलग टोलियां लगातार यहां पहुंच रही थीं। इधर कोकर चौक पर भी युवकों ने जुलूस निकाला और भारत माता की जय के नारे लगाये।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। परीक्षा में सफलता मिलेगी।
- **वृष** — प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा। सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। धन लाभ होगा।
- **मिथुन** — बकाये रकम की प्राप्ति होगी। वस्त्र-आभूषण, धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।
- **कर्क** — महत्वकांक्षा पूरी होगी। नौकरी में बदलाव। गृह-भूमि-वाहन का सुख मिलेगा।
- **सिंह** — रोजी-रोजगार में सफलता। काम पूरा होगा। शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। वाहन खरीद का योग है।
- **कन्या** — महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। आर्थिक लाभ। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।
- **तुला** — मांगलिक कार्य होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग। नौकरी में तरक्की का संयोग।
- **वृश्चिक** — जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।
- **धनु** — महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी। विरोधियों पर विजय। मन प्रसन्न रहेगा।
- **मकर** — आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा। परिवार में सुख-शांति रहेगी।
- **कुंभ** — इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा। आवश्यक काम पूरा होगा। नयी जॉब मिलने की संभावना।
- **मीन** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी। बकाये रकम की प्राप्ति। रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# सीएनटी जमीन पर भी ऋण देगा झारखंड राज्य सहकारी बैंक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए अच्छी पहल की है। बैंक की ओर से अब सीएनटी जमीन पर भी ऋण मिल सकेगा। यह ऋण अधिकतम 20 लाख रुपये तक मिलेगा। यह ऋण वैसे शिक्षकों को दिया जा रहा है, जो एसटी या एससी कैटेगरी में हैं। साथ ही उनकी सैलरी बैंक में जा रही है। खास बात यह है कि ऋण को एक से दो दिनों के अंदर मंजूर किया जा रहा है। यही नहीं, लोन के पूर्व भुगतान पर कोई चार्ज भी नहीं लिया जायेगा। हालांकि, पूर्व भुगतान पर कई बैंक चार्ज लेते हैं।

**अन्य एसटी या एससी कैटेगरी से 100 फीसदी ली जायेगी सिक्यूरिटी :** बैंक के अधिकारियों ने कहा कि यह ऋण अन्य एससी या एसटी कैटेगरी को भी सीएनटी जमीन पर मिलेगा। हालांकि, ऐसे ग्राहकों से शत-प्रतिशत सिक्यूरिटी ली जायेगी। मतलब यह है कि जितना उन्हें ऋण दिया जा रहा है, उतनी राशि की सिक्योरिटी ली जायेगी। सिक्योरिटी के रूप में एफडी, एलआइसी, किसान विकास पत्र आदि लिया जायेगा।


# शिक्षा और संस्कार के प्रकाश से जीवन जगमगायेगा : सुषमा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दीपावली के शुभ अवसर पर मां द्रौपदी फाउंडेशन की निदेशक सुषमा शंकर ने हातमा और बांग्ला टोली, रांची के उन होनहार बच्चों के बीच शिक्षा और संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके साथ सार्थक दिवाली मनायी, जो बच्चे जीवन में अच्छा करना और अच्छा पाना तो चाहते हैं पर उचित मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग से वंचित होने के कारण नहीं कर पाते हैं। हर वर्ष की भांति सुषमा शंकर ने सभी बच्चों को हंस मार्ग कांके रोड में सादर आमंत्रित किया और मिठाइयों का वितरण किया।बड़ी संख्या बच्चों ने ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सुषमा शंकर द्वारा बतायी गयी शिक्षा और संस्कार के द्वारा अपने भविष्य को उज्जवल करने का संकल्प लिया। सुषमा शंकर ने बच्चों को यह भी समझाया कि अगर किसी सामाजिक और आर्थिक कारण से शिक्षा ग्रहण करने में दिक्कत आती है तो मां द्रौपदी फाउंडेशन ऐसे बच्चों को यथासंभव सहयोग करेगी। ज्ञान बढ़ाओ, अंधकार भगाओ नामक इस कार्यक्रम में इशिका, एलिना, रिशु, आर्य, नमिता, रौशन, रिया, अयांश आदि के साथ साथ सोमा उरांव, विवेक मिश्रा शांभवी, निहारिका ने हिस्सेदारी निभायी। गुरुग्रेसिया के डायरेक्टर शंकर कुमार ने भी बच्चों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


# दीपावली आज, सूर्य ग्रहण से पूर्व करें पूजा सामग्री विसर्जित

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** इस वर्ष सोमवार 24 अक्टूबर को दीपावली का त्योहार मनाया जायेगा। वहीं, 23 अक्टूबर को झारखंड में लोग छोटी दीपावली मना रहे हैं। पंडित रामदेव पांडेय ने बताया कि 24 अक्टूबर को शाम 5.4 बजे से अमावस्या प्रारंभ हो रहा है, जो अगले दिन 25 अक्टूबर तक शाम 4.35 बजे तक रहेगा। यानी माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा 24 अक्टूबर को होगी। हिंदू शास्त्रों के अनुसार माता लक्ष्मी का पूजन प्रदोषयुक्त अमावस्या को स्थिर लग्न और स्थिर नवमांश में ही करना चाहिए।

**दिवाकाल का उत्तम समय :** इस वर्ष दिवाकाल का श्रेष्ठ समय इस प्रकार से है। अमृत का चौघड़िया काल सुबह 6.35 बजे प्रारंभ होगा और सुबह 7.59 बजे समाप्त होगा। इसी तरह शुभ का चौघड़िया काल सुबह 9.23 बजे से शुरू होगा और सुबह 10.47 बजे तक रहेगा। वहीं, चर लाभ अमृत का चौघड़िया काल दोपहर 1.35 बजे प्रारंभ होगा और शाम 5.47 बजे तक रहेगर। इसी तरह अभिजीत मुहूर्त काल सुबह 11.48 बजे प्रारंभ होगा और दोपहर 12.33 बजे तक रहेगा। साथ ही प्रदोष लग्न काल शाम 5.48 बजे प्रारंभ होगा और रात 8.22 बजे समाप्त होगा।

**रात के समय शुभ काल :** दीपावली के दिन रात के समय शुभ काल की बात करें तो चर का चौघड़िया काल शाम 5.47 बजे प्रारंभ होगा और शाम 7.23 बजे समाप्त होगा। यदि लाभ के चौघड़िया काल की बात करें तो रात 10.35 बजे से यह प्रारंभ होने वाला है। यह रात 12.11 बजे समाप्त होगा। इसी तरह शुभ अमृत चर काल की बात करें तो रात 1.47 बजे से यह प्रारंभ होकर रात 4.14 बजे समाप्त होगा।

**पूजन सामग्री :** दीपावली के दिन अगर आप पूजा करने जा रहे हैं तो पूजा सामग्री में कुछ चीजों को नजरअंदाज नहीं करें। मसलन पूजा की थाली में कमल फूल, शंख, धनिया, गोमती चक्र, कच्चा सिंघाड़ा और कमलगट्टे तथा मोती का माला जरूर रखें। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार, पूजा की थाली में इन चीजों को शामिल करने से माता लक्ष्मी और भगवान गणेश काफी प्रसन्न होते हैं। इन चीजों के बिना पूजा संपन्न नहीं हो सकती है।

**लक्ष्मी पूजा का मंत्र :** दीपावली के दिन माता लक्ष्मी की पूजा का शुभ मुहूर्त संध्या 6.53 बजे प्रारंभ होगा। आप चाहें तो रात 8.16 बजे तक पूजा कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार, इस बार प्रदोष काल शाम 5.43 बजे से शाम 8.16 बजे तथा वृषभ काल शाम 6.53 बजे से रात 8.48 बजे तक रहेगा। माता लक्ष्मी की पूजा के लिए यह मंत्र याद कर लें- ॐ ह्रीं श्रीं लक्ष्मीभयो नमः ॥ ॐ श्रीं श्रीयै नमः ॥ ॐ ह्रीं श्रीं लक्ष्मीभ्यो नमः॥

**ग्रहण लगने से पहले पूजा सामग्री करें विसर्जित :** पंडित रामदेव पांडेय ने बताया कि इस बार दीपावली की पूजा के बाद पूजन सामग्री का विसर्जन किसी भी सूरत में हमें 25 अक्टूबर को सुबह 4.15 बजे से पूर्व कर लेना चाहिए। वजह- 25 अक्टूबर को सूर्यग्रह लग रहा है। यह ग्रहण काल सुबह 4.15 बजे शुरू हो रहा है। इस समय के बाद पूजन सामग्री का विसर्जन नहीं करना चाहिए। यह शुभ नहीं होता है।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में दीपोत्सव समारोह का आयोजन

# दीपावली अंदर की दरिद्रता समाप्त कर ज्ञान, गुण और शक्तियों की संपन्नता लाने का संदेश देती है : डॉ ओंकार नाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अलौकिक प्रकाश से संपन्न आत्माएं कभी किसी के मन को पीड़ा नहीं दे सकती है। जगत की सभी समस्याओं का मूल कारण आध्यात्मिक दरिद्रता है। दीपावली अंदर की दरिद्रता समाप्त करके ज्ञान, गुण और शक्तियों की संपन्नता लाने का संदेश देती है। ये बातें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ ओंकार नाथ पांडेय ने कहीं। वे ब्रह्माकुमारी संस्थान हरमू रोड, चौधरी बगान, हरित भवन के सामने, रांची में आयोजित दीपोत्सव समारोह में श्रीकृष्ण श्रीराधे और श्रीलक्ष्मी श्रीनारायण की चैतन्य झांकियों दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दीप प्रज्ज्वलित कर हम ज्ञानरत्न धन की कामना करते हैं, ताकि अज्ञान का तानस जिंदगी से चला जाये। जीवन में ज्ञान जागृति न होने से ही मनुष्य चोरी और गुनाह अंधेरे में नजर चुरा कर विकर्म करता है। मिथ्या समझ के कारण समाज में ये गलतियां हो रही हैं। ईश्वरीय ज्ञान का प्रकाश ही स्वच्छता और पारदर्शिता लायेगा।

कार्यक्रम में मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने कहा कि ईश्वरीय ज्ञान से जागृत आत्माओं के संपूर्ण प्रकाश में अत्याचार, शोषण व भ्रष्टाचार जैसी काली प्रवृत्तियां समाप्त हो जायेंगी। विश्व के कोने-कोने में शांति प्रेम व भाईचारे की भावनाएं जागृत होंगी। ईश्वरीय विश्व विद्यालय संपूर्ण पवित्रता का ऐसा प्रकाश स्तंभ है, जिसके प्रकाश से हर मानव अपने जीवन का अधंकार हटा सकता है। कार्यक्रम में नंदकिशोर पाटोदिया, अध्यक्ष अग्रवाल सभा ने कहा कि मनुष्य जब माया के शासन से स्वंतत्र हो जाता है। नया सतोयुगी शरीर रूनी वस्त्र धारण कर लेता है, तब सतयुग का शुभारंभ होता है, जिसकी खुशी में आज तक लोग दीपक जगाते और मिठाइयों से मुख मीठा करते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष शिव शंकर साबू ने कहा कि अब इस भारत भूमि को जगमग करने के लिए परम ज्योति निराकार परमात्मा का अवतरण हुआ है। सर्व अनिष्टों से निवृति उनसे योग लगा कर ही हो सकती है। कार्यक्रम में एसएस मेमोरियल कॉलेज के डॉ समर सिंह ने कहा कि आज से पांच हजार वर्ष पूर्व अति सुखकारी समय था। हर दिन खुशियों के दीपक जलते थे। भारत देश पूर्व की भांति अब फिर से शिरोमणि और जगतगुरू का स्थान प्राप्त करेगा और इसी भारत देश से ईश्वरीय अध्यात्म की दैदीप्यमान किरणें सम्पूर्ण भू-मंडल को प्रकाशित करेंगी। उन्होंने कहा कि श्री लक्ष्मी-श्री नारायण का संयुक्त रूप ही चतुर्भुज महालक्ष्मी है। सुमन सिंह पूर्व अध्यक्ष, इनर व्हील क्लब में कहा कि एक दिन उजाला रखने से तथा जाने से लक्ष्मी जी घर में धरती है, तो क्यों न सदा के लिए मन पवित्र रखें, जिससे श्री लक्ष्मी स्थायी रूप से इस पर पधारें।

विजयश्री साह, अध्यक्ष माहेश्वरी महिला सभा ने कहा कि वर्तमान समय का मानव धन-चैनव की लिप्सा में आत्मा के दिव्य तेज को नष्ट कर रहा है। ज्योति कुमारी, प्रवक्ता चैंबर ऑफ कामर्स ने कहा कि कगल पुष्प समान अनारा बन श्री लक्ष्मी का आह्वान करने की जगह हम मिट्टी के दीप जलाते रहते हैं। इसी कारण समाज की समृद्धि रूपी लक्ष्मों रूठ गयी है।

ब्रहमाकुमारी संस्थान की केंद्र संचालिका निर्मला बहन ने कहा कि आध्यात्मिक रूप से सशक्त नारी ही वर्तमान की दुर्गा और भविष्य की धन लगी है। माया ही नरकासुर है जिसने श्री लक्ष्मी को अपने पाश में आवद्ध किया था, तब ही परमात्मा शिव इस कलियुगी सृष्टि में अवतरित हुए तथ विकारों के कारागार में बंद हुई मनुष्य आत्माओं को ज्ञान और योग के साधन द्वारा मुक्त कराया है।

ब्रह्माकुमारी संस्थान के लिए दोपावली के दिन का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा इसकी स्थापना सन 1937 में दीपावली के दिन ही की गयी थी तथा यहां की मुख्य संचालिका दादी प्रकाशमणि का जन्म भी दीपावली के दिन हुआ था। समारोह में नरेंद्र अखोटिया, सामाजिक कार्यकर्ता अमरेंद्र विष्णुपुरी, ओमप्रकाश बैरा एवं अन्य सबने एक-एक दीप प्रज्ज्वलित कर आने वाले समय में भी आत्मदीप जागृत रखने का संकल्प एवं प्रण लिया।

# दीपों और विद्युतसज्जा से जगमगा रहा श्याम मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दीपावली के अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर रविवार से ही दीपक की लौ विद्युत सज्जा से जगमग जगमग कर रहा है। दीपावली महापर्व का अनुष्ठान सोमवार को प्रात से ही प्रारंभ हो जाएगा इसके लिए संपूर्ण मंदिर परिसर को स्वच्छ जल से साफ किया गया है। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि 18 मीटर की 251 बिजली की लड़ी से मंदिर का कोना कोना सजाया गया है। इस वर्ष प्रथम बार मंदिर परिसर में विषेश रंगोली सजावट की जाएगी। विद्युत सज्जा लाइट और रंगोली सजावट मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू की निगरानी में किया गया है। सभी सजावट को स्वच्छ करवा कर रोशनी की गयी है। संपूर्ण श्री श्याम मंदिर परिसर विद्युत सज्जा से जगमग जगमग कर रहा है।

नारसरिया ने बताया कि सोमवार को सुबह खाटू नरेश का दीपावली महान अनुष्ठान होगा। इस दौरान उन्हें नवीन वस्त्र पहनाये जायेंगे। सुगंधित इत्र से खाटू नरेश की मसाज की जायेगी । श्रृंगार आरती सुबह 8:30 बजे करके पंचमेवा का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद खाटू धाम की परंपरा अनुसार दीपावली के मुख्य समारोह की तैयारी की जायेगी। इसी दिन भगवान का महास्नान के बाद केसर तिलक का श्रृंगार भी किया जायेगा। वहीं कोलकाता बेंगलुरु से फूलों की आने वाली माला से खाटू नरेश का दिव्य मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा।

साईंकाल दीप मालिका के साथ बाबा के दर्शन हेतु खोल दिए जाएंगे। मंदिर में लड्डू का प्रसाद निर्मित किया जा रहा है। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि दीपावली को साईंकाल सभी भक्तगण बाबा के मंड की चौखट पर दीप मालिका यानी दीप जला सकते हैं। दीपक घी रुई की बत्ती श्री श्याम मंदिर में उपलब्ध रहेगी। मंड में दीप जलाने वाले भक्तों को स्नान करके शुद्ध होकर आना होगा। चमड़े की वस्तु लेकर मंड में प्रवेश वर्जित होगा। एक भक्त परिवार द्वारा सुबह व साईं कालीन नवीन वस्त्र श्रृंगार पंचमेवा की सेवा निवेदित की जाएगी। दीपावली उत्सव की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सरवागी ने सभी भक्तों को दीप मालिका के लिए आमंत्रित किया है। श्री श्याम मंदिर हरमू रोड सूर्य ग्रहण के कारण मंगलवार को बंद रहेगा। मंदिर के सहयोगी आचार्य अनूप दाधीच ने बताया कि सूर्य ग्रहण साईं 5:30 बजे समाप्त होने के बाद मंदिर की साफ सफाई होने के बाद खुलेगा। अनुमानित रात 8:00 बजे के बाद भगवान के दर्शन सर्व सुलभ होंगे। मंत्री गौरव अग्रवाल ने उक्त जानकारी में बताया कि सोमवार को देर रात मंदिर बंद होगा, जो मंगलवार को साईं काल के बाद खुलेगा।

# कुसई काली पूजा समिति कर रही भव्य काली पूजा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कुसाई काली पूजा समिति द्वारा 38वें काली पूजा उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष आकर्षक काल्पनिक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। यह पूरी तरह थीम पर आधारित है। पंडाल के अंदर आकर्षक कलाकृति स्थापित की गयी है। यहां लगभग एक सौ छोटे बड़े मूर्तियों की कलाकृति देखने को मिलेंगी। पूजा उत्सव के साथ साथ यहां भव्य मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें मीना बाजार के साथ ब्रेक डांस, टोरा टोरा, चांद तारा, यमराज का महल आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके साथ ही दर्शनार्थियों के लिए खाने के स्टाल की भी व्यवस्था की गयी है। पंडाल और मेला आयोजन स्थल पर चंदननगर द्वारा आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की गयी है। काली पूजा का आयोजन 24 से 27 तक किया जायेगा। वहीं 28 को भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही 25 तारीख को हलवा भोग, 26 तारीख को खिचड़ी भोग, 27 को खीर का भोग और 28 तारीख को महा भंडारे का आयोजन किया गया है। पंडाल का उद्घाटन 24 तारीख को रात्रि 8 बजे सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक नवीन जयसवाल मेयर आशा लकड़ा, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, सीमा शर्मा और भरत काशी की उपस्थिति में संपन्न होगा। पूजा के सफल आयोजन में अध्यक्ष जितेंद्र कुमार बबलू, अनिल सिन्हा, प्रियरंजन, विजय वर्मा, देवकांत कुमार, मणि भूषण, कौशल कुमार, गोलू वर्मा, पंकज श्रीवास्तव, ललन कुमार सहित सभी सदस्य अपना सहयोग दे रहे हैं।

## मां भवानी क्लब करेगा मां काली का भव्य पूजन

# 31 सौ महिलाओं के साथ होगी संध्या में गंगा आरती

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** मां भवानी क्लब, काली पूजा समिति, रॉक गार्डन, कांके रोड, रांची में कोरोना महामारी के बाद इस साल मां काली का भव्य पूजन किया जा रहा है। रविवार को समिति के अध्यक्ष बलराम सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मां भवानी क्लब 20 सालों से मां काली की पूजा का आयोजन कर रहा है। सबसे भव्य काली पूजा होती है। इसके 110 सदस्य मां भवानी क्लब के द्वारा आयोजित पूजा को सफल कराने में लगे हुए हैं। इसका मुख्य आकर्षण भव्य पंडाल, लाइटिंग, एफिल टावर, चलंत मूर्ति है। 25 अक्टूबर को शाम 6 बजे पंडाल का उद्घाटन दीपक प्रकाश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करेंगे।

उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर 31 सौ महिलाओं के द्वारा संध्या में गंगा महाआरती का कार्यक्रम एवं भोग वितरण होगा। इसके मुख्य अतिथि भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी होंगे। 27 अक्टूबर को पूजा पूजा पंडाल में चलंत प्रतिमा का प्रदर्शन किया जायेगा। 28 अक्टूबर को 3 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। विसर्जन शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण छह तरह की बैंड पार्टी और हजारों लोगों के द्वारा निकाली जायेगी। इस मौके पर विश्वजीत कुमार सिंह उपाध्यक्ष, राम लगन राम, उमेश सिंह सचिव, लालू मिंज उप सचिव, राकेश पांडे उपाध्यक्ष, रविंद्र चौबे उपाध्यक्ष, नागेंद्र यादव उपाध्यक्ष, विकास रवि उपाध्यक्ष, महेश सिंह कोषाध्यक्ष और अरविंद प्रसाद गुप्ता सह कोषाध्यक्ष मौजूद थे।

# 26 की बजाय 27 अक्टूबर को अवकाश घोषित करे सरकार : डॉ प्रणव कुमार बब्बू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची रेवोल्ट जनमंच के संयोजक एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.प्रणव कुमार बब्बू ने मुख्यमंत्री हेमंत हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मांग की है कि झारखंड सरकार 26 अक्टूबर की बजाय 27 अक्टूबर को अवकाश घोषित करे जिससे यह अवकाश सार्थक हो। उन्होंने कहा कि चित्रगुप्त पूजा, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज के उपलक्ष्य में राज्य सरकार के द्वारा अवकाश की घोषणा की गयी है जो 26 अक्टूबर को है, जबकि वास्तव में इन सभी प्रमुख त्योहारों को 27 अक्टूबर को मनाया जाना है।

डॉ बब्बू ने कहा कि यह अवकाश तभी सार्थक हो सकता है जबकि राज्य सरकार उसे 26 अक्टूबर की बजाय 27 अक्टूबर को घोषित करे। मुख्यमंत्री श्री सोरेन को लिखे अपने पत्र में डॉ बब्बू ने कहा कि, भगवान चित्रगुप्त पूजा, भैया दूज एवं गोवर्धन पूजा के साथ राज्य की अच्छी-खासी आबादी की आस्था एवं भावना जुड़ी है और इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि राज्य के मिशन स्कूलों सहित सभी विद्यालयों में 27 अक्टूबर को अवकाश घोषित करने के संदर्भ में राज्य सरकार अस्पष्ट रुप से निर्देश जारी करे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बगोदर में हो रही थी अवैध वसूली : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान गिरिडीह के बगोदर से वसूली का मामला सामने आया था। अब इस मामले ने राज्य में सियासत गरमा दी है। इस मामले को लेकर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट किया है। उन्होंने अपने ट्वीट लिखा है कि झारखंड में दलाल और बिचौलिया संस्कृति किस कदर हावी है, इसका नजारा बगोदर के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में देखने को मिला, जहां ऑनलाइन राशन कार्ड के नाम पर गरीब महिलाओं से 50 से 150 रुपये की वसूली की गयी। जहां लोग समस्या के समाधान के लिए जायें और वे ही समस्याग्रस्त हों, तो इसकी शिकायत कहां करें?

**भ्रष्टाचार की नींव राज्य के कर्मचारियों अधिकारियों में व्याप्त :** एक अन्य ट्वीट में बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि भ्रष्टाचार की नींव किस कदर राज्य के कर्मचारियों अधिकारियों में व्याप्त है, यह खबर इसका जीवंत उदाहरण है। खैर जब राज्य में सत्ता में बैठे लोग ही अपराध, भ्रष्टाचार और अवैध रूप से लूटने में जुटे हों, तो सबसे निचले पायदान के कर्मचारी क्यों पीछे रहें?

**क्या है मामला :** बता दें कि बगोदर में लगे इस कैंप के पीछे 500 और 150 की वसूली हो रही थी। कुछ बिचौलिए राशन कार्ड के आवेदन को लैपटॉप के जरिये ऑनलाइन करने के लिए वसूली कर रहे थे। वसूली का यह मामला प्रमुख और उप प्रमुख तक पहुंचा। तब उन्होंने वसूली में शामिल युवकों को जम कर फटकार लगायी। युवकों पर दबाव बनाया गया और लाभुकों को पैसा वापस कराया गया। इस दौरान कुछ बिचौलिया भागने में सफल रहे। लोगों ने इस तरह की करतूत में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद अधिकारी भी इस मामले को लेकर सक्रिय हो गये हैं। साथ ही अधिकारियों ने लोगों से किसी बिचौलियों के चक्कर में नहीं पड़ने की भी अपील की है।

# अडाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 60 मरीजों को लिया गोद, बांटे गये पोषण किट

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** हजारीबाग जिले की गोंदलपुरा कोल परियोजना के तहत अडाणी फाउंडेशन ने टीबी के 60 इलाजरत मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया। इस किट में हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, दाल, चना, गुड़, मूंग और सरसों तेल शामिल थे। ये सभी मरीज आर्थिक रूप से कमजोर थे, जिन्हें अडाणी फॉउंडेशन ने अगले छह महीनों के लिए गोद लिया है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद ने अडाणी फाउंडेशन के इस प्रयास को बेहद सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो से तीन दिनों के अंदर अडाणी फाउंडेशन ने इस कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूरी कर लीं, जिसकी जितनी तारीफ की जाये कम है। प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों के लिए इस प्रकार के पोषण शिविर के आयोजन से मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मौजूद हजारीबाग के जिला टीबी कार्यक्रम समन्वयक टीपू सुल्तान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसे पूरा करने में ऐसी कोशिशें रंग लायेंगी। अडाणी फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के बाद आने वाले दिनों में इस इलाके में काम करने वाली और भी कंपनियां टीबी मरीजों के लिए आगे आयेंगी। फॉउंडेशन का यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के जनरल मैनेजर धर्मेंद्र दुबे ने कहा कि अडाणी फाउंडेशन की ओर से ऐसे जनकल्याण कार्य करते रहने की कोशिश जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि इन सभी 60 मरीजों को फॉउंडेशन ने छह महीने के लिए गोद लिया है, जिन्हें पोषण किट मुहैया करायी जाती रहेगी।

# सोहराई पर्व के रंग में सराबोर हुआ रामगढ़ कई राज्यों के कलाकार हुए शामिल

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** हजारों मांदर, ढोल और चांचर जब एक साथ बज उठे तो पूरा रामगढ़ शहर सोहराय के रंग में सराबोर हो गया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर कलाकार इस तरह झूमे मानो प्रकृति उन्हें अपना आशीर्वाद दे रही हो। रविवार को बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के तत्वधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 'सोहराई चांचइर आर बरदखूंटा' कार्यक्रम में सोहराई के रंग में रामगढ़ सराबोर दिखा। कार्यक्रम में झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल और ओडिशा के हजारों लोगों अपने-अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ कला-संस्कृति प्रेमियों के जत्थे के साथ सुबह 11 बजे शहर के बाजार टांड़ स्थित सिद्धू कान्हू मैदान से शुरू हो कर चट्टी बाजार, झंडा चौक, गांधी चौक, सुभाष चौक, ब्लॉक चौक होते हुए रामगढ़ कॉलेज पहुंची। जहां बरदखूंटा का आयोजन हुआ। इसके बाद पूरा कॉलेज परिसर अहीरा गीत से गुंजयमान हो उठा। इस दौरान झारखंड, ओडिशा और बंगाल के लोक कलाकारों ने चांचइर, अहीरा और झूमर गीतों के साथ मांदर, धमसा, ढोल के थापों से रामगढ़ कॉलेज ही नहीं वरन पूरे रामगढ़ को ही झंकृत कर दिया। इस प्रकार का पहला और ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच ने धन्यवाद दिया।



## झारखंड की संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है उद्देश्य : ओमप्रकाश

बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के सदस्य ओम प्रकाश महतो ने कहा कि इस तरह का आयोजन इस बृहद झारखंड में पहला, अनूठा और ऐतिहासिक है। हमारा उद्देश्य है कि झारखंड की संस्कृति को एक नए सिरे उठाना और जीवित करना ही नहीं है। वरन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पे पहचान भी दिलाना है। कहा कि पिछले वर्ष सोहराई पेंटिंग को जीआई टैग भी मिल चुका है। अब हमारा भी कर्तव्य बनता है कि इसे भव्य ही नहीं अपितु भव्यतम रूप दें और विश्व पटल के सामने रखे और इसी क्रम में आज ये भव्यतम रूप रामगढ़ की धरती से पूरे देश ने देखा।

## युवा वर्ग को सिर्फ राह दिखाने भर की देर है : द्वारिका

मौके पर अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद महतो ने कहा कि हमारे झारखंड जैसी गौरवपूर्ण कला संस्कृति जो कहीं न कहीं आधुनिकता के चपेट में आ कर खोती सी जा रही थी और युवा वर्ग इनसे दूर होते जा रहे थे। उनको सुरक्षित और संरक्षित रखने के क्रम में हमने इस प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित करने की सोची। कहा कि प्रथम आयोजन में ही हमने देखा कि युवा वर्ग को बस राह दिखाने भर की देरी है, युवा इसे उच्चतर स्तर पे स्वयं ले जाएंगे।

## युवा जगेगा तो संस्कृति भी अपनी बुलंदियों को छुएगी : संतोष

संतोष महतो टिडुआर ने कहा कि हमारा ये प्रयास और आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी जो धीरे-धीरे अपनी कला, संस्कृति, परंपरा और सभ्यता से दूर होते जा रही है। उनमें अपनी इन गौरवपूर्ण संस्कृति का संचार करना है। इस कार्यक्रम में हमने देखा कि सबसे ज्यादा युवा वर्ग ही बढ़ चढ़ के हिस्सा लिए। कला, संस्कृति और परंपरा का आधार जहां बूढ़े-बुजुर्ग है तो उस आधार पे इमारत बनाने के वाहक हमारे युवा हैं, और यदि युवा ही इससे कट गए तो कला, संस्कृति और परंपरा की चमचमाती इमारत कभी नहीं बन सकती। अतः युवा जगेगा तो संस्कृति भी अपनी बुलंदियों को छुवेगा। आज रामगढ़ में ये हुआ कल बृहद झारखंड के कोने-कोने में हमारी संस्कृति दुनिया के सामने एक नई आयाम लिए खड़ी दिखेगी।

**ये थे शामिल :** सुरेश महतो, महेश निगम, पवन महतो, अनिकेत महतो, देवानंद महतो, हेमलाल महतो, मिथलेश महतो, अनिल पटेल, उमेश महतो, रामबृक्ष महतो, मुनीनाथ महतो, आशा महतो, संतोष महतो, अर्चना महतो, चिंतामणी पटेल, गिरिशंकर महतो, देवधारी महतो, रमेश महतो, जगेश्वर महतो नागवंशी, घनश्याम महतो, मिथिलेश महतो शामिल थे।

# सांसद महुआ मांझी ने किया पोताला मार्केट का उद्घाटन



**रांची (आजाद सिपाही )।** हरिओम टावर के पास लगने वाले पोताला मार्केट का उद्घाटन रविवार को जेएमएम नेत्री और राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने किया। इस मौके पर विश्व शांति के लिए दलाई लामा के लंबे जीवन की कामना की गयी। पोटला मार्केट हरिओम टावर के पास हर वर्ष लगाया जाता है। यहां भारी संख्या में तिब्बत से लोग यहां आते हैं। इस मार्केट में ऊनी वस्त्र बेचे जाते हैं।

# आर्मी पब्लिक स्कूल रांची में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल रांची में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र छात्राओं ने अपनी सोच से परे और दिवाली को ध्यान रखते हुए एक संदेश लेकर विभिन्न प्रकार के रंगोली बनाया। इसमें नारी शक्ति और भारतीय सभ्यता को भी दर्शाया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के कोऑर्डिनेटर मोहम्मद साबिर हुसैन और भावना कुमार का सहयोग रहा। निर्णायक मंडली में वॉइस प्रिंसिपल कविता वर्मा, भावना कुमार तथा साबिर हुसैन शामिल थे। प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने बच्चों को दिवाली की शुभकामनाएं दी।

# सीआरपीएफ आइजी पहुंचे चतरा, नक्सल गतिविधियों पर अधिकारियों संग की बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक अमित कुमार नक्सल गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने को लेकर चतरा पहुंचे। मौके पर पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन मौजूद थे। इस दौरान आईजी जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र में स्थापित केडिमोह नामक स्थान पर बनाए गए नए कैंप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईजी ने कैंप में प्रतिनियुक्त जिला पुलिस व सीआरपीएफ के पदाधिकारियों एवं कर्मियों से मिलकर उनका हाल चाल लेते हुए वर्तमान स्थिति से अगवत हुए। इस दौरान आईजी ने जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए कई आवश्यक जानकारियां व टिप्स देते हुए ब्रीफिंग की। उसके बाद नक्सल गतिविधियों पर समीक्षा करते हुए पूर्णतः अंकुश लगाने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। उसके बाद आईजी सीमावर्ती ग्रामों में चलाए जा रहे सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों के बीच आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया। मौके पर सीआरपीएफ 190वी बटालियन के समादेष्टा मनोज कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी मो. यासीर बाती, सहायक समादेष्टा अजित कुमार, परिवारी प्रवर पुलिस केंद्र विकास कुमार सिंह, हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार, वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी गुलाम सरवर समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एक्वा वर्ल्ड में दीपावली की पूर्व संध्या पर चकरक सिंह मेमोरियल बंपर इनामी प्रतियोगिता का आयोजन

# शमशाद अंसारी ने जीती बजाज प्लैटिना मोटरसाइकिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में रविवार को दीपावली की पूर्व संध्या पर कैंपस का साल का सबसे बड़ा इनामी प्रतियोगिता चकरक सिंह मेमोरियल 'छप्पर फाड़ के' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड को दुल्हन की तरह सजाया गया था। इस अवसर पर आकर्षक आतिशबाजी की भी व्यवस्था की गयी थी। कार्यक्रम के शुरुआत में स्वर्गीय चकरक सिंह जी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई है। बंपर इनामी प्रतियोगिता में किस्मत ने शमशाद अंसारी का साथ दिया और उन्होंने बंपर प्राइज के रूप में बजाज प्लैटिना मोटरसाइकिल को जीता। यह पुरस्कार उन्हें विशिष्ट अतिथि समाजसेवी तारा झा ने दिया। दूसरा बंपर पुरस्कार के रूप में एक शानदार सोफा सेट एमआइ अंसारी ने जीता, जबकि तीसरा बंपर पुरस्कार के रूप में 190 लीटर का फ्रिज संजय रंजन ने जीता। इस अवसर पर ढेर सारे अन्य पुरस्कारों का वितरण हुआ। अन्य विजेता- वाशिंग मशीन - नसीम अख्तर, एलईडी टीवी - अजित सोनी, माइक्रोवेव ओवन - कमल गिरी, मिक्सी- डॉली कौर, एलेक्सा - उज्ज्वल,नवल, स्मार्ट वॉच - सुल्तान, प्रतीक। इस अवसर पर स्वर्गीय चकरख सिंह के परिजनों के अतिरिक्त डॉ विद्या झा, सत्य प्रकाश चंदेल, अहसन अली, धीरज कुमार, गौरव अग्रवाल, रवि आदि उपस्थित थे।

# 54वां श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ओमप्रकाश छावनिका के सौजन्य से धनतेरस, छोटी दीपावली एवं दीपावली के अवसर पर 54वां श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें 1300 से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पुनदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में संस्था के सदस्य ओमप्रकाश छावनिका एवं उनके परिवार के सौजन्य से अपने माता पिता स्व. जगदीश प्रसाद, शांती देवी छावनीका एव अपने पूर्वजों की स्मृति में श्रीकृष्ण प्रणामी संस्था के सह-संरक्षक बंसत कुमार गौतम, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी द्वारा श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया।

संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) एवं गुरु महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहां उपस्थित महिला और पुरुष श्रद्धालुओं को चंदन टीका कर के भजन संकीर्तन कर मंदिर में उपस्थित ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। भंडारे में संस्था ने पूड़ी, वेजिटेबल पुलाव, आलू टमाटर की सब्जी और खीर का वितरण किया।

प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा कार्य में विशेष रूप से कृष्ण प्रणामी के सह-संरक्षक बसंत कुमार गौतम, अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, राज जालान, विष्णु सोनी, सुरेश भगत, शंकरलाल मोदी, प्रदीप पोद्दार, मनीष सोनी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार, धीरज कुमार गुप्ता, चंद्रदीप साहू, परमेश्वर साहू, महिला समिति की संतोष देवी उपस्थित थीं। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजब अग्रवाल) ने दी।

# काशी के पंडितों संग 1101 महिलाएं करेंगी मां काली की आरती

## आओ महा आरती की थाल सजायें, नारी शक्ति के सम्मान में शीश झुकायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** काली पूजा स्वागत समिति हरमू रोड रांची द्वारा आयोजित 34 वें श्री काली पूजन उत्सव की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। इस विषय में जानकारी देते हुए समिति के संस्थापक अध्यक्ष प्रेम वर्मा ने बताया कि 24 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक इस वर्ष मां काली की पूजा का आयोजन किया जा रहा है। 24 अक्टूबर सोमवार को रात्रि 8:00 बजे से पूजा प्रांगण में मां काली की पूजा प्रारंभ होगी। 25 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 4 बजे से संध्या 6 बजे तक सूर्य ग्रहण का सूतक प्रभावी रहने के कारण श्रद्धालुओं को माता का दर्शन निषेध रहेगा। 26 अक्टूबर बुधवार को प्रातः 9:00 बजे नित्य पूजन किया जायेगा। 27 अक्टूबर गुरुवार को संध्या 5 बजे से माता की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी । प्रतिमा विसर्जन नगर भ्रमण के पश्चात स्थानीय बड़ा तालाब में की जायेगी। 25 अक्टूबर मंगलवार को 1101 महिलाओं द्वारा माता की महा आरती संध्या 7:15 से की जाएगी । इस भव्य आयोजन में महिलाएं लाल पीला बंधेज साड़ी धारण कर महा आरती में शामिल होंगी । इस मौके के लिए सूरत गुजरात से विशेष तौर पर साड़ियां तैयार करवा कर मंगवाई गई हैं । महा आरती में माता की आरती उतारने हेतु काशी बनारस से पांच ब्राह्मणों की टोली विशेष रूप से आमंत्रित की गई है । बनारस की प्रसिद्ध गंगा आरती के तर्ज पर उक्त ब्राह्मणों द्वारा माता की आरती की जायेगी। महा आरती का संकल्प इस वर्ष आओ महा आरती की थाल सजाएं नारी शक्ति के सम्मान में शीश झुकायें के साथ करने का निर्णय समिति ने लिया है। 26 अक्टूबर बुधवार को माता का महा भोग भंडारे का आयोजन किया गया है। हजारों की संख्या में माता के भक्त महा भोग प्रसाद ग्रहण कर सकें ऐसी व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ महा भोग प्रसाद घर-घर वितरण करने की भी व्यवस्था की गई है। आयोजन के निमित्त 10,000 पंपलेट घर-घर वितरण करके माता भक्तों को आमंत्रित किया गया है। 27 अक्टूबर गुरुवार को संध्या 5:00 बजे से विराट विसर्जन शोभायात्रा निकाली जायेगी। समिति के सदस्य और पदाधिकारी मां काली की प्रतिमा को पालकी में विराजमान करा कर अपने कंधे पर लेकर चलेंगे और नगर भ्रमण करेंगे। पूरे आयोजन को सफल बनाने में वार्ड पार्षद ओमप्रकाश, मुकेश मुक्ता, सचिव अनिल माथुर, रवि प्रकाश, पप्पू वर्मा, सच्चिदानंद सोनी, अजय जयसवाल, दिनेश प्रजापति, सत्यम वर्मा, उमेश वर्मा, सनी वर्मा, प्रतीक वर्मा, मनीष वर्मा सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# एसवीएम पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** दीपावली को ले सुंदरनगर स्थित एसवीएम पब्लिक स्कूल में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता सह दीपोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटुस ने किया। मौके पर धनंजय कुमार पुटुस ने बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली की सराहना करते हुए कहा कि यहां के बच्चे प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। विद्यालय के उप प्रधानाध्यापक हर्ष शर्मा उर्फ प्रेम ने दीपावली का महत्व बताते हुए बच्चों से कहा कि दीपावली पुरे हर्षोल्लास के साथ मनाएं और सावधानी के साथ पटाखे जलाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। श्री शर्मा ने कहा कि हमारे विद्यालय में उच्च शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दिए जाते हैं। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यक्ष शंभु शर्मा, सचिव इंदू शर्मा, उप प्रधानाध्यापक प्रेम शर्मा, विद्यालय के प्रबंधक सह सलाहकार गुरेंद्र सिंह, अविनाश कुमार पाण्डेय, हेमंत वर्मा, अंजलि सिंह, नंदिनी वर्मा, मधुसागर, कलावती देवी, लिलावती देवी, कुसुम कुमारी, पलविंदर कौर सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन, कहा निरंतर जारी रहेगा सेवाभाव



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** धनतेरस और दीपावली के पावन अवसर पर राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को भी भुरकुंडा साप्ताहिक बाजार में दूर दराज पहाड़ी क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आये गरीब-असहाय महिला-पुरूषों व बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा धर्म व कर्म का काम है। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों से सबों के सहयोग से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा से आत्म संतुष्टि के साथ आत्मतृप्ति भी मिलती है। उन्होंने सबों को ऐसे नेक कार्यों में हर संभव सहयोग करने की बात कही। मालूम हो कि राष्ट्रीय सेवा मंच पिछले 7 वर्षों से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में गरीबों को भोजन करता आ रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, झामुमो नेता मुकेश राउत, उमाशंकर जायसवाल, अशोक झा, कपिल राम, कन्हैया कुमार, लखन राम, डॉ जयश्री मेहता, लालू उरावं आदि का विशेष योगदान रहा।

# संस्कार पब्लिक स्कूल में मना दीपोत्सव कार्यक्रम



**कुजू (आजाद सिपाही)।** संस्कार पब्लिक स्कूल बोंगावार मोड़(सांडी) में दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन प्रमुख अयोध्या वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने दीप को सजाना एवं रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे राम, लक्ष्मण व सीता और हनुमान के रूप में छात्र - छात्राओं ने आकर्षक वेशभूषा के साथ स्कूल में दीप उत्सव कार्यक्रम कर राम दरबार मंच की प्रस्तुति की। इस अवसर पर स्कूल संस्थापक अमित कुमार वर्मा द्वारा दिवाली की विशेषता बताई गई। वही, विद्यालय प्रबंधन प्रमुख डॉ अशोक कुमार ने कहा इन कार्यक्रमों से बच्चों में संस्कृति एवं संस्कार दोनों का विकास होता है। विद्यालय प्राचार्य अंजली पांडेय ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया व प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रकाश रंजन, दिव्या, राहुल, रितिका, चंचला, सपना, माला,आरती, साक्षी समेत शिक्षक गण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डुमरबेड़ा में हाथी के पांव निशान मिलने से क्षेत्र में दहशत



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के आरा- डूमरबेड़ा के चीरू नाला व आसपास के क्षेत्रों में हाथी के पांव के निशान मिलने से ग्रामवासियों में दहशत का माहौल है। इधर, वन विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को सुरक्षित रहने की सलाह दी। बताया जाता है कि नाला व आसपास के क्षेत्रों में हाथियों के झुंड से भटका हुआ एक हाथी खेत खलियान में लगे फसलों को बर्बाद कर दिया है। इधर, क्षेत्र में हाथी के आने और अनहोनी की आशंका को लेकर ग्राम वासियों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है। विभाग के रेंजर केदार राम ने खेत में पांव के निशान की पुष्टि कर हाथी गुजरने की बात कही। वही, लोगों को लाउडस्पीकर के माध्यम से घर में रहने की अपील की। जरूरत पड़ने पर अकेले ना निकलने और हाथी देखे जाने पर तुरंत सूचना देने की बात कही।

# नवोदय सेवा केंद्र का प्रधान कार्यालय खुला




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची जिला में वृंदावन नगर कृष्णा कॉटेज में नवोदय सेवा केंद्र का प्रधान कार्यालय का उद्घाटन हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भरत कांशी हटिया विधानसभा प्रभारी (आजसू ) और राजेश शर्मा शरीक हुए। नवोदय सेवा केंद्र नवोदय स्वयंसेवी संगठन का एक भाग है। जिसके तहत संपूर्ण झारखंड के जिलों में नवोदय सेवा केंद्र चलाया का रहा है। नवोदय सेवा केंद्र के सचिव मदन महतो ने बताया कि नवोदय सेवा केंद्र में सभी तरह के समस्याओं का निदान किया जाएगा। नवोदय संगठन ने लगभग एक लाख नवोदय सेवा केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है। इस मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र करम सिंह मुंडा, राजीव चौरसिया, आभाष नाथ, रितेश पोद्दार, उदित कुमार, पंकज कुमार पटेल, नीरज तिवारी, अजय कुमार, सूरज कुमार ,जितेंद्र कुमार अनंत जीवन टोप्पो, रणधीर चौधरी, जुगुन मुंडा सहित अन्य मौजूद थे।

# शक्ति क्लब काली पूजा कमेटी ने दिया निमंत्रण



**रांची (आजाद सिपाही)।** शक्ति क्लब काली पूजा कमिटी का प्रतिनिधिमंडल वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल से मुलाकात किया। प्रतिनिधिमंडल में अरविंदर सिंह खुराना, रौशन शर्मा, आशुतोष गिरी एवं सोनू मिश्रा थे। प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्य अतिथि के तौर पर पंडाल अनावरण के लिए आमंत्रण दिया। मौके पर वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा कि, ऐसे आयोजन से पूरा शहर भक्तिमय हो जाता है, उन्होंने कहा कि पूजा और धार्मिक चीजें भी हमे नेक वातावरण तैयार करने की प्रेणना देती है। अरविंदर सिंह खुराना ने कहा कि वरीय आरक्षी अधीक्षक शहर के युवाओं के प्रेणना है, उनके हाथों पंडाल का अनावरण समाज को एक अलग संदेश जायेगा।

# जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र का आधार

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही जहां राजनीतिक पार्टियां सक्रिय होने लग पड़ी हैं, वहीं उन्होंने मतदाताओं की नब्ज को टटोलने का काम भी शुरू कर दिया है, लेकिन इन चुनावों में मतदाताओं के लिए जागरूक होना जरूरी है, ताकि विधानसभा के इस उत्सव में सही नेता का चुनाव कर सकें। अगर मतदाता जागरूक नहीं होंगे तो अपने नेता का सही चुनाव भी नहीं कर पायेंगे, इसलिए आने वाले विधानसभा चुनावों में सही नेता का चुनाव करना होगा तभी लोकतंत्र की स्थापना हो सकती है और नेताओं को भी चाहिए कि चुनावों के दृष्टिगत ही मतदाताओं को अपना भगवान न मानें, बल्कि चुने जाने के पश्चात 5 वर्षों तक उनको अपना भगवान मानें तभी एक स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना हो सकती है। इसलिए मतदाताओं को भी चाहिए कि वह किसी प्रकार के लालच में न आकर अपने कीमती वोट का निर्भीक एवं निडर होकर इस्तेमाल करें। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां की सरकार प्रत्येक 5 वर्ष के उपरांत चुनावों के माध्यम से चुनी जाती है। प्रदेश के नागरिक इस चुनाव प्रक्रिया में प्रत्यक्ष तौर पर भाग लेते हैं। भारत के संविधान के अंतर्गत देश-प्रदेश में नियमित स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव आयोजित करवाने का अधिकार निर्वाचन आयोग के पास है। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों का बिगुल बजा है और यह चुनाव 12 नवंबर को होने जा रहे हैं और 8 दिसंबर को नयी विधानसभा के लिए प्रत्याशी जनता द्वारा चुन लिये जायेंगे। इस बार 14वीं विधानसभा के चुनावों के लिए 5574793 मतदाता हैं, जिनमें 28 लाख 46 हजार 201 पुरुष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 27 लाख 88 हजार 556 है और इन विधानसभा के चुनावों में 43175 ऐसे मतदाता हैं, जिन्होंने हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूर्ण की है। इसी तरह 56 हजार से अधिक दिव्यांग मतदाता इस बार अपने वोट का प्रयोग करेंगे और इन चुनावों में लगभग 1189 ऐसे मतदाता हैं, जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक हो चुकी है। इन विधानसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिला से संबंध रखने वाले 105 वर्षीय श्याम शरण नेगी भी अपने मतदान का प्रयोग करेंगे जो इस क्षेत्र से पहले मतदाता हैं। भारत में चुनाव को अक्सर शासन के प्रति लोकतांत्रिक दृष्टिकोण के साथ-साथ संवैधानिक रूप से संचालित समाज के महत्व के उत्सव के रूप में देखा जाता है। भारतीय चुनाव आयोग ने यह फैसला लिया है कि हिमाचल में नामांकन के अंतिम दिन तक युवा वोट बना सकेंगे। प्रदेश में 17 से 25 अक्टूबर तक नामांकन करने की तिथि घोषित की गयी है। ऐसे में जो युवा 17 वर्ष के हैं और 25 अक्टूबर तक 18 वर्ष के हो जायेंगे, उन्हें अपना वोट बनाने का अधिकार होगा। चुनाव आयोग ने नये मतदाताओं के लिए इस बार वेलकम किट देने का फैसला लिया है।

**हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों का बिगुल बजा है और यह चुनाव 12 नवंबर को होने जा रहे हैं और 8 दिसंबर को नयी विधानसभा के लिए प्रत्याशी जनता द्वारा चुन लिये जायेंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अयूब ने पाकिस्तान में सैन्य शासन का स्वर स्थापित करने के बाद दुर्भाग्य से इसी प्रवृत्ति को पकड़े रखा और बाद के वर्षों में पाकिस्तान ने जनरल याहिया खान, जनरल जिया-उल-हक (संयोग से फिर से 11 वर्ष) और जनरल परवेज मुशर्रफ के सैन्य शासनकाल को देखा। इन सभी जनरलों ने पाकिस्तान को एक उल्लेखनीय प्रतिगामी देश बना दिया। 1971 में फिर से पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्ध को देखा।**

# सुर्खियों में क्यों रहते हैं जनरल बाजवा

शांतनु मुखर्जी

अपने अस्तित्व के 75 वर्षों में पाकिस्तान हमेशा अपने जनरलों के वर्चस्व के कारण सुर्खियों में रहा है। पाकिस्तान बनने के 11 वर्षों के भीतर देश को जनरल (बाद में फील्ड मार्शल) अयूब खान द्वारा आयोजित एक सैन्य तख्तापलट से हिला दिया गया। उसने कठोर तरीके से निर्बाध रूप से शासन किया। अयूब खान के लंबे कार्यकाल ने देश के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना के सपनों की लोकतांत्रिक संस्थाओं को ध्वस्त कर दिया। दुर्भाग्य से लोकतंत्र के सिद्धांतों के लिए वे जड़ें मजबूत करने में विफल रहे और जिन्ना द्वारा रखी गयी नींव को खाकी वर्दी और छावनी ने कमजोर कर दिया। अयूब के सैन्य शासन के तहत भारत को 1965 में सैन्य आक्रमण का सामना करना पड़ा, जिसके दूरगामी परिणाम निकले।

अयूब ने पाकिस्तान में सैन्य शासन का स्वर स्थापित करने के बाद दुर्भाग्य से इसी प्रवृत्ति को पकड़े रखा और बाद के वर्षों में पाकिस्तान ने जनरल याहिया खान, जनरल जिया-उल-हक (संयोग से फिर से 11 वर्ष) और जनरल परवेज मुशर्रफ के सैन्य शासनकाल को देखा। इन सभी जनरलों ने पाकिस्तान को एक उल्लेखनीय प्रतिगामी देश बना दिया। 1971 में फिर से पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्ध को देखा। महत्वपूर्ण रूप से पाकिस्तान को एक अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा। यह हार इतनी महंगी साबित हुई कि पाकिस्तान ने अपना पूर्वी हिस्सा तक खो दिया और एक नया जीवंत बंगलादेश अस्तित्व में आया। यह संक्षिप्त प्रस्तावना आवश्यक और प्रासंगिक भी है, क्योंकि जनरल परवेज मुर्शरफ के जाने के बाद एक शांत और लोकप्रिय निर्वाचित सरकारें देश चला रही थीं। हालांकि उन्हें सेना द्वारा संरक्षण दिया गया था जो हमेशा ही नागरिक शासन के पीछे थी। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके कार्यकाल की समाप्ति से बहुत पहले ही बहाल कर दिया गया। यह अनुमान लगाया जाता है कि इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आइएसआइ) के प्रमुख की नियुक्ति के विकल्प को लेकर उनका अपने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के साथ मतभेद पैदा हो गया था। इन परिस्थितियों में हम देखते हैं कि सेना की स्थापना और नागरिक सरकार के बीच अलग-अलग विचारों में व्यापक भिन्नताएं हैं, जिसके चलते प्रधानमंत्री को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। यह बात निश्चित रूप से स्थापित होती है कि सेना और नागरिक सरकार अभी भी अजीब रंग अपनाए हुए है। सेना सत्ता के लिए इतनी लालायित है कि अधिक सेना शक्तिशाली होने के कारण सूक्ष्म शक्ति का प्रदर्शन करके या जनमत को प्रभावित करके नागरिकों को बाहर निकालती है।

**बाजवा ने सेना प्रमुख के रूप में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान अनेक मौकों पर वाशिंगटन के साथ देश के संबंधों को सुधारने में मदद की है।**



**राजनीतिक हलकों का कहना है कि जनरल बाजवा कुछ हफ्ते में सेवानिवृत्त हो सकते हैं, लेकिन दोनों सेनाओं के बीच संबंध संस्थागत हैं और इसीलिए उनके रहने या न रहने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अमेरिकियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए जनरल बाजवा की प्रशंसा की है।**

अब सवाल यह है कि जनरल बाजवा हाल के दिनों में सुर्खियों में क्यों रहे और वह भी इतने विपुल तरीके से? बाजवा ने राजनीतिक नेतृत्व के स्पष्ट आशीर्वाद के साथ एक असाधारण राजनीतिक पहल में अमेरिका का दौरा किया। जहां पर उन्होंने अपने कर्तव्यों के चार्टर से परे अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आइएमएफ) और संबंधित लोगों से आर्थिक पैकेज के वित्त पोषण के लिए कहा कि पाकिस्तान डूब रहा है। उन्होंने रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन के साथ बैठकें कीं और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। इस यात्रा को अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों और उनकी अपनी विरासत के निर्माण में मदद करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि वह अपनी सेवानिवृत्ति के करीब है। बाजवा ने सेना प्रमुख के रूप में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान अनेक मौकों पर वाशिंगटन के साथ देश के संबंधों को सुधारने में मदद की है।

इधर यह बात दोहराई जा सकती है कि अमेरिका की बाइडेन सरकार ने पाकिस्तान के साथ संबंधों को सुधारने के प्रयासों को और तेज कर दिया है। ऐसा भी लगता है कि जनरल बाजवा दोनों देशों के बीच रक्षा सांझेदारी को पुनर्जीवित करने में सक्षम रहे हैं। एक ऐसा क्षेत्र जो इस क्षेत्र में अपनी सुरक्षा जरूरतों के कारण अमेरिका के हित में भी है। बाजवा से मुलाकात के बाद रक्षा सचिव अस्टिन ने कहा कि पाकिस्तान सेना प्रमुख के साथ उनकी बातचीत लंबे समय से चली आ रही साझेदारी पर केंद्रित है। महत्वपूर्ण ढंग से यह यात्रा दोनों देशों द्वारा अपने अशांत संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए नये सिरे से जोर देने को दर्शाती है।

राजनीतिक हलकों का कहना है कि जनरल बाजवा कुछ हफ्ते में सेवानिवृत्त हो सकते हैं, लेकिन दोनों सेनाओं के बीच संबंध संस्थागत हैं और इसीलिए उनके रहने या न रहने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अमेरिकियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए जनरल बाजवा की प्रशंसा की है। वे विशेष रूप से मानते हैं कि उन्होंने पाकिस्तान में विभिन्न आतंकी समूहों के बारे में अमेरिका की प्रमुख चिंताओं को दूर किया है। यह बात वास्तव में दिलचस्प थी कि अमेरिका ने 29 नवंबर को जनरल बाजवा के सेवानिवृत्त होने पर उनकी यात्रा को इतना महत्व क्यों दिया? जबकि जनरल बाजवा खुद ही कहते हैं कि वह अपनी सेवा का विस्तार नहीं चाहते। हाल ही में जनरल बाजवा की इस घोषणा के बावजूद कि सशस्त्र बलों ने खुद को पाकिस्तान की राजनीति से अलग कर लिया है, सुरक्षा प्रतिष्ठान देश की सबसे शक्तिशाली राजनीतिक ताकत बना हुआ है।

सत्ता की राजनीति से इसका पीछे हटना एक सामरिक कदम प्रतीत होता है और यह पूर्ण रूप से त्याग का संकेत नहीं देता है। देश में चल रहे राजनीतिक टकराव और बढ़ते ध्रुवीकरण के साथ सत्ता का संतुलन सेना के पास बना हुआ है। पाकिस्तानी डॉन अखबार में जाने-माने पाकिस्तानी राजनीतिक स्तंभकार जाहिद हुसैन ने इसे सही ढंग से व्यक्त किया है। जाहिद ने लिखा है कि यह कोई रहस्य नहीं है कि सुरक्षा प्रतिष्ठान न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति का निर्धारण करते हैं, बल्कि तेजी से बदलती राजनीतिक घटनाओं पर अपने कमजोर नियंत्रण के बावजूद घरेलू राजनीति में मध्यस्त की भूमिका निभाते रहते हैं। इसके अलावा जनरल बाजवा की हाल की वाशिंगटन की हाई-प्रोफाइल यात्राएं देश की शक्ति संरचना में प्रतिष्ठान की निरंतर प्रबलता की गवाही देती हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# शौर्य संस्था ने दीपावली की सामग्री वितरित कर मनायी खुशियां




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर में प्रकाश एवं खुशहाली का पर्व दीपावाली बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाता हैं। दीपावली से पूर्व संध्या शौर्य संस्था के द्वारा जरूरतमंद परिवारों के बीच मिट्टी का दिया तेल मिठाइयां वितरण किया गया। रविवार को शौर्य संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा के पहल पर सुनील बारी एवं नारायण प्रसाद के नेतृत्व में सोनारी व मानगो में मिट्टी के दीया, फटाका एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस दौरान खड़िया बस्ती के सबर टोला एवं सोनारी मरीन ड्राइव के बलराम बस्ती के सैकड़ो परिवारों के बीच दीपावली का खुशियां बांटी गई। वही दीया-बत्ती, तेल, मिठाई-खोई,लड्डू एवं पटाखे मिलते ही सभी के चेहरे में खुशी देखने को मिला। मौके पर भाजपा महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार शामिल रहे। संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा ने बताया शौर्य संस्था के द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर जरूरतमंद तक खुशी को साझा करने का एक प्रयास है। ताकि प्रत्येक घर मे दीपावली पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा सके। मौके पर बिनोद गुप्ता, किशोर साहू, सुनील बारी, उमेश गिरी, प्रशांत पोद्दार, नारायण प्रसाद, गोमिया सुंडी, राजा तमसोय, मनीष सुंडी, अर्जुन बिरुली, सोनाराम हेंब्रम, लखन गोप, शीला देवी, जमुना देवी, पिंटू रजक, पिंटू शर्मा, शुभम प्रसाद एवं अन्य का सहयोग रहा।

# आसंगी में अस्तित्व ने लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सामाजिक संस्था अस्तित्व के द्वारा आदित्यपुर के आसंगी स्थित उड़िया मध्य विद्यालय प्रांगण में पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित शिविर का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में सैकड़ो जरूरतमंद लोगों ने जांच शिविर में शामिल हुए। पूर्णिमा नेत्रालय की टीम में मार्केटिंग हेड मनीष राज, साबर शेख व सी ईश्वरी ने मरीजों को नेत्र से संबंधित विशेष जानकारी व सलाह दी। संस्थापक श्रीमती मीरा तिवारी ने बताया अस्तित्व संस्था के द्वारा सरायकेला, आदित्यपुर व पूर्वी सिंहभूम के ग्रामीण क्षेत्र में लगातार निःशुल्क नेत्र जांच और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को एनआईटी कॉलेज के पास आसंगी गांव में शिविर लगाया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने जांच करवाई। इस दौरान दस मरीजों को मोतियाबिंद के लिए चयनित किया गया। आगामी 27 नवंबर को अस्पताल में ऑपरेशन के पश्चात उनको घर पहुंचा दिया जायेगा।कार्यक्रम को सफल आयोजन में अश्विनी प्रधान व सपन प्रधान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर टीआरएफ यूनियन के सचिव व युवा इंटक नेता अंजनी कुमार, वरिष्ठ कांग्रेसी दिवाकर झा, अस्तित्व के सम्मानित सदस्य रमाशंकर पांडेय, सिद्धेश्वर उपाध्याय, समाजसेवी रवि सतपति, अरुण आचार्या, समाजसेवी पित्तोवास प्रधान, वीरेंद्र प्रधान, विक्की प्रधान, गुड्डू प्रधान, राजेंद्र प्रधान, उमाशंकर प्रधान, रामधन प्रधान और विसो प्रधान की उपस्थिति और सहयोग सराहनीय रहा।

### डुमरिया से 9 लाख की फिरौती के लिए अपहृत दवा विक्रेता टुंपु बेसरा पुरुलिया से बरामद

# पुलिस ने साजिशकर्ता चितरंजन समेत चार को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** डुमरिया से 9 लाख की फिरौती के लिए अपहृत आयुर्वैदिक दवा विक्रेता टुम्पु बेसरा (62) को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पश्चिम बंगाल राज्य के पुरुलिया जिलान्तर्गत जयपुर थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने अपहरण कांड के मुख्य साजिशकर्ता चितरंजन महतो उर्फ चितो समेत उसके चार साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आये चितरंजन का अपराधिक इतिहास रहा है। वह जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना तथा पुरुलिया जिला के बंदवान थाना से जेल जा चुका है।



**छापेमारी दल में ये थे शामिल**

**पुलिस की छापेमारी दल में चंद्रशेखर आजाद, पुलिस उपाधीक्षक, मुसाबनी, पुलिस अवर निरीक्षक संजीवन उरॉव, थाना प्रभारी, डुमरिया थाना, पुलिस अवर निरीक्षक संजीव कुमार झा थाना प्रभारी, जादूगोड़ा थाना, पुलिस अवर निरीक्षक राजा दिलावर थाना प्रभारी मुसाबनी थानाष पुलिस अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार डुमरिया थाना, पुलिस अवर निरीक्षक कामता कुमार, डुमरिया थाना, पुलिस अवर निरीक्षक मणिकान्त कुमार, गुडाबन्दा थाना और डुमरिया थाना के रिजर्व गार्ड एवं सशस्त्र बल शामिल थे।**

## यह है मामला

बीते शनिवार को अपहृत व्यक्ति टुम्पु बेसरा के परिजनों द्वारा डुमरिया थाना में कांड दर्ज कराया गया कि टुंपु बेसरा, जो घूम-घूमकर पूजा-पाठ एवं आयुर्वेदिक दवा बनाकर बेचने का काम करते हैं। उनका अपहरण अज्ञात लोगों द्वारा कर लिया गया है तथा उनको छोड़ने के लिये 9 लाख रुपये फिरौती मांगी जा रही है अन्यथा जान से मार देने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में डुमरिया थाना में कांड दर्ज कर वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदय द्वारा पुलिस उपाधीक्षक, मुसाबनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम द्वारा काफी प्रोफेशनल तरीके से त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटों के भीतर पश्चिम बंगाल राज्य के पुरुलिया जिलांतर्गत जॉयपुर थाना क्षेत्र में छापामारी कर अपहृत व्यक्ति टुंपु बेसरा को सकुशल बरामद किया तथा अन्य थाना क्षेत्रों में छापामारी करते हुए अपहरण में संलिप्त 4 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों से प्रारंभिक पूछताछ से ज्ञात हुआ है कि इस अपहरण का मुख्य साजिशकर्ता चितरंजन महतो उर्फ चितो महतो है। उसी ने अपने सहयोगी दयाल पोईड़ा एवं अन्य एक के सहयोग से षड्यंत्र कर टुंपु बेसरा को एक बीमार व्यक्ति का इलाज करने के नाम पर पुरुलिया में बुलाया गया। वहां से झूठ बोलकर इलाज के लिए उन्हें मुकुंदपुर में अपराधकर्मी हैदर शाह उर्फ मनबुल शाह उर्फ मनोज नामक अपराधकर्मी के घर में ले जाकर बंधक बना लिया। उसके बाद अपराधकर्मियों द्वारा अपहृत व्यक्ति के परिजनों को फोन कर जान मारने की धमकी देकर फिरौती के रूप में 9 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। पुलिस की पूछताछ में यह भी पता चला है कि इनलोगों द्वारा अगस्त 2022 में भी उड़ीसा राज्य के बारीपदा निवास दो व्यक्तियों का भी इसी तरीके से अपहरण कर साढ़े सात लाख रुपये की फिरौती ली गयीं थी। इस संबंध में पीड़ित व्यक्ति से संपर्क कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस कांड में फरार 2 अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## इनकी हुई गिरफ्तारी

चितरंजन महतो उर्फ थितो महतो, जानजोड़ा थाना बंदवान, दयाल पाइडा, कुंचियाटोला, कुंवरडीह, थाना बंदवान, हैदर साह उर्फ मनबुल साह मुकुंदपुर, थाना जॉयपुर, कृतिवास कालिंदी उर्फ राहुल कालिंदी, सिलफोट, थाना जॉयपुर, सभी जिला पुरुलिया, पश्चिम बंगाल. पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से एक मोबाइल सेट बरामद किया है।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर से सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस को तीसरे दिन मिली सफलता

# कुछ नाबालिग समेत छह लोग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** मुफस्सिल थाना अंर्तगत पुराना चाईबासा स्थित हवाई अड्डा के पास एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस को तीसरे दिन रविवार को सफलता मिली। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से छह युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें कुछ नाबालिग भी हैं। सूत्रों के अनुसार ग्रामीणों ने कुछ युवकों को चिन्हित कर पुलिस को सौंप दिया है. ग्रामीणों के समक्ष युवकों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है. अन्य युवकों की खोजबीन चल रही है। शनिवार को चाईबासा पुलिस ने मुडियोदोल, सुंडीसाई व कुंडीबेरा के तीन युवकों को गिरफ्तार कर पूछताछ की। इनमें से कुछ युवकों को छोड़ दिया गया है। गिरफ्तार युवकों को पूछताछ के लिये पांड्राशाली लाया गया था। मालूम हो कि 20 अक्टूबर को चाइबासा के हवाई अड्डा के पास अज्ञात युवकों ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। इसको लेकर मुफफ्सिल थाना में एक मामला दर्ज किया गया है। युवती के बयान पर 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है।

# सामाजिक संस्था ओलियन ऑफ फेथ का बास्केट बॉल टूर्नामेंट आरंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था ओलियन ऑफ फेथ के तत्वधान में आयोजित एवं यूबीएचआरसीसी, इंडिया (मानवाधिकार संगठन) समर्पित बास्केट बॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ, जेआरडी टाटा कांप्लेक्स में हुआ, जो 25 अक्टूबर तक चलेगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंगल कालिंदी, विधायक जुगसलाई विधान सभा, यूबीएचआरसीसी, इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सस्या के संरक्षन राज सिंह, हरभजन सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेएसबीए, शिव शंकर सिंह, पूर्व राष्ट्रीय ओलंपियन, अध्यक्ष पवन सिंह, महासचिव अनुराग कुनाल, राज कुमार प्रसाद, अनुराग कुनाल उपस्थित थे। इस आयोजन में 28 टीमों ने भाग लिया है जिसमे 14 बापज, 14 गम टीम ने भाग लिया ही टूर्नामेंट 25 अक्टूबर तक चलेगा, समापन समारोह-सह पुरस्कार वितरण समारोह 25 अक्टूबर को 7:30 संध्या किया जायेगा। इस आयोजन को सफल बनाने में राजीव सिंह, जगन ,नन्द लाल शाह, ज्ञान, पुल्लू, शागिर, कीर्ती सिंह, तनीशा, निकिता कुमारी, ही वास्तू एक (आइआरडी) बास्केटबॉल हेड कोच आदि का अहम योगदान रहा।

**कार्यक्रम :** विश्व आयुर्वेद दिवस एवं भगवान धन्वंतरी जयंती पर रन फॉर हेल्थ, रन फॉर आयुर्वेदा कार्यक्रम का आयोजन

# दौड़ में विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने भागीदारी निभायी

**एसडीओ सदर गढ़वा, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी सहित विभिन्न संगठनों के अधिकारियों ने रन फॉर हेल्थ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व आयुर्वेद दिवस एवं भगवान धन्वंतरी जयंती के अवसर पर नीमा के राज्य शाखा एवं जिला शाखा के द्वारा रन फॉर हेल्थ रन फॉर आयुर्वेदा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस दौड़ में मिनी बस स्टैंड से टाउन हॉल के मैदान तक विभिन्न संस्थाओं जैसे एनआईएमए आयुष के चिकित्सक, मॉडल इन्फेंट स्कूल, डीएवी मॉडल स्कूल, ज्ञान निकेतन स्कूल, सीपी मेमोरियल स्कूल, साउथ प्वाइंट स्कूल, कौशल विकास के छात्र, पतंजलि योग समिति की महिला एवं पुरुष एथलेटिक संघ के सदस्यों ने भागीदारी निभायी।

कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सदर गढ़वा, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा, पूर्व जिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लाल मोहन मिश्रा, रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिता दत्त, एनआईएमए के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ पतंजलि केसरी, प्रांतीय सचिव डॉक्टर मुकुंद, गढ़वा जिला नीमा के अध्यक्ष डॉ राकेश, उपाध्यक्ष डॉक्टर अनिल शाह, सचिव डॉक्टर आशीष, प्रांतीय कोषाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अभिनीत विश्वास, एनआईएमए के प्रांतीय सदस्य डॉ दीपक पांडे, डॉ संतोष, डॉ विश्वजीत सिंह, डॉ नीतीश भारती, डॉ विजय प्रजापति, डॉ राजेश मिश्रा, डॉ जेपी ठाकुर, डॉक्टर दीपक सोनी ने हरी झंडी दिखाकर संयुक्त रूप से इस दौड़ को शुरू कराया। दौड़ में मुख्य रूप से चंद्रशेखर तिवारी, मुस्लिम अंसारी, कुमार अक्षत, आकाश, आयुष, विवेक, शुभ, पतंजलि योग से नरेंद्र तिवारी, चंचला केसरी, जेंट्स सहेली ग्रुप से रंजना जायसवाल, रितु जायसवाल, ज्योति गुप्ता, नीलू केसरी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी से उपकार जी, योगा संस्थान से रामा देवी, विमला केसरी, प्रभा शुक्ला, मधुबाला, दुखन जी, विजय सोनी शामिल थे। इस कार्यक्रम में किशोरावस्था के बच्चे खासकर उत्साहित दिखे, जिसमें डॉ वेद, प्रांशु, अथर्व, ऋषभ, अरुण, अर्जुन ने विशेष उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में एनआईएमए के अधिकारियों ने आयुर्वेद एवं भगवान धन्वंतरि जयंती पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में गढ़वा जिला के सभी वर्ग के लोग बच्चे-बुजुर्ग एवं महिलाओं की सहभागिता रही। लोगों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमेशा होने चाहिए, जिससे हमारी प्राचीन पद्धति और संस्कारों को भुलाया नहीं जा सके।

नीमा के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार एवं उपाध्यक्ष डॉक्टर पतंजलि ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया धन्यवाद दिया।

## सभ्यता और संस्कृति भूलना लोगों पर पड़ रहा है भारी : सिविल सर्जन

**धन्वंतरी पूजा सह आयुर्वेद दिवस समारोह का आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आयुष विभाग और नीमा परिवार की ओर से धन्वंतरी पूजा सह आयुर्वेद दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वंतरी की पूजा-अर्चना के साथ की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि आज पूरा समाज पुरानी सभ्यता और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, जिसका नतीजा भी उनको देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज दूसरे का नकल कर खुद की सभ्यता के भूलने का नतीजा है कि लोग और स्वस्थ हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुबह उठना और उठकर टहलना हमारी परंपरा है। पहले के लोग सूरज के निकलने से पहले उठकर अपनी सारी नित क्रियाएं कर खुद को स्वस्थ महसूस कर रहे थे, घर का बनाया हुआ भोजन ग्रहण करना लोगों की सुरक्षा का कारण बनता था। सिविल सर्जन ने कहा कि लोग अपनी लापरवाही के कारण खुद ही के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। घर के आसपास गंदगी को साफ नहीं करना, जंगल को काट देना, सुबह देर तक उठना लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है। जिसका नतीजा है कि आज लोग तेजी से आगे जाने के बजाए 10 साल पीछे चले गए हैं। उन्होंने कहा कि खुद को ऐसा ना करें जिससे आपकी सेहत पर असर पड़े और आप परेशान रहें। आयुष चिकित्सक डॉक्टर लाल मोहन ने कहा कि आयुष पद्धति बहुत पुरानी पद्धति है। आज भले ही लोग एलोपैथ आयुष विभिन्न तरह की बातें करें लेकिन सभी चीजें आयुष की ही उपज हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपना स्वास्थ्य खुद से भी ठीक कर सकते हैं। बशर्ते उन्हें पुरानी सभ्यता और संस्कृति का पालन करना होगा। खान-पान पर विशेष ध्यान देना होगा। उठने बैठने के तौर तरीके को बदलने होंगे, तभी वह खुद को स्वस्थ कर सकते हैं।

मौके पर आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कृष्ण कुमार, नीमा के पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, पतंजलि केसरी, डॉ राकेश कुमार गुप्ता, डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ अभिजीत विश्वास डॉ जेपी ठाकुर सहित सभी आयुष चिकित्सक उपस्थित थे।

## जागृति क्लब के युवा सदस्यों ने छठ घाट की करायी साफ सफाई



आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय में एक ओर दीपों का त्योहार दीपावली पर्व को लेकर लोग अपने घर की साफ-सफाई में लगे हुए हैं तो वहीं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मनाने को लेकर नगर परिषद क्षेत्र के टंडवा, भागलपुर, वार्ड नंबर 21 मुहल्ला स्थित जागृति क्लब छठ घाट पर क्लब के युवा लोगों द्वारा साफ-सफाई करायी गयी।

साफ-सफाई कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष चंदन कुमार पासवान, सुनील कुमार, वार्ड प्रतिनिधि महिपाल कुमार, जीतू पहलवान, विशाल कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश, राहुल कुमार गुप्ता, पिंटू गुप्ता, शिव शंकर कुमार, चंदन गुप्ता, चंदन कुमार, आनंद कुमार, पूर्व कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, अरुण कुमार, दीपक गुप्ता, मनीष कुमार, आकाश गुप्ता, सनी पहलवान, प्रमोद कुमार, कल्याणी कुमार, सनी कुमार, उज्जवल गुप्ता, जीतू पहलवान, पंकज कुमार, पंकज विश्वकर्मा, शुभम सोनी, शुभम कुमार गुप्ता, शशि कुमार, अजय कुमार, संरक्षक संजय चौधरी, गौरी शंकर, दिनेश प्रसाद गुप्ता, गणेश प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, दौलत सोनी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, विजय प्रसाद गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, गुप्त गुप्ता, अरुण गुरुजी, शिवपूजन प्रसाद गुप्ता, संत गुरु जी, काशी प्रसाद गुप्ता, बनारसी गुप्ता, कन्हाई प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र साव, सुमन साव, मोतीचंद साव, संजय पासवान, रामनाथ स्वामी, सुनील पासवान, रवि साव, प्रमोद कुमार, नाजिर डॉक्टर राम-गन मेहता आदि लोगों ने मिलकर छठ घाट की साफ-सफाई जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर से व खुद भी लग कर साफ-सफाई की।

मौके पर अध्यक्ष चंदन पासवान ने कहा कि छठ महापर्व हम पूरे गढ़वा शहर वासी शहर से होते हुए गुजरने वाली दानरो नदी में मनाते हैं, जिसे लेकर दीपावली पर्व से ही नदी की साफ-सफाई पूरे जोर-शोर से क्लब के युवा लगकर करते हैं और तभी छठ महापर्व संपन्न कराते हैं।

## किन्नर समाज की गुरु ने अपनी पूरी टीम के साथ शौकत खान से मिलकर उनके कार्यों को सराहा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान के जीवन का वह ऐतिहासिक दिन रहा जब शौकत खान के निस्वार्थ सेवा कार्यों को देखने किन्नर समाज की गुरु अपनी पूरी टीम के साथ पहली बार कपड़ा बैंक देखने पहुंची। किन्नर समाज की टीम ने शौकत खान के सेवा कार्यों को बहुत करीब से जानकारी ली उसके बाद किन्नर समाज की बहनों ने शौकत खान के कार्यों की काफी प्रशंसा की और ढेर सारी दुआएं देते हुए शौकत खान की नजरें उतारी। किन्नर समाज की बहनों ने कहा कि आप अकेला निस्वार्थ सेवा करते हैं ये ईश्वर की देन है लेकिन आज से आप अकेला नहीं हैं, हम सभी बहनें आपके अनेक निःशुल्क बैंक के साथ हैं। कभी किसी चीज की जरूरत हो हमें याद कीजिए किन्नर समाज की बहनें आपके साथ हैं। शौकत खान ने बधाई पाकर काफी खुश हुए और बहनों का आभार व्यक्त किया। वहीं बहनों ने बधाई के रूप में शौकत खान का 'गरीबों का अनोखा बैंक' मैगजीन मांगकर ले गयीं। जिसे शौकत खान ने सम्मान के साथ बहनों को भेंट किया।

## दिव्यांग शिविर में 295 लोगों की जांच कर किया गया पंजीकरण

**एसडीओ व सिविल सर्जन ने किया शिविर का उद्घाटन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय के स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी राम नारायण सिंह एवं सिविल सर्जन अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। इस दिव्यांग शिविर में 295 दिव्यांग लोगों की जांच की गई। इसके संबंध में जानकारी देते हुए गढ़वा जिला सिविल सर्जन ने बताया कि अनुमंडलीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विभागीय निर्देश के आलोक में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें 295 दिव्यांग लोगों की जांच की गई तथा ऑनलाइन डाटा बेस तैयार करते हुए उनका पंजीकरण किया गया। जल्द इन सबों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी राम नारायण सिंह ने बताया कि सभी दिव्यांगों का यहां पर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है एवं दिव्यांगों की जांच डॉक्टरों के द्वारा की जा रही है, जो दिव्यांग हैं उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाएगा। दिव्यांग लोगों को इससे सर्टिफिकेट के माध्यम से सुविधा दिलायी जाएगी। रंका अनुमंडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 148 गांवों में लगभग 15 उप स्वास्थ्य केंद्र हैं। सभी क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की परंतु विभागीय शर्तों के हिसाब से 295 दिव्यांग लोगों को ही आज के इस शिविर में प्रमाण पत्र देने की स्थिति में पाया गया। इस दिव्यांग शिविर में काफी दिव्यांग जन उपस्थित थे। शिविर में चिकित्सक गोपाल प्रसाद, डॉ कुलदेव चौधरी, डॉ अवधेश सिंह ने दिव्यांगों की जांच की। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार, अनिल राम, अनिल ठाकुर, विपिन यादव सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महावीरी झंडा जुलूस निकाला गया



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर में दिवाली की पूर्व संध्या पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महन्त बलराम पांडेय की अगुआई में महावीरी झंडा जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में रंका प्रखंड क्षेत्र के हिन्दू धर्मावलंबियों ने हनुमान जी का झंडा लेकर अपने अपने गांव से श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर पर आकर झंडा को इकट्ठा करते हैं और वहां से एक साथ मिलकर सैकड़ों झंडा लेकर मुख्य बाजार होते हुए थाना मोड़ से चौधरी मोहल्ला, ठाकुरबाड़ी मंदिर रंका गढ़, दरबार गढ़ देवी मंदिर से गुजरते हुए पुनः श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर पर आकर संपन्न होता है। तत्पश्चात स्थानीय पहलवानों का कुश्ती दंगल कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन में हिंदू धर्म रक्षा सभा रंका के सदस्यों एवं पदाधिकारियों का काफी योगदान रहा।

## विधायक भानु प्रताप शाही के पिता हेमेंद्र प्रताप देहाती अस्पताल में भर्ती



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही के पिता सह झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती 92 वर्ष रविवार को इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें ऑक्सीजन दिया जा रहा है। उन्हें घबराहट व सांस लेने में तकलीफ होने की शिकायत पर यहां इलाज हेतु लाया गया। चिकित्सकों ने इलाज के बाद उनके परिजनों से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने की बात कही। उधर सूचना मिलने पर अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, धनंजय साह समेत अन्य लोगों ने अस्पताल पहुंचकर उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## धर्म रक्षा सभा ने असहाय दंपति को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर में रविवार को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर धर्म रक्षा सभा रंका प्रखंड कमेटी के द्वारा रंका निवासी गरीब असहाय दम्पत्ति मोती साव उर्फ बीडीओ एवं राधिका देवी को अंग वस्त्र अर्थात साड़ी, साया, ब्लाउज, धोती ,कुर्ता आदि सभा के अध्यक्ष सुलपानी सिंह के हाथों प्रदान किया गया। बताते चलें कि मोती साव उर्फ बीडीओ बचपन से ही अंधा व्यक्ति हैं और उनकी पत्नी राधिका देवी जो बचपन से सभी शारीरिक रूप से ठीक ठाक रहने के बावजूद भी इस अंधा व्यक्ति के साथ पतिब्रता नारी का जीवन भर निर्वाह किया जिसे रंकावासी राधिका देवी दम्पत्ति परिवार को सम्मानित करने का निर्णय लिया ताकि भविष्य में भी पती पत्नी के बीच ऐसा समर्पित भावना और संस्कार का निर्माण हो सके। इस अवसर पर विवेक कुमार चौधरी, प्रदीप चौधरी, मनोज बूट हाउस, ओम प्रकाश दास,सनोज कुमार, विपिन कुमार तिवारी, दीपक कुमार चंद्रवंशी, घनश्याम ठाकुर, चंद्रशेखर तिवारी, शेखर कुमार, संजय ठाकुर, अमरेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में धर्म रक्षा सभा के सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टेंपो पलटने से आधा दर्जन यात्री घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के भवनाथपुर खरौंधी सड़क पर खरौंधी पेट्रोल पंप के समीप टेंपो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में खरौंधी थाना क्षेत्र के सुंडी गांव निवासी राजकुमार उरांव, नगर उंटारी थाना क्षेत्र के नयाखड़ गांव निवासी मुशू उरांव की पत्नी चांदनी देवी, उसका पांच वर्षीय पुत्र संदीप उरांव घायल हो गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक टेंपो पर सवार होकर छह लोग खरौंधी से नगर उंटारी आ रहे थे उसी दौरान खरौंधी पेट्रोल पंप के समीप टेंपो पलटने से 6 लोग घायल हो गए। छह में तीन लोगों की स्थिति गंभीर बताते हुए उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं तीन का इलाज भवनाथपुर में चल रहा है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दीपावली पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**केतार (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतार में दीपावली की पूर्व संध्या पर भैया-बहनों के द्वारा विद्यालय प्रांगण में रंगोली साज-सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी आचार्य एवं दीदी ने अपनी-अपनी कक्षा के भैया-बहनों का उत्साह वर्धन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता के द्वारा सभी आचार्य, दीदी एवं भैया-बहनों को दीपावली एवं छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं। मौके पर आचार्य शिवशंकर कुमार, धनंजय विश्वकर्मा, दीनानाथ चौधरी, सुदीप पाल, अभिषेक सिंह, रमेश पाल, नीरज कुमार, आचार्या श्वेता कुमारी, सविता गुप्ता, मीना कुमारी, शीला कुमारी, गीता देवी एवं सभी भैया-बहन उपस्थित थे।

## पत्नी की गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया

**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत खोनहर गांव निवासी दीपक कुमार गुप्ता, पिता गोपी साह ने 24 वर्षीय पत्नी ललिता देवी के 20 अक्टूबर 2022 दिन गुरुवार से लापता होने का मामला केतार थाना में दर्ज कराया है। उक्त व्यक्ति ने आवेदन में उल्लेख किया है कि 20 अक्टूबर को वह अपने कार्य से भवनाथपुर गया था। जब वापस घर आया तो पत्नी को नहीं पाया। इस दौरान आसपास के गांवों में खोजबीन की। साथ ही अपने ससुराल बागेसोती में भी पता किया, पर उसका कहीं पता नहीं चल सका। वहीं पति ने आरोप लगाते हुए आवेदन में यह भी लिखा है कि मेरी पत्नी ललिता देवी खरौंधी थाना क्षेत्र के तोरेलावा गांव निवासी रामप्रवेश कुशवाहा से हाल ही में मोबाइल से बात करते पकड़ी गई थी। इस दौरान नोंक-झोंक के समय मेरी पत्नी ने उक्त मोबाइल फोन को तोड़कर फेक दिया। जिससे शक है कि उक्त व्यक्ति ही मेरी पत्नी को भगाकर ले गया होगा। पीड़ित ने लापता पत्नी की केतार पुलिस प्रशासन से खोजबीन करने की गुहार लगायी है।

**कार्यक्रम :** मेराल पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूली बच्चों को किया जागरूक, थाना प्रभारी ने कहा

# यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है

**सड़क दुर्घटना को लेकर परियोजना बालिका उवि व अकलवानी हाई स्कूल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम**




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** मेराल थाना पुलिस पदाधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार द्वारा बताया गया कि पर्व त्यौहार को लेकर मेन रोड पर वाहनों की संख्या बढ़ गई है। सड़क दुर्घटना को लेकर थाना क्षेत्र के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय व अकलवानी हाई स्कूल में पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के विषय में विस्तार से बताया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाएं, साइनेज, ट्रैफिक लाइट संबंधित जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष देश तथा राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है। हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यों, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है। इसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है। वाहन का परिचालन सही उम्र में करें अथवा आवश्यकता पड़ने पर अपने परिवार जनों की सहायता प्राप्त करें, जिससे सड़क दुर्घटना में भी कमी लायी जा सके। इस मौके पर प्रधानाचार्य सूर्यदीप पाल सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रमना थाना क्षेत्र के टंडवा गांव निवासी मिथिलेश भुइयां का पुत्र छोटू कुमार बाइक दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह रमुना से अपने घर टंडवा जा रहा था, उसी दौरान सारंग गांव में बीच रास्ते में एक गाय के आ जाने के दौरान बाइक से गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे रमना अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## पानी टंकी निर्माण कर रहा मिस्त्री गिरने से हुआ घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बेलचंपा गांव में एसकेएस कंपनी की ओर से चल रहे पानी टंकी निर्माण कार्य के दौरान एक राजमिस्त्री गिरने से घायल हो गया। घायल राजमिस्त्री पाकुड़ का सद्दाम अंसारी बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बेलचंपा में एसकेएस कंपनी की ओर से पाइप लाइन निर्माण कार्य का चल रहा है। जिसका पानी टंकी बेलचंपा कोयल नदी तट पर बनाया जा रहा है। पानी टंकी से गिरने से सद्दाम घायल हो गया। स्थानीय मजदूरों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखकर रेफर कर दिया है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



## कुंदन और सद्दाम फुटबॉल टूर्नामेंट पर गुलजारबाग का कब्जा

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी जी-टाइप ग्राउंड में चल रहे कुंदन व सद्दाम मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट पर गुलजारबाग की टीम ने कब्जा कर लिया। रविवार को खेले गए फाइनल मैच में गुलजारबाग की टीम ने शांतिनगर की टीम को 3-1 से हरा दिया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि अब्दुल्ला अंसारी ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनो ही टीमें अच्छा खेली। खेल में किसी की जीत किसी की हार होती ही है। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के खेल से युवाओं में शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। इससे पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी कुंदन व सद्दाम के चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मालूम हो कि फुटबॉल खिलाड़ी कुंदन व सद्दाम की याद में प्रतियोगिता आयोजन होता आ रहा है।

### कार्यक्रम : सरना धर्म सोतो: समिति डौगड़ा में प्रतिभा सह प्रोत्साहन समारोह का आयोजन

# अंधविश्वास और कुप्रथा की समाप्ति के लिए शिक्षित होना जरूरी : डॉ सीताराम

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सरना धर्म सोतोः समिति डौगड़ा में रविवार को धर्मगुरू सोमा कंडीर, बगरय ओड़ेया और भैयाराम ओड़ेया की अगुवाई में प्रतिभा सह प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मैट्रिक के 44, इंटर के 39, ग्रेजुएशन के चार और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण तीन छात्रों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और डिक्शनरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त सैनिक डॉ सीताराम मुंडा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ऐसी अमूल्य संपति है, जिससे समाज का सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षा लोगों के जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है और सफलता के अंतिम मुकाम तक पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि अशिक्षा के कारण समाज में गरीबी, अंधविश्वास और कुप्रथाएं आज भी व्याप्त हैं। इन्हें दूर करने के लिए शिक्षित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने समाज में शांति और खुशहाली लाने के लिए युवाओं को संकल्प लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण सिंह मुंडा, सुगुन दास मुंडा, महादेव मुंडा, बेला मुंडरी, जीतुवा मुंडा, मथुरा कंडीर, जमुना मुंडू, चंबर सिंह मुंडा, बुधराम मुंडा, गोपाल बोदरा, बलराम हेंबरोम, सलीम मुंडा, सुगना पहान, टुटी ओड़ेया, नरनसिंह तोपनो, लुथडू, मुंडा, जीतु पहान आदि शामिल थे।



सर्टिफिकेट के साथ सम्मानित मैट्रिक, इंटर व ग्रेजुएशन की छात्राएं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कोयलांचल में काली पूजा की तैयारी पूरी



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल और आस पास के ग्रामीण इलाकों में काली पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है। बचरा में काली पूजा भव्य रूप से मनाया जाता है। पूजा को लेकर आयोजन समिति के लोगों की ओर से लगभग सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि काली पूजा के अवसर पर इस बार बचरा में भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि 25 अक्टूबर की शाम महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा, वहीं रात में मां काली की पूजा की जाएगी। 26 अक्टूबर की दोपहर खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं रात्री में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। काली पूजा समिति बचरा के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

### भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच की तोरपा प्रखंड कमेटी का हुआ गठन

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा बाजर टाड़ मे पंचायत समिति सदस्श्य और जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष जयमंगल गुडिया की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। जिसमें भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच की तोरपा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। नयी कमेटी में जय मंगल गुडिया को अध्यक्ष, मनू मुंडा और बीस गुड़िया को उपाध्यक्ष, धाल भगत को सचिव, आदिल सिंह और सुदेश नाग को सह सचिव, राजू साहू को कोषाध्यक्ष, चितरंजन कुंडू को सह कोषाध्यक्ष, समुकेया साहू को कार्यकारिणी सदस्य और सनी देवल नाग को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

### लिमडा में लगा चार दिवसीय आनंद अनुभूति शिविर



कर्रा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लिमड़ा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय कठसेमला गांव में आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में 20 से 23 अक्टूबर तक आनंद अनुभूति शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में कठसेमला और आसपास के गांवों के महिला-पुरुषों ने भाग लिया। मौके पर लोगों को आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी। चार दिवसीय प्रशिक्षण में शरीर,मन तथा पूरे समाज को स्वस्थ, ऊर्जावान रखने के लिए योग, प्रणायाम, ध्यान तथा आर्ट ऑफ लिविंग की बहुमूल्य प्रक्रिया सुदर्शन क्रिया के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक राजकुमार साहू तथा युवाचार्य सनिका उरांव ने सहयोग किया।

### पेट्रोल गोदाम में 26 को लगेगा भट्ठी जतरा

खलारी (आजाद सिपाही)। हुटाप पंचायत के बहेराटांड़ पेट्रोल गोदाम में बुधवार को भट्ठी जतरा लगेगा। बरसों से चलते हुए दीपावली के अवसर पर पारंपरिक भट्ठी जतरा में 26 अक्टूबर को आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विस्थापित नेता रामलखन गंझू, विशिष्ट अतिथि बुढ़मू जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू व अन्य मौजूद रहेंगे। जतरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। जतरा के सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस भट्ठी जतरा के संरक्षक बाबूलाल गंझू, अध्यक्ष राहुल गंझू, सचिव गोविन्द झ्रोगता, बबलू गंझू, धोधा गंझू, जितवाहन गंझू, बुल्ला गंझू, मनोज गंझू, राजू मुण्डा, कजरा गंझू, किन्नू गंझू, करीमन गंझू, ललकु गंझू, अजय गंझू, विजय गंझू, सोनू उराँव, बंटी उराँव, खैटा गंझू, रोहित गंझू आदि शामिल है।

### विश्राम पंचायत में नल जल योजना के तहत हुई बोरिंग



खलारी (आजाद सिपाही)। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से खलारी प्रखंड अंतर्गत विश्रामपुर पंचायत में हर घर-नल-जल योजना के तहत बोरिंग किया गया। प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा एवं विश्रामपुर पंचायत मुखिया दीपमाला कुमारी ने पूजा कर व नारियल फोड़कर बोरिंग शुरू करवाया। प्रमुख सोनी तिग्गा ने कहा कि पेयजल की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रखंड के सभी पंचायतों में किया जाना जल को दूर करने के हर घर-नल-जल योजना को शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बोरिंग की जगह टंकी लगेगी और फिर सोलर सिस्टम के माध्यम से ही आस-पास के घरों में नल के माध्यम से पानी पहुंचेगा। इस मौके पर जल सहिया सरिता देवी, प्रखंड संमन्वयक प्रमोद कुमार, सचिदानंद साहू, पूर्व मुखिया गोविन्द उरांव, पवन उराव, श्यामजी महतो, नमन सिंह, मनु महतो, विशाल मुंडा, सुनील उरांव, विशाल उरांव आदि उपस्थित थे।

### दीपावली को लेकर खूब बिके दीये और मूर्तियां



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी के केडी बाजार सहित कोयलांचल के बाजारों में रविवार को दीपावली की खूब खरीदारी हुई। आलम यह था कि केडी बाजार में मेले सा दृष्य लग रहा था। दीया, पटाखा, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, फूलों की माला, सजावट के सामानों की खूब बिक्री हुई। पूजा भंडार, इलेक्ट्रोनिक्स दुकान, मिठाई की दुकान पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। बिजली व इलेक्ट्रॉनिक लड़ियों और सजावट के सामानों की खूब बिक्री हुई। पूरे क्षेत्र के होटलों में लड्डू व मिठाइयां बनाई गई हैं। वहीं लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा 50 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक बिक रही हैं। दीया 200 रुपये सैकड़ा तक बिके। केडी रोड में फुटपाथ में दीया, पटाखे और अन्य सजावट के सामान बेचने वालों की दर्जनों दुकानें लगी हुई है।

### मोहननगर साप्तहिक हाट बाजार में छठ पर्व तक मांस, मछली, हड़िया शराब की बिक्री पूर्णत: बंद

खलारी (आजाद सिपाही)। धोबी टोला मोहननगर में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर मोहननगर में लगने वाले साप्तहिक हाट बाजार में मांस, मछली, मुर्गा, अंडा, दारू, हड़िया की बिक्री पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाजसेवी कृष्णा चौहान ने बताया कि बाजार में लगने वाली उक्त सभी दुकाने छठ पर्व तक पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। उन्होंने स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों से आग्रह किया की छठ पूजा तक मांस, मछली, मुर्गा, अंडा, हड़िया, दारू मोहन नगर हाट बजार एवं आसपास की जगहों पर भी ना बेचे। उम्मीद व्यक्ति की कि छठ पूजा जो कि पावन पवित्र पूजा है उसमें सभी का सहयोग मिलेगा।

## सड़क बनने से लोगों को होगी सहूलियत, बचेगा समय : सुदेश महतो

**विधायक सुदेश महतो ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** प्रखंड के चारलू रामपुर और आमटांड़ के पिपरदाग में पीसीसी पथ का शिलान्यास सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से आसपास के लोगों को सहूलियत होगी और समय की भी बचत होगी। इस मौके पर कई जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार रखे। मौके पर रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष विना चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बढ़ाएं, प्रमुख आरती देवी, मुखिया हरिपदमाझी, रामस्वरूप मंडल, गोपाल मंडल, बलराम साहू, मुरली करमाली, दुर्योधन भोक्ता, चंचला भोक्ता, धनी राम बेदिया सोमवारी देवी, अजीत बेदिया,नारायण बेदिया, भिखारी बेदेया, दशरत बेदिया, नकुल बेदिया, कमल नाथ मांझी आदि उपस्थित थे।



पीसीसी पथ का शिलान्यास करते विधायक सुदेश महतो।

## आइआरबी थ्री के पिपरवार कैंप में चतरा एसपी ने किया सहायक केंद्रीय कैंटीन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** इंडियन रिजर्व बटालियन आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप परिसर में सहायक केंद्रीय कैंटीन का उद्घाटन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि चतरा पुलिस अधीक्षक सह आईआरबी-थ्री के समादेष्टा राकेश रंजन ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप परिसर में कैंटीन खुलने से यहां के पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां एक ही छत के नीचे पुलिस कर्मियों को सभी प्रकार के घरेलु सामान मिलेगा। उन्होंने उद्घाटन के बाद कैंटीन परिसर का निरीक्षण भी किया और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर डीएसपी जितेन्द्र कुमार, एमएस किंडो, अरूण तिर्की, रेजिनियश किंडो, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार, बचरा उतरी मुखिया गुंजन सिंह, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता, रविन्द्र सिंह, सत्येन्द्र निश्रा, मनीमोहन प्रसाद, रंजीत कुमार, मंटू कुमार, शमशेर खान आदि मौजूद थे।



## खूंटी में गुलजार है दीपावली बाजार, जमकर हो रही खरीदारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** धनतेरस के बीत जाने के बाद दिवाली, गोवर्द्धन पूजा और भैया दूज को लेकर बाजार में रौनक बरकरार है। लोग करंज तेल, पूजन सामग्री के अलावा गाय-बैल आदि का श्रृंगार और पूजन के लिए खरीदारी कर रहे हैं। पूरा बाजार पूजन सामग्री, फूलमाला और फल-मिठाइयों से अटा पड़ा है। कोरोना संकट के दो वर्षो के बाद दीपावली बाजार में इस तरह की भीड़ नजर आ रही है। ग्राहकों की भीड़ को देखकर दुकानदार भी प्रशन्न है। जिला मुख्यालय के तोरपा रोड, बाजार टांड़, मेन रोड और कर्रा रोड में रविवार होने के बावजूद ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मेन रोड और कर्रा रोड में बार-बार ट्रैफिक की समस्या खड़ी हो जा रही थी। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिसकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही थी। कई लोगों ने धनतेरस की खरीदारी रविवार को भी। इस कारण बर्तन, जेवरात और वाहनों की दुकान में भी ग्राहकों की भीड़ रही। जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, कर्रा, रनिया, मुरहू और अड़की प्रखंड मुख्यालय में भी दीपावली को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों कें श्रृंगार और पूजन सामग्री की खरीदारी करते नजर आये।

## सीनियर और जूनियर बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)।रांची जिला खो-खो संघ की ओर से आयोजित 11वीं जिला स्तरीय सीनियर एवं जूनियर बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 22 और 23 अक्टूबर को लीची बागान प्रांगण सेक्टर 2 धुर्वा में हुआ था। जिसमें बुंडू कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं बालिका वर्ग की सीनियर ग्रुप में पूरे जिले में प्रथम स्थान और जूनियर बालिका ग्रुप में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग प्रथम विजेता टीम 16वीं झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। सीनियर ग्रुप में कस्तूरबा गांधी बुंडू की काजल कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, निशा, संतोषी, करिश्मा, बॉबी, राहिल और भानु कुमारी ने जीत का परचम लहराया। वहीं, प्रधानाध्यापिका भूमिका कुमारी व शिक्षिका सुनीता महतो ने विजेता टीम को बधाई दी।

## खलारी में मनाया ज्ञान दीपदान उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डकरा स्थित अंबेडकर पार्क में रविवार की शाम एसटी एससी ओबीसी एकता मंच और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अंबेडकर के तत्वाधान में ज्ञान दीपदान उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम एसटी एससी ओबीसी एकता मंच के कार्यकारी अध्यक्ष देवपाल मुंडा एवं आरपीआई अंबेडकर की प्रदेश महिला अध्यक्षा अनिता एक्का ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने बारी बारी से बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। लोगों ने बाबा साहेब द्वारा लिखे गए संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा। इसके बाद पूरे पार्क में दीप जलाकर प्रकाशमय किया गया। अनिता एक्का ने कहा कि बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध जब 17 वर्ष अनुयायियों के साथ अपने गृह नगर कपिल वास्तु लौटे तो उनके स्वागत में लाखों दीप जलाकर ज्ञान दीपदान उत्सव मनाया गया था। दीपदान उत्सव अमावस्या को मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन तथागत गौतम बुद्ध ज्ञान प्राप्त कर कपिलवस्तु वापस आए थे। सम्राट अशोक ने अपने राज्य में घोषणा की थी कि 84 हजार स्तंभों पर कार्तिक अमावस्या की दीप जलाए जाएंगे। जो आज भी ज्ञान दीप दान उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर एसटी एससी ओबीसी एकता मंच के कार्यकारी अध्यक्ष देवपाल मुंडा, कोषाध्यक्ष कन्हाई पासी, मीडिया प्रभारी अमरनाथ सतनामी, नागेष्वर महतो, सक्रिय सदस्य जगदीश गंझू, शंभूनाथ गंझू, विनोद राम, अशोक राम, केदारनाथ उरांव आदि उपस्थिति थे।



ज्ञान दीपदान उत्सव के दौरान दीया जलाते लोग।

## दुलमी गांव में हाथियों ने सब्जी की खेती को किया नष्ट, किसान परेशान



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुलमी गांव में शनिवार की रात 7 की संख्या में पहुंचे जंगली हाथियों के झुंड ने किसान रामरतन सिंह मुंडा, गुरुपदो सिंह मुंडा और वासुदेव सिंह मुंडा की पांच एकड़ में तैयार लौकी की फसल को भरपेट खाने के बाद रौंद कर नष्ट कर दिया। रविवार की सुबह खेत पहुंच कर वहां के हालात देख किसान काफी मायुस हो गए। किसानों ने वन विभाग और प्रखंड कार्यालय में सूचना देकर मुआवजा देने की मांग की है। उधर, पूर्व मुखिया तपन सिंह मुंडा ने खबर पाकर नुकसान की जानकारी ली।

## बरवाटोला में 26 को लगेगा सोहराई डार जतरा

**पिपरवार(आजाद सिपाही)।** बेंती पंचायत के बरवाटोला में सोहराई जतरा को लेकर रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता धनराज भोगता ने की। बैठक मे 26 अक्टूबर को सोहराई जतरा मेला लगाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें खोड़हा टीमो द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। जतरा के सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष सोमर गंझू, उपाध्यक्ष रमेश गंझू, सचिव रामविलास गंझू, सहसचिव संतोष गंझू, कोषाध्यक्ष सोटन गंझू, दशरथ भोगता, सह कोषाध्यक्ष सुरेश भोगता, महेंद्र गंझू, संयोजक धनराज भोगता, स्टेज संचालन बालेश्वर भोगता के अलावा सदस्यों में भीम, पिंटू, राजू, सुरेश, सुनील, भुनेश्वर, तेतर, रूपलाल और ललकू शामिल है।

### जिप सदस्य ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर की बैठक

## क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर जारी है प्रयास: सरस्वती देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी पश्चिमी जिप सदस्य सरस्वती देवी की अध्यक्षता में रविवार को उनके कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें उपस्थित लोगों ने जेहलीटांड़ अमुन दोहर, विश्रामपुर, करकट्टा, खिलावन धौड़ा, दुर्गा मंडप, मैनेजर बंगला, बड़कीटांड़ सहित आसपास के क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिप सदस्य सरस्वती देवी ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर वह पूरी तरह से प्रयासरत है। बैठक में प्रदीप उरांव, इस्राइल अंसारी, महेन्द्र उरांव, बहुरा मुंडा, निर्मला देवी, फस्सी अहमद, षहीद अंसारी, राजेन्द्र रजक, इम्तियाज अंसारी, योगेन्द्र रजक, संतोश रजक सहित अन्य उपस्थित थे।



बैठक के दौरान उपस्थित जिप सदस्य सरस्वती देवी व ग्रामीण।

## 25 को नावाडीह में लगेगा सोहराई जतरा

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** नवाडीह में सोहराय जतरा 25 अक्टूबर को लगाया जाएगा। इसको लेकर नवाडीह में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में हर साल की तरह इस वर्ष भी दीपावली के उपलक्ष्य में सोहराय जतरा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। जतरा में रोहिणी पीओ होंगे। वहीं जतरा के सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष कलिंदर ठाकुर सचिव शिवनारायण लोहरा कोषाधक्ष गणेश मुंडा और मिथुन गंझू, भरत महतो उमेश प्रसाद दिनेश प्रसाद, मधु यादव, प्रकाश गुप्ता, विजय गांझु, अजय गंझू, रवि गंझू, शिवनंदन यादव, नरेश यादव, अनिल प्रसाद, प्रेम कुमार, बासुदेव ठाकुर, नरेश गंझू, विष्णुनाथ मुंडा, गणेश लोहारा, दिनेश मुंडा, बिनोद मुंडा, आकाश मुंडा, राकेश गंझू, शामिल थे।

## बेड़ो के पुरियो में पंचायत सचिवालय में मुखिया ने किया प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो पंचायत सचिवालय में रविवार को पंचायत की मुखिया नीरज कुजूर ने फीता काटकर प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन किया। मुखिया ने बताया कि पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र खुल जाने से पंचायत के लोगों को सुविधा होगी। प्रज्ञा केंद्र में नया आधार पंजीकरण, फोटो-पता और जन्मतिथि चेंज, फिंगर अपडेट, जाति, आवासीय, आय, मैरेज सर्टिफिकेट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जमीन का रशीद काटना समेत विभिन्न ऑनलाइन सेवा दी जाएगी। इसके पूर्व ग्राम ग्राम प्रधान जयराम कच्छप की अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक हुई। ग्रामसभा में मुखिया नीरज कुजूर ने आगामी 12 नवंबर को पंचायत में होने वाले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों को बताया कि सरकार खुद चलकर आपके द्वार पर आ रही है जिसका लाभ हम सभी को लेना है। मौके पर उपमुखिया विजय उरांव, पूर्व मुखिया कुबा पाहन, सभी वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका राशन डीलर सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## इटकी में जगुआर के शहीद जवान गोपाल लकड़ा का शहादत दिवस मनाया गया



**इटकी (आजाद सिपाही)।** चचगुरा खेल मैदान में झारखड पुलिस के जगुआर के शहीद जवान गोपाल लकड़ा की शहादत दिवस मनायी गया। मौके पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व सफल सहभागियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। जानकारी के अनुसार गोपाल लकड़ा जगुआर में सिपाही के रूप कार्यरत थे। 16 जुलाई 2010 को लातेहार में हुए एक लैंड माइंस ब्लास्ट में शहीद हो गये थे। कार्यक्रम का प्रारंभ शहीद के चित्र पर फूल-माला चढ़ा कर किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद की अध्यक्ष निर्मला भगत के अलावा डीएसपी रजत माणिक बाखला, थाना प्रभारी रजनी रंजन, संजय गोप, रवि तिग्गा, शंभू केरकेट्टा, सुखदेव उरांव, चारो, सारू व जीवन उरांव सहित कई अन्य शामिल थे।

## ग्रामीण आपस में मिल कर करें गांव की सुरक्षा : मनोरमा एक्का




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महुगांव, बारीडीह और करगे गांव में रविवार को होप और टीडीएच के संयुक्त प्रयास से जेंडर एवं सक्सुवलिटी, मेंटल हेल्थ एवं साइको सोशल सपोर्ट एवं बाल दुर्व्यापार की रोकथाम व पुनर्वासन हेतु कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन, बच्चों को मानव दुर्व्यवहार आदि से बचना है। मनोरमा एक्का ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मानव व्यपार, कबड्डी के माध्यम से सुरक्षा, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बच्चों के अधिकार और उनके कानूनी अधिकारों आदि पर विस्तार से बताया। कई खेल के माध्यम से उपस्थित प्रतिभागियों ने इन विषयों पर अपनी समझ बनायी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद वर्मा, उज्जवल कुशवाहा, पंचू उरांव, विनोद उरांव, रूना एक्का, जानकी उरांव और तीनों जगह से 60 स्थानीय किशोरियों ने भाग लिया।

## ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हापतबेड़ा के नजदीक रविवार की सुबह रांची-मुरी रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर 32 वर्षीय लालू बेदिया उर्फ टुलांग बेदिया पिता स्व. बिरसा बेदिया नामक युवक की मौत हो गई। मृतक हापतबेड़ा गांव का रहने वाला था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### कार्यक्रम : नामकुम में हर दिन, हर घर आयुर्वेद थीम पर मनाया गया आयुर्वेद दिवस

# आयुर्वेद के माध्यम से जटिल से जटिल रोगों का इलाज संभव है : संजय सेठ

**हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में सातवें वार्षिक आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार अंचल कार्यालय नामकुम के समीप हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में रविवार को हर दिन, हर घर आयुर्वेद थीम पर सातवें वार्षिक आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची सांसद संजय सेठ उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत औषधियों पौधे देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये आयुष निदेशक डॉ फेजलूस समी ने कहा कि आयुष मंत्रालय 2016 से हर वर्ष धनवंतरि जयंती धनतेरस पर आयुर्वेद दिवस मनाता है। आयुर्वेद को आधुनिक समय में समान रुप से प्रासांगिक चिकित्सा की सबसे प्राचीन, अच्छी तरह से प्रलेखित में से एक माना जाता है, जिसमें बीमारी की रोकथाम और प्रसार स्वास्थ्य दोनों पर उचित ध्यान दिया जाता है।

सांसद संजय सेठ ने कहा आयुर्वेद के माध्यम से जटिल से जटिल रोग ठीक हो जाता है। कोरोना संक्रमण से बचाव में आयुर्वेद बहुत ही कारगर साबित हुआ है। आयुर्वेद को दैनिक जीवन में उपयोग करने की जरूरत है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला आयुष डॉ सचिन आनंद सिंह, नोडल ऑफिसर नेम आयुष मिशन राहुल कुमार सिन्हा, ओएसडी पाडप बोर्ड डॉ मुकुल दीक्षित, आयुष प्रभारी डॉ अमरेंद्र कुमार पाठक, उप निदेशक डॉ सृजन प्रसाद, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, जिप सदस्य रामावतार केरकेट्टा, समीर राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## नशा के खिलाफ युवा शक्ति को आगे आना होगा : रोशन लाल मुंडा

**नशामुक्ति अभियान को लेकर रामदाग गांव में ग्रामीणों की हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** सिरका पंचायत को नशामुक्त पंचायत बनाने की मुहिम के दौरान रविवार को रामदागा गांव में नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में मुखिया रोशन लाल मुण्डा एवं वार्ड सदस्य पुष्पा तिर्की के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ यहां तीसरी बैठक आयोजित की गई।

मौके पर रोशन लाल मुण्डा ने कहा कि नशा समाज को विकास से कोसों दूर ले जा रहा है। इसलिए हम सबों को एक पवित्र सोंच के साथ एकजुट होकर नशा के खिलाफ व्यापक अभियान चलाना होगा। कहा कि समुदाय के सहयोग के बिना इस नशामुक्ति अभियान को सफल नहीं किया जा सकता है। खासकर युवा शक्ति को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन में आगे आने की जरूरत है।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान शिवा मुण्डा, विपिन मुण्डा, सत्येन्द्र मुण्डा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में गुरुपद दास गोस्वामी, सोमरा मुण्डा, सुनीता देवी, सुनील गोस्वामी, पारस महतो, चिंतामणी देवी, जितेन्द्र मुण्डा सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद थे।

## बरसा गांव ऊपरटोला में जल्द ट्रांसफॉर्मर नहीं मिला, तो होगा रोड जाम : प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** थाना क्षेत्र के बरसा गांव के उपर टोला में पिछले 10 से 20 दिनों तक बिजली नहीं है। जिससे ग्रामीणों को दीपावली के दिन में भी अंधेरे में ही पर्व मनाने को विवश होना पड़ रहा है। इस संबंध में बरसा गांव के उपर टोला के ग्रामीणों का कहना है कि बीस दिन पहले ट्रांसफॉर्मर खराब हो है। खराब ट्रांसफॉर्मर उतारकर 20 दिन पहले बिजली विभाग को भेज दिया गया है। विभाग के अधिकारियों से जब भी ट्रांसफॉर्मर की मांग करते हैं तो वह टाल-मटोल का जवाब देते हैं।

इधर ग्रामीणों की समस्या पर संज्ञान लेते हुए नगड़ी प्रखंड प्रमुख मधु कच्छप ने कहा कि बिजली के विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। इस मुहल्ला में 60 से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं, सभी समय पर बिजली बिल का भुगतान भी करते हैं, पर विभाग के अधिकारियों के नजरअंदाज करने के कारण ग्रामीण पिछले 20 दिनों से बिना बिजली के रहने को विवश हैं। अगर कल 26 अक्टूबर तक बिजली विभाग बरसा गांव उपर टोला का ट्रांसफॉर्मर नहीं बदलेगा तो हम नगड़ी प्रखंड प्रमुख मधु कच्छप अपने पंचायत समिति सदस्यों के साथ तथा ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रेम नगर के समीप रांची-गुमला मार्ग पर बैठकर रोड जाम करेंगे, जिसकी जवाबदेही बिजली विभाग की होगी।

## इटकी मोड़ में सोहराई जतरा एक नवंबर को

**इटकी (आजाद सिपाही)।** पड़हा इटकी के पदाधिकारियों की एक बैठक रविवार को एतो भगत की अध्यक्षता में बारीडीह गांव में हुई। बैठक में एक नवंबर को इटकी मोड़ में सोहराई जतरा का आयोजन किये जाने व मुख्य अतिथि के रूप में डॉ दिवाकर मिंज को आमंत्रित किये जाने का निर्णय किया गया। इस जतरा में मुख्य रूप से क्षेत्र के निम्न पड़हा को आमंत्रित किया जाएगा। जिसमें सात पड़हा रानीखटंगा, आठ पड़हा लोयो, सात पड़हा गढ़गांव, 21 पड़हा कुल्ली व 22 पड़हा केसारो को जतरा में शामिल किये जाने सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा की गयी।

## अवैध कोयला लदी ऑल्टो कार समेत एक युवक गिरफ्तार

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो थाना पुलिस ने अवैध कोयला लदे एक अल्टो कार समेत एक युवक को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि खलारी की ओर से एक अल्टो कार में अवैध कोयला लेकर एक युवक चान्हो की ओर आ रहा था उसी दौरान चामा के समीप कार को रोका गया और युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक खलारी थाना क्षेत्र का रहने वाला दिलशाद अंसारी को न्यायिक हिरासत में रांची स्थित होटवार जेल भेज दिया गया है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बेड़ो के मुरतो आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में रंगोली और दीप प्रतियोगिता आयोजित



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुरतो गांव स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली व दीप प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनायी, जिसमें बच्चों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सेव अर्थ, एंपावरमेंट ऑफ वुमेन व विभिन्न प्रकार के आकर्षक रंगोली, दीप व गणेश लक्ष्मी की रंगोली बनायी। जिसमें सीनियर में आठवीं कक्षा को प्रथम, सातवीं कक्षा को द्वितीय एवं कक्षा पांच को तृतीय स्थान मिला। वहीं जूनियर में कक्षा चार को प्रथम, कक्षा दो को द्वितीय, कक्षा तीन को तृतीय स्थान मिला। स्कूल के निर्देशक अभिजीत राज ने बच्चों की सराहना की और उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आयोजन से बच्चों में कलात्मक विकास होता है। थीम आधारित रंगोली बनाने पर उन्हें नैतिक शिक्षा मिलती है। नयी शिक्षा नीति में एक्टिविटी आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया है, जिससे बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है। मौके पर आयोजन को सफल बनाने में स्कूल की एमडी प्रियंका राज, प्रिंसिपल मुकेश राम, सह शिक्षिका निशा कुमारी, अलुईस तिर्की, प्रियंका गुप्ता, दीपिका खन्ना, सुशीला तिर्की, जुलियाना टोप्पो, प्रिया गुप्ता व रूपा कुमारी व बच्चों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी। साथ ही साथ बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

## पंचायत सचिवालय में कंबल का वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आरा पंचायत सचिवालय में रविवार को कंबल का वितरण किया गया। रांची सांसद संजय सेठ और आरा पंचायत की मुखिया नीता कच्छप ने पंचायत के लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। सांसद ने कंबल वितरण के दौरान कहा कि ग्रामीण सरकार की योजना का लाभ लें। वास्तविक जरूरतमंद के बीच कंबल का वितरण हो ताकि कंबल वितरण शांति पूर्ण तरीके से हो सके। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, वरिष्ठ नेता मुक्तिनाथ मिश्रा, पूर्व मुखिया विजय टोप्पो, पंसस अन्नू तिवारी, प्रमोद सिंह, सुरेंद्र महतो, सोमरा पाहन मौजूद थे।

## जूनियर स्टेन रोज क्लब छठ पूजा समिति की बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आस्था का महापर्व छठ पूजा को मद्देनजर जूनियर स्टेन रोज क्लब छठ पूजा समिति की बैठक रविवार को नामकुम में की गयी। 30 को अस्ताचलगामी और 31 को उदयगामी अर्घ्य है। इसी को देखते हुये जूनियर समिति के सदस्यों ने बैठक कर छठ घाट पर साफ-सफाई, कपड़े बदलने का टेंट बनवाने एवं छठ व्रतियों को सभी तरह की सुविधा मुहैया कराने का निर्णय लिया। इस मौके पर मनीष, विकास, राकेश, शुभाष, रोहन, बबलू, आदित्य, संजय, टिंकू, विवेक, बिक्की, अनिल, शिवम, अंकेस, नीकू, रितिक, राहुल सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## अनगड़ा : हाजी अख्तर अंसारी को ग्रामीणों ने पेश की खिराजे-अकीदत




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ कांग्रेसी हाजी अख्तर अंसारी के निधन पर रविवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों में उनके लिए (दुआ ए मगफिरत) कर खिराजे-अकीदत पेश करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर समाजसेवी अब्दूल इमाम अंसारी ने कहा कि हाजी अख्तर अंसारी ने अपने राजनीतिक व सामाजिक जीवन में जाति-पाती की भावना से उपर उठकर हर समाज के जरूरतमंदों की सेवा और मदद की। उनकी इच्छा थी कि गरीब मुस्लिम बच्चों के लिए एक स्कूल खोलें ताकि उनकी तरक्की हो सके। उनके निधन से समाज को बड़ा आघात पहुंचा है। सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी ने कहा कि उनके जाने से समाज ने एक राजनीतिक रहबर खो दिया। मरहुम हाजी अख्तर ने अपने राजनीतिक व सामाजिक जीवन मे सदैव सेवाभाव एवं जिंदादिली के साथ जीवन जीया और लाखों लोगों की उम्मीद और मार्गदर्शक बने। कार्यक्रम में सिकंदर अंसारी, साकीर अंसारी, युनूस अंसारी, इरफान अंसारी, मुमताज खान, सिद्धिक अंसारी, सेराज, युनूस अंसारी, फारूक खान आदि शामिल रहे।

## मृतक ग्रामीण डाककर्मी के परिजनों को प्रमंडलीय सचिव ने दी सांत्वना



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** चान्हो प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर शाखा डाकघर में कार्यरत ग्रामीण डाककर्मी साहेब सिंह की मृत्यु पिछले दिनों ड्युटी के दौरान एक सड़क दुर्घटना में हो गई। सूचना पाकर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारी संघ रांची प्रमंडल के प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक मृतक डाककर्मी के घर पहुंचे तथा परिजनों को सांत्वना दी। कहा कि उनकी मृत्यु से तमाम जीडीएस कर्मी काफी मर्माहत हैं। इस दुख की घड़ी में सभी डाककर्मी पीड़ित परिवार के साथ हैं। रामकुमार दीपक ने परिजनों को विभागीय मुआवजे के साथ संघ की ओर से हरसंभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। मौके पर संघ के रोहित यादव, जयराम महतो, सलील प्रजापति, बैजनाथ गोप, मनोज सिन्हा आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बूटगोड़ा की टीम बनी आरके शाही स्पोर्टिंग क्लब फुटबॉल की विजेता

**सिकिदिरी(आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत में आरके शाही स्पोर्टिंग क्लब कुच्चू द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को फुटबॉल क्लब बुटगोड़ा व मुन्ना ब्रदर्स सिकिदिरी के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शुट आउट में बुटगोड़ा की टीम 4-3 से विजयी रही। विजेता टीम को बड़ा खस्सी व उपविजेता टीम को छोटा खस्सी देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांके प्रखंड प्रमुख सह खिजरी विधानसभा के लोकप्रिय नेता सोमनाथ मुंडा थे। साथ में फारूक खान, प्रेम किशोर महतो, प्रकाश यादव, उपमुखिया सहदेव बेदिया, पंसस जोन तिग्गा सहित अन्य लोग शामिल थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में अध्यक्ष कलेश्वर महली, सचिव रीतलाल महली, मुख्य संरक्षक सफिक अंसारी, श्रवण मुखियार, जयशंकर पहान, गम्भीर सिंह मुण्डा आदि का अहम योगदान रहा।

### परंपरा : घूमने लगे चान्हो-मांडर के कुम्हारों की उम्मीदों के चाक

# दीपावली पर दीयों से घर करेंगे रोशन, लायेंगे खुशहाली

आसिफ रजा







**चान्हो/मांडर।** दीपावली के नजदीक आते ही कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। चान्हो-मांडर के कई कुम्हार इलेक्ट्रानिक चाक से मिट्टी के दीयों को स्वरूप दे रहे हैं।

दीप पर्व दीपावली नजदीक आ चुका है। ऐसे में दूसरों के घरों को रोशन करने के साथ ही अपने घर भी खुशियां लाने की उम्मीदों से कुम्हारों का चाक घूमना शुरू हो गया है। चान्हो मांडर के दीयों के बाजार भी सज चुके हैं। चाइनीज सामानों के बहिष्कार इन कुम्हारों की उम्मीदें और बढ़ा रही हैं।

**मिट्टी के दीयों की है अपनी परंपरा :** दीपावली 24 अक्तूबर को मनाई जाएगी। दीप पर्व पर मिट्टी के दीयों से घर को रोशन करने की परंपरा सदियों पुरानी है। इसका अपना महत्व भी है। ऐसे में दीपावली के नजदीक आते ही कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने के लिए माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं।

**चाइनीज झालरों पर भारी पड़ेंगे स्वदेशी दीये :** हालांकि पिछले कुछ समय में आधुनिकता के इस दौर में दीयों का स्थान बिजली के झालरों ने ले लिया है। ऐसे में कुम्हारों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया था चाइनीज झालरों ने इन कुम्हारों को और चोट पहुंचाई थी। इस कारण वर्ष भर इस त्योहार की प्रतीक्षा करने वाले कुम्हारों की दीवाली अब पहले रोशन नहीं रहता था। मगर पिछले कुछ वर्षों से स्वदेशी निर्मित उत्पादों के प्रयोग को लेकर कई स्वयंसेवी संगठन खड़े हुए हैं। रक्षा बंधन पर्व पर चायनीज राखियों के विरोध का खासा असर दिखाई दिया था। इसके परिणाम स्वरूप स्वदेशी निर्मित उत्पादों की बिक्री में खासी बढ़ोतरी हुई थी। कुम्हार दिवाली में भी ऐसे ही स्वदेशी दीयों को ग्राहक मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। इसी उम्मीद में कुम्हारों के चाक फिर से चल पड़े हैं। उन्हें उम्मीद है कि एक बार फिर से उनके अच्छे दिन लौटकर आएंगे। इसी उम्मीद में दीये तैयार करने का काम जोरों पर चल रहा है। मांडर में दीये बना रहे कुम्हार प्रदीप ने बताया कि दीपावली दीयों का त्योहार है, इसी उम्मीद के साथ उनकी चाक का पहिया घूमने लगा है। उम्मीद है कि इस बार मिट्टी के दीए ज्यादा बिकेंगे। इससे उनकी दीपावली भी पहले से बेहतर रहेगी।

**तकनीक में रंगे कुम्हारों के चाक :** जब हर तरफ तकनीकी की बात हो तो कुम्हारों के चाक कैसे पीछे रह सकते हैं।

**डिजाइनर दीये बढ़ा रहे रौनक :** मिट्टी के दीयों से अपने घर-आंगन को सजाने की तैयारी लोगों ने शुरू कर दी है। बदलते ट्रेंड के साथ लोग डिजाइनर दीये भी खूब पसंद करने लगे हैं। इसी कारण कुम्हार दीये की अलग-अलग वैरायटी बनाने लगे हैं। इनकी डिमांड हर बार रहती है। मिट्टी के झालर, मिट्टी के लालटेन, लटकते दीये, पेड़ के आकार के दीये आदि कई तरह के दीये बाजार में आने को तैयार हैं।

**लागत ही निकले, वही बहुत :** कुम्हार प्रदीप ने बताया कि शुरूआत में दीयों की कीमत कम होती है। मगर जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आता है और डिमांड बढ़ती जाती है, दीयों के रेट भी बढ़ते जाते हैं। जिले के लोग भी स्वदेशी दिए के उपयोग के लिए उत्सुक है कई लोगों ने कहा कि स्वदेशी दीयों का उपयोग इस दीपावली में किया जाएगा ताकि दीया भी जले और लोगों को रोजगार भी प्राप्त हो।

# पर्यावरणविद व वित्त मंत्री के प्रतिनिधि ने दीपावली पर किया पौधरोपण

**दीपावली जीवन से अंधकार मिटाने का हैं न कि पटाखे फोड़कर जिंदगी को तबाह करने का पर्व है : कौशल व दीनानाथ**



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मेदिनीनगर के रांची रोड स्थित तिवारी पेट्रोल पंप के समीप रामदास नगर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद, कौशल किशोर जायसवाल और सूबे के वित्त व खाद्य आपूर्ति मंत्री डां रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि दीनानाथ तिवारी ने संयुक्त रुप से दीपावली पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगाया। पर्यावरणविद ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा लगाते हुए उन्हें पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। वित्त मंत्री के प्रतिनिधि सह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी ने पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार 56 वर्षों से अभियान को जारी रखने वाले वन राखी मूवमेंट के अगुआ कौशल के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज एवं पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार पांच दशक से अधिक समय से कार्य करने का कीर्तिमान बनाने वाले कौशल किशोर पर राज्य ही नहीं देश भर के लोगों को गर्व होना चाहिए कि हम लोगों के बीच रहने वाले श्री जायसवाल की जीवनी की पढ़ाई ऑक्सफोर्ड की सीबीएसई के कक्षा आठ और आईसीएसई के कक्षा छह में एक दशक से ऊपर से हो रही है। उन्होंने समाज के लोगों से कौशल द्वारा चलाया जा रहा वन राखी मूवमेंट और पर्यावरण धर्म को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता बतायी। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि देश और दुनिया में बढ़ती प्रदूषण की आग को देखते हुए दीपावली प्रकाश फैलाने की त्यौहार है न कि पटाखा फोड़कर वातावरण में वायु, ध्वनि, प्रकाश, जल, सामाजिक और धार्मिक जैसे दर्जनों प्रकार के प्रदूषण फैलाने का है। पर्यावरणविद ने दीपावली पर ब्रह्मांड के सारे जीवों की रक्षा के लिए लोगों से आतिशबाजी नहीं करने की मार्मिक अपील की है। उन्होंने कहा कि कोरोना का कहर और प्रदूषण के जहर के कारण पूरी दुनिया तबाह है। दोनों में बस इतना ही फर्क है कि कोरोना केवल मानव को मौत के घाट उतार रहा था जबकि प्रदूषण धरती और ब्राह्मणड के 84 लाख योनि जीवों के जीवन पर भारी पड़ रहा है। उन्होंने पटाखे नहीं छोड़कर लोगों की जिंदगी तबाह होने से बचाने की अपील की है। पर्यावरणविद ने कहा है कि लोग क्षणिक आनंद के लिए वातावरण में प्रदूषण का जहर घोलकर बच्चों और बूढ़ों की जिंदगी तबाह न करें। इस अवसर पर सत्येंद्र नाथ तिवारी व कुणाल नाथ तिवारी समेत अन्य कई लोग शामिल थे।

## जपला आरपीएफ ने चैन पुलिंग करते दो युवक को पकड़ा, जेल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बीड़ी रेल खण्ड के हैदरनगर स्टेशन के समीप आरपीएफ ने दो युवक को चैन पुलिंग करते समय पकड़कर जेलभेज दिया है ।इसकी जानकारी देते हुए जपला आरपीएफ के पुलिस निरीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि पकड़े गए लोगों में हैदरनगर शुक्र बाजार के रंजन कुमार व बरेवा गांव निवासी सौरभ कुमार शामिल हैं ।उक्त दोनों हैदरनगर स्टेशन के समिप पुल संख्या 57/25 रांची सासाराम अप इंटरसिटी एक्सप्रेस में चैन पुलिंग कर ट्रेन से उतर रहे थे ।तभी आरपीएफ पोस्ट के जवानों ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया ।उक्त दोनों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर मेदिनीनगर जेल भेज दिया गया है ।उन्होंने कहा कि ट्रेन ने चलने वाले सभी यात्री नियमो का अनुपालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करें ।पकड़े जाने पर सख्त कारवाई की जाएगी ।उन्होंने कहा कि यात्रियों के सुरक्षित यात्रा के लिए रेल प्रशासन सजग है। नियम तोड़ने वालों पर रेलवे अधिनियम के तहत कारवाई की जाएगी।

## लॉन्ग लाइफ केयर हॉस्पिटल के चिकित्सक की लापरवाही से महिला की मौत




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर थाना क्षेत्र के शदिक चौक स्थित लॉन्ग लाइफ केयर हॉस्पिटल में डॉक्टर की लापरवाही से चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नेनुआ निवाशी राजू शर्मा की पत्नी पूजा देवी उम्र 30 वर्ष की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पूजा देवी के पति राजू शर्मा अपनी पत्नी का परिवार नियोजन का ऑपरेशन करवाने 18 अक्टूबर को सदीक चौकी स्थित डॉक्टर ए अंसारी के अस्पताल लॉन्ग लाइफ केयर पहुंचा था। यहां के चिकित्सकों द्वारा परिवार नियोजन ऑपरेशन के बाद पूजा देवी की स्थिति गंभीर हो गई इसके बाद उन्होंने महिला को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत ने अंडरपास से की पानी की निकासी, आवागमन चालू



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेलवे जोन के बीडी रेल सेक्सन में जपला रेलवे स्टेशन अंर्तगत बक्शी हाई स्कूल परिसर के पीछे बनी नया रेलवे अंडरपास में वर्षा के पानी जमा होने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था ।रवीवार को नगर अध्यक्ष शशि कुमार,नगर उपाध्यक्ष ग्यासुसुदीन सिद्दीकी, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान,वार्ड पार्षद उमरावती देवी आदि ने अंडरपास का जायजा लिया ।मौके पर नपं अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि जरा सी वारिश में भी अंडरपास में 2 से 3 फिट पानी भर जाता है,जिसके कारण इस अंडरपास बनने का उपयोग शून्य हो जाता है ।विभाग को इस दिशा में सार्थक पहल करने की जरूरत है ।व्रत त्योहार को देखते हुए नगर पंचायत की ओर से पंप लगाकर पानी की निकासी की गई है ।मौके पर छेदी खान ने कहा कि अंडरपास के रास्ते से शहर की आधी आबादी ब्लॉक, स्कूल, कॉलेज के छात्र – छात्राओं सहित आम राहगीर को रोजमर्रा के कार्य से गुजरना पड़ता है। पानी भर जाने के कारण दोपहिया व छोटे वाहनों के आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी ।पानी निकासी हो जाने से आम लोगो को काफी सुविधा होगा ।मौके पर नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि इस समस्या को लेकर रेल विभाग को अवगत कराया गया था ।लेकिन कोई सार्थक पहल नही किया गया ।आमलोगों के कठिनाई को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा पानी निकासी की गई ।मौके पर राजद के प्रदेश सचिव जाकिर अली ,शम्मू हुसैन,अजय भारती, सूर्यनाथ पासवान,प्रदीप पटेल,असगर अंसारी, केदार सिंह,इजहार अंसारी,इम्तेयाज आलम,सिबतेंन मिर्जा आदि मौजूद थे।

# राशन मांगने गये लाभुकों को डीलर गड़ासा लेकर मारने दौड़ा

### पीडीएस लाभुकों ने जाति सूचक भाषा का लगाया आरोप



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कुलहिया पंचायत अंतर्गत जगदीशपुर के जनवितरण प्रणाली गंगा स्वयं सहायता समूह के संचालक गीता देवी के पति शिवपूजन मेहता पर गाली गलौज के साथ जाती सूचक भाषा प्रयोग का लाभुकों ने आरोप लगाया है। इस संबन्ध में रविवार को जगदीशपुर गांव के पीडीएस लाभुकों ने हरिहरगंज थाना में लिखित शिकायत की है ।लाभुकों ने बताया कि अगस्त तथा सितम्बर माह के ई पॉश मशीन पर अंगूठा लगवाकर अभी तक डिलर राशन नहीं दिया है ।राशन के नाम पर डिलर टाल मटोल कर रहा था ।वहीं दीपावली पर्व को लेकर रविवार को राशन मांगने गए थे। शिवपूजन मेहता गड़ासा लेकर मारने दौड़ा और गाली गलौज करते हुए हरिजन भुइंया कहा। लाभुक सीता देवी, पति कृष्णा भुइंया कार्ड संख्या-202002548540,मीणा देवी पति पदुम भुइंया कार्ड संख्या -48641, सुरेश भुइंया-48544, उदय भुइंया-48644, काली देवी पति कृत भुइंया-48648, सीता देवी पति राजेन्द्र भुइंया-48652, सुंदरी देवी पति श्यामसुंदर भुइंया-48547, प्रमिला देवी पति राजदेव भुइंया-48642, देवलछली देवी पति रामरत्न भुइंया-48546,केशरी देवी पति कमेश्वर भुइंया- 48535, देवपतिया देवी पति भानु प्रताप भुइंया-48540 आदि कार्ड धारी रविवार को डिलर के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया है।

# गजना महोत्सव मनाने को लेकर न्यास समिति की बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बिहार-झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित माता गजना भगवती महोत्सव मनाने को लेकर गजना न्यास समिति की बैठक हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह जी की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन न्यास समिति के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया । इस बैठक में वर्ष 2019 में बिहार सरकार के द्वारा गजना महोत्सव मनाया गया था इसके बाद वर्ष 2020 एवं 2021 में कोरोना महामारी कारण राज्य सरकार ने महोत्सव नहीं मनाया । समिति का मानना है कि कोरोना बीमारी का प्रकोप समाप्त हो गया है अर्थात 2022 दिसंबर तक गजना महोत्सव का कार्यक्रम होना चाहिए इसको लेकर कमेटी की टीम उपायुक्त औरंगाबाद से मिलकर महोत्सव पुनः प्रारंभ करने के संबंध में चर्चा करेगी। इसकी तिथि 2 नवंबर तय की गई है तथा पलामू एवं औरंगाबाद जिले के सांसद एवं विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से मिलकर इस महोत्सव हेतु अपेक्षित सहयोग के संबंध में चर्चा कर महोत्सव मनाने का प्रारूप तय किया जाएगा। अगर बिहार सरकार यह महोत्सव मनाने में अपेक्षित सहयोग नहीं करेगी तब भी जन सहयोग से यह महोत्सव मनाने की पूरी कोशिश की जाएगी । इस बैठक में गजना धाम न्यास समिति के अध्यक्ष श्री श्री 108 श्री अवध बिहारी दास जी, सदस्य साधु सतनारायण सिंह, भृगुनाथ सिंह, भाजपा नेता कर्नल संजय कुमार सिंह, भुनेश्वर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष उर्दवार रामराज मेहता, प्रोफेसर सुनील कुमार सिंह, जिला परिषद दक्षिणी सदस्य औरंगाबाद हरी राम, चंद्रगढ़ मुखिया आमोद चंद्रवंशी, पोल्डी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव के साथ समिति के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## हैदरनगर के बभंडी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई योजनाओं के लाभुकों ने दिया आवेदन



**हैदरनग/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला के बभंडी पंचायत सचिवालय प्रांगण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पार्षद संगीता देवी, उप प्रमुख पप्पू पासवान, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, मुखिया संतोष कुमार सिंह, जेएमएम नेता डा एजाज आलम, नेहाल असगर, रामप्रवेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, सीओ राजीव नीरज, बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर, बीससूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। जिसमें उन्होंने सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं से लोगों को जोड़ने की जानकारी दी। पंचायत प्रतिनिधियों ने अंबेडकर आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, वृद्धापेंशन व अन्य योजनाओं के लाभुको को स्वीकृति पत्र दिया। इसके साथ ही जिला पार्षद संगीता देवी के साथ मुखिया संतोष कुमार सिंह, बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर, सीओ राजीव नीरज व अन्य विभागों के अधिकारियों ने जमीन में बैठकर लोगों की समस्या क्रमवार सुनकर उनसे आवेदन लेने का कार्य किया। कार्यक्रम का आयोजन मुखिया जितेंद्र कुमार सिंह ने किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने परिसर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम में सर्वाधिक भीड़ शुरू से अंत तक वर्ग आठ से 12 तक की छात्राओं ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के काउंटर पर जमी देखी गई है। इस योजना के संबध में बीडीओ ने आठ हजार बच्चियों का पंजीकरण करने का लक्ष्य बताया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन औसतन दो सौ बच्चियों का पंजीकरण किया जा रहा है। इस दौरान मुखिया की ओर से चिन्हित कई गरीब असहाय लाभुकों के बीच धोती, साड़ी, कंबल का वितरण किया। इस कार्यक्रम में 20 सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, जेएमएम के डा एजाज आलम, नेहाल असगर, रामप्रवेश सिंह, मुखिया जितेंद्र सिंह, महिला प्रयवेक्षिका सीमा झा, कुमारी शांति ठाकुर सहित कई प्रबुद्धजन लोग शामिल थे।

# दीपावाली पर लें प्लास्टिक मुक्त मेदिनीनगर बनाने का संकल्प : दीपक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** निर्माण से ही विकास संभव है। और पलामू का युवा निर्माण की दिशा में आगे बढ़ चुके है। जो प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर का नवनिर्माण करेंगे। उक्त बातें निगम के विपक्षी बोल सह पलामू के सेवादार दीपक तिवारी ने। जिन्होंने प्लास्टिक मुक्ति की दिशा में कारगर कदम उठाने वाले विंध्यवासिनी इंटरप्राइजेज के उद्घाटन के दौरान कही। पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर के रांची रोड रेड़मा स्थित आकाश धर्मकांटा के बगल में हर दिन उपयोग में आने वाले कैरी बैग निमार्ता कंपनी विंध्यवासिनी इंटरप्राइजेज प्रारंभ हो गया। जिसका शुभारंभ इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक सह झामुमो नेता दीपक तिवारी ने फीता काट कर किया। दीपक ने कहा कि प्लास्टिक जैसे हानिकारक वस्तुओं का इस्तेमाल बंद करने के लिए कपड़े के थैले एवं कैरी बैग का उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। हर घर-दुकान को जन आंदोलन की तरह कैरी बैग का उपयोग करना होगा, जो पर्यावरण एवं जीवरक्षा के लिए अतिआवश्यक है। वहीं बैग निर्माण मशीन का निरीक्षण करते हुए दीपक तिवारी ने विंध्यवासिनी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर धिरेंद्र पाण्डेय एवं मिथलेश तिवारी को शुभकामना देते हुए पलामू के कोने कोने में सप्लाई करने एवं उपयोग करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की सलाह दी। साथ ही कहा कि अंधेरे को मिटाने का पर्व दिपावली समाज में व्याप्त कुरितियों एवं हानिकारक वस्तुओं को त्यागने का संदेश दे रही है। मौके पर विंध्यवासिनी इंटरप्राइजेज के कर्ताधर्ता ने बताया कि कैरी बैग निर्माण करने के पीछे मुख्य उद्देश्य रोजगार के अलावा प्लास्टिक मुक्त समाज बनाना भी है। स्थानीय स्तर पर निर्माण होने से सस्ता भी होगा और सुलभता से उपलब्ध भी रहेगा। जो मेदिनीनगर समेत पलामू प्रमंडल में पहुंचाया जाएगा। मौके पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने कैरी बैग के इस्तेमाल करने का और परिचितों, परिजनों को इस्तेमाल करने की अपील की। इस दौरान सोनू तिवारी, संजय तिवारी, परवेज अख्तर, राकेश कुमार मिकू, प्रियरंजन तिवारी, कमलेश तिवारी, चंदन पाण्डेय, बलिराज पाण्डेय, शैलेन्द्र तिवारी, महेश दूबे, कुश तिवारी, नारद तिवारी, सुमेर दूबे, उदय दूबे, दीपक चंद्रवंशी, अतुल दूबे, विकास तिवारी, अखिलेश तिवारी समेत सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

## छठ महापर्व में 26 को पूजन सामग्री का किया जायेगा वितरण : डॉ एसबीपी मेहता



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधानसभा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांकी विधायक डां शशिभूषण मेहता के द्वारा लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा की पूजन सामग्री का वितरण पांकी विधानसभा क्षेत्र के छठ व्रतियों के बीच किया जाएगा। पूजन सामग्री के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश,राज्यसभा सांसद आदित्य साहू,प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, भाजपा के जिला प्रभारी विनय जायसवाल की उपस्थिति में किया जाएगा। यह कार्यक्रम 26 अक्टूबर सुबह 10 बजे से नीलाम्बर पिताम्बरपुर स्थित फार्म हाउस में किया जाएगा। विधायक ने बताया कि हमारे द्वारा प्रदान किए जाने वाले पैकेट में साड़ी, चूड़ी,सिंदूर,बिंदी, फल इत्यादि इस महापर्व में प्रयोग होने वाली सभी सामग्री उस पैकेट मे उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के 32 हजार घरों तक पूजन सामग्री पंहुचे। मेरी क्षेत्र की सम्मानित जनता से अनुरोध है कि आप सभी निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित होकर पूजन सामग्री ग्रहण करें और हमें पुण्य का भागी बनने का अवसर प्रदान करें।

# स्पोर्ट्स



प्रो हॉकी लीग से पहले भारतीय खिलाड़ियों ने जिम में बहाया पसीना

## एशियन यूथ शतरंज : 10 वर्षीय माधवेंद्र और 8 वर्षीय चारवी ने जीता गोल्ड




**बाली, इन्डोनेशिया ।** एशियन यूथ शतरंज चैंपियनशिप में भारत नें एक बार फिर अपना परचम लहराते हुए अपना दबदबा साबित किया है । भारत के लिए सबसे शानदार प्रदर्शन किया भोपाल मध्य प्रदेश के रहने वाले 10 वर्षीय माधवेन्द्र शर्मा नें जिन्होने अंडर 10 क्लासिकल ,रैपिड और ब्लिट्ज तीनों फॉर्मेट में स्वर्ण पदक जीत लिया इस जीत के साथ ही माधवेन्द्र को अब कैंडिडैट मास्टर की उपाधि भी मिल गयी है । माधवेन्द्र नें क्लासिकल में 9 राउंड में 8 अंक , रैपिड में 7 राउंड में 6.5 तो ब्लिट्ज में 7 राउंड में 6.5 अंक बनाकर खिताब अपने नाम किए । बड़ी बात यह रही की प्रतियोगिता के तीनों फॉर्मेट में खेले गए कुल 23 मुकाबलों में माधवेन्द्र नें 19 मैच जीते और 4 मुकाबले ड्रॉ खेलते हुए पराजित रहे । भारत के दूसरा सबसे कमाल का प्रदर्शन किया अंडर 8 की विश्व चैम्पियन ए चारवी नें, चारवी जो विश्व यूथ जीतकर पहले ही महिला कैंडिडैट मास्टर की उपाधि हासिल कर चुकी है उन्होने अंडर 8 वर्ग में क्लासिकल में 9 राउंड में 7 अंक बनाकर रजत पदक , तो रैपिड और ब्लिट्ज में 7 राउंड में क्रमशः 7 और 6 अंक बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया । अंडर 12 वर्ग में भारत के एथन वज नें बालिका वर्ग में सापर्या घोष नें स्वर्ण पदक जीता ।

## पोलैंड के यान डूड़ा बने एमचैस रैपिड शतरंज विजेता

**क्राकों ,पोलैंड ।** चैंपियन चैस टूर के आठवे पड़ाव एमचैस रैपिड शतरंज का खिताब रोमांचक टाईब्रेक के बाद आखिरकार पोलैंड के यान डूड़ा नें अपने नाम कर लिया ।बेस्ट ऑफ 2 फाइनल मुकाबले के पहले दिन डूड़ा नें अजरबैजान के शाखरियार ममेद्यारोव को 3-1 से पराजित कर 1-0 की बढ़त बना ली थी और दूसरे दिन उन्हे खिताबी जीत के लिए सिर्फ 2 अंक की जरूरत थी पर दूसरे दिन ममेद्यारोव नें शानदार वापसी करते हुए पहले दोनों मैच जीतकर और तीसरा ड्रॉ खेलते हुए 2.5 झ 0.5 से दूसरा दिन अपने नाम कर लिया और स्कोर 1-1 हो गया । और ऐसे में विजेता का निर्णय ब्लिट्ज टाईब्रेक से होना निर्धारित था । पहले ब्लिट्ज टाईब्रेक में डूड़ा नें काले मोहरो से खेलते हुए क्यूजीडी ओपनिंग में मात्र 19 चालों में खेल जीता जबकि दूसरे मुकाबले में सफेद मोहरो से खेलते हुए इंग्लिश ओपनिंग में 32 चालों में बाजी जीतकर टाईब्रेक 2-0 से अपने नाम करते हुए एमचैस रैपिड 2022 का खिताब जीत लिया । डूड़ा को विजेता के तौर पर 25000 यूएस डॉलर दिये गए ।

## प्रो हॉकी लीग से पहले भारतीय खिलाड़ियों ने जिम में बहाया पसीना




**भुवनेश्वर ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 28 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना एफआईएच हॉकी प्रो लीग अभियान शुरू करने से पहले यहां कलिंगा स्टेडियम के जिम में जमकर पसीना बहाया। मनप्रीत सिंह की टीम ने एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2021-22 में नीदरलैंड और बेल्जियम के बाद तीसरा स्थान हासिल किया था और इस साल वह अपना प्रदर्शन सुधारने के इरादे से जीत के साथ एक मजबूत शुरूआत करना चाहेगी। भारतीय टीम अगले हफ्ते होने वाले मैच के लिये शुक्रवार को भुवनेश्वर पहुंची। एफआईएच प्रो लीग 2022-23 के पहले मैच में न्यूजीलैंड का मुकाबला करने के बाद भारत दूसरे मैच में 30 अक्टूबर को स्पेन से भिड़ेगा। नवंबर की चार तारीख को भारत का सामना एक बार फिर न्यूजीलैंड से होगा, जबकि छह नवंबर को भारत और स्पेन आमने-सामने होंगे। सभी मुकाबले भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम सात बजे खेले जाएंगे।

आजाद सिपाही

रांची, सोमवार, 24 अक्टूबर, 2022

www.azadsipahi.com

11


## झारखंडी खिलाड़ियों ने बिहार में लहराया जीत का परचम, 7 स्वर्ण, 3 रजत व 3 कांस्य जीता

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बिहार के सारण में बिहार किक बॉक्सिंग खेल महासंघ की ओर से आयोजित जोनल स्तरीय तीन दिवसीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप- 2022 में झारखण्ड के खिलाड़ियों ने जीत का परचम लहराते हुए 7 स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक पर कब्जा जमा जमाया। इस खेल में बिहार, झारखण्ड, असम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने शिरकत किया था। इस आयोजन में असम के खिलाड़ियों ने 13 स्वर्ण और बिहार के खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण अपने नाम किया। जबकि झारखण्ड के खिलाड़ियों में नेहा सिंह, ऋषि राज कृष्णा अग्रवाल, कौशिक पाठक ने रजत पदक और प्रीति कुमारी,अंकुश सिंह,कौशिक पाठक ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं, पुरुष व महिला सीनियर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड झारखण्ड के भरत कुमार महतो और रजनी कुमारी ने अपने नाम किया। झारखण्ड के खिलाड़ियों द्वारा सात स्वर्ण पदक जितने पर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग खेल महासंघ के संयुक्त सचिव सह हम पार्टी के झारखण्ड प्रदेश के युवा अध्यक्ष धर्मेन्द्र भुइयां ने महुदा स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते बुए सभी को सम्मानित किया। उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस बीच पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी, भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह आदि भी उपस्थित थे।



पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का किया गया सम्मान।

### 5 दिसंबर 2021 को मारपीट के बाद कार से आये युवकों ने की थी तलवार से हमले की कोशिश

# तलवार लहराने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा, भेजा गया जेल

**दो आरोपित युवकों को पहले ही किया जा चुका है गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र के भुरुंगिया व महुदा मोड़ स्थित तृप्ति होटल के पास पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, गोलीबारी व एक युवक द्वारा तलवार लहराने के मामले में लिप्त वारंटी विकास दास को तेलमच्चो स्थित सोन गंगा होटल से शनिवार की रात महुदा थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने गिरफ्तार कर लिया। उसे रविवार की दोपहर न्यायिक हिरासत में धनबाद जेल भेज दिया। बतातें चले कि पांच दिसंबर 2021 की सुबह महुदा मोड़ के तृप्ति होटल के पास दोपहर दो गुटों में मारपीट हुई थी। मारपीट के दौरान का एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें एक युवक कार से तलवार निकालकर हमला करने की कोशिश करते नजर आया था। उसकी पहचान 64-क्वार्टर निवासी बीसीसीएल कर्मी भैरव दास के बेटे विकास दास के रूप में किया गया था। वायरल वीडिओ के आधार पर महुदा पुलिस ने विकास सहित कई अन्य के खिलाफ कई गंभीर धाराओं के साथ प्राथमिकी दर्ज कर संलिप्त दो युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि विकास फरार चल रहा था। इसी बीच भुरुंगिया में भी दो गुटों में मारपीट और पत्थरबाजी हुई थी। जिसमें गोली चलने से भुरुंगिया निवासी महिला को गोली लग जाने से घायल हो गई थी।



आरोपित को गिरफ्तार कर जेल लेजाती महुदा पुलिस।

## बाघमारा में श्रमदान कर करायी मुहल्ले की साफ-सफाई

**धनबाद (आजाद सिपाही)। त्योहारों के सीजन में भी कई क्षेत्रों में साफ-सफाई नहीं कराई गई है। इससे लोगों में आक्रोश है। बाघमारा के बंगाली पाड़ा व अन्य स्थानों पर फैली गंदगी से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दिवाली और महापर्व छठ में सफाई नहीं होने के बाद मोहल्ले वालों ने खुद चंदा इक्कठा कर रविवार को गंदगी सफाई करवाई।**

## 30 अक्टूबर तक योजनाओं को पूर्ण करें : डीडीसी

**डीडीसी ने नावाडीह प्रखंड में किया अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** डीडीसी कीर्तिश्री ने जलछाजन परियोजना अंतर्गत संचालित योजना के तहत नावाडीह प्रखंड में खरपीटो एवं कुरपनिया गांव में अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया। मौके पर चल रहें कार्य की प्रगति का जायजा लिया एवं जरूरी दिशा निर्देश दिया। उक्त योजना के प्रोजेक्ट इंप्लीमेंट एजेंसी जिला मत्स्य पदाधिकारी बोकारो को 30 अक्टूबर तक उक्त योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जलछाजन परियोजना के तहत नावाडीह प्रखंड के ताड़ाटांड, आहरडीह के जूनोडीह में तालाब निर्माण की योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। उक्त योजना को भी 30 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीडीओ संजय शांडिल्य आदि उपस्थित थे।



## उग्रवाद प्रभावित टुंडी पहुंचे सिविल सर्जन, खुद से की जांच, मिले डायरिया से पीड़ित 10 मरीज

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** उग्रवाद प्रभावित टुंडी के लक्ष्मणपुर में डायरिया की शिकायत पर रविवार को सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा पहुंचे थे। उन्होंने गांव में जाकर मरीजों की जांच की। इस दौरान डायरिया से पीड़ित 10 लोग पाए गए। इसमें चार मरीज को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि चार मरीज को टुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। एक मरीज को निजी नर्सिंग होम में स्वजनों में भर्ती कराया है। वहीं, स्वास्थ विभाग के अधिकारियों की निगरानी में एक मरीज का इलाज घर पर ही हो रहा है।

### स्वच्छ पानी पीने की सभी को दी सलाह

सिविल सर्जन ने गांव में घूम-घूम कर 10 मरीजों की पहचान की। इस दौरान उन्होंने खुद से मरीजों की बुखार जांच की। गांव में पीने वाले पानी की घर-घर में जाकर देखा। उन्होंने पाया कि पीने वाला पानी स्वच्छ नहीं है। ग्रामीणों को स्वास्थ्य पानी पीने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि गंदा पानी पीने से डायरिया समेत कई बीमारी होती है। समय पर इलाज नहीं होने पर इसे जान भी जा सकती है। इस दौरान उन्होंने टुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को विशेष हिदायत दी। कहा कि क्षेत्र में नियमित जाकर मरीजों की जांच करें। जो भी डॉक्टर या कर्मचारी लापरवाही करेंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी। सिविल सर्जन ने बताया कि बुखार को लेकर सभी पंचायतों में सैंपल लिए जाएंगे। जहां लोग बीमारी से पीड़ित पाए जाएंगे उन्हें चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा डायरिया से बचने के लिए इलाके में ओ आर एस का पाउडर वितरित करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की गंभीर स्थिति पर तत्काल अपने स्वास्थ्य केंद्र को सूचित करें। यदि फिर भी इलाज ना मिले तो सिविल सर्जन कार्यालय को संपर्क करें।



लोगों के बीच डायरिया की जांच करते सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा।

## राष्ट्रीय खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीएवी-6 के विद्यार्थी हुए सम्मानित

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 के 40 बच्चों को प्राचार्य एसके मिश्र ने सम्मानित किया। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के फुटबॉल, हैंडबॉल, बास्केट, बॉल, जुडो-कराटे, एथलेटिक्स व ताइक्वांडो टीम के विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस बार बच्चों ने अपने प्रदर्शन से पूर्व के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। निहाल कुमार ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। सन्नी सिंह ने 1500 मीटर दौड में स्वर्ण पदक जीता। इसी तरह नवीन महतो ने 800 मीटर दौड में रजत पदक जीता। बालिका वर्ग में निकिता कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता। इस मौके पर सुमित मिश्र, नेहाल कुमार, पीनू कुमार, यशराज, मोहम्मद फरहान, अंकित कुमार, अंकुश, अंजनी कुमार, आयुष झा, सुजल यादव और सिद्धार्थ शामिल थे। वहीं, प्राचार्य ने कहा कि डीएवी के बच्चे के पठन-पाठन के साथ खेलकूद में भी आगे हैं।



राष्ट्रीय खेलकुद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी।

## सांसद व विधायक ने किया सोलर युक्त डीप बोरिंग का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** सीएसआर योजना के तहत रविवार को गोमिया में चार जगहों पर सोलर युक्त डीप बोरिंग का शिलान्यास किया गया। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो और स्वांग कोलियरी पीओ डीके गुप्ता ने संयुक्त रुप से नारियल फोड़कर गोमिया पंचायत के मध्य दुर्गा मंदिर परिसर, सार्वजनिक ठाकुरबाड़ी मंदिर, पड़रिया बस्ती और पलिहारी गुरुडीह पंचायत के सिनेमा हॉल में सोलर युक्त डीप बोरिंग का शिलान्यास किया। इससे पूर्व, ग्रामीणों ने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व विधायक डॉ लंबोदर महतो को माला पहनाकर स्वागत किया। सांसद व विधायक ने सभी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि चारों जगहों पर सोलर युक्त डीप बोरिंग होने से दोनों पंचायतों के कुछ जनता को पेयजल से संबंधित समस्या से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, सांसद व विधायक प्रतिनिधि बबलू तिवारी, जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, सीएसआर के चंदन कुमार, सांसद सह विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, प्रखंड अध्यक्ष महेश महतो, गोमिया मुखिया बलराम रजक, पलिहारी गुरुडीह मुखिया सपना कुमारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग विधायक प्रतिनिधि संदीप स्वर्णकार, कला संस्कृति मंच के विधायक प्रतिनिधि रविसन टूडू, ओबीसी मोर्चा के प्रखंड प्रभारी रविंद्र साहू, मनोज यादव, रितेश यादव, दीपक साहू और विनय साहू आदि उपस्थित थे।

## 28 को एकता दिवस के रूप में मनायी जायेगी सूरजनाथ बाबू की 8वीं पुण्यतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** मनसा वाचा, कर्मना कोयला कामगारों और कंपनी हित के लिए आजीवन समर्पित महान श्रमिक नेता जनता मजदूर संघ सीसीएल के रीजनल सचिव स्वर्गीय सूरजनाथ सिंह की आठवीं पुण्यतिथि 28 अक्टूबर को करगली स्थित महिला मंडल (कल्याण मंडप) में मनाई जाएगी। इस अवसर पर कई गणमान्य, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, नगर परिषद के पदाधिकारी और प्रतिनिधि, सीसीएल के अधिकारी, क्षेत्र के बुद्धिजीवी आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में पुष्पांजलि के साथ-साथ निःशुल्क चिकित्सा शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा। इसकी जानकारी स्वर्गीय सूरजनाथ सिंह के बड़े बेटे नंद कुमार सिंह उर्फ नंदलाल सिंह ने दी है। गौरतलब हो कि स्वर्गीय सूरजनाथ बाबू राष्ट्रहित, श्रमिक हित और कंपनी हित के लिए आजीवन प्रयासरत रहे। उन्होंने भ्रष्टाचारियों का विरोध करने के साथ उनके विरुद्ध कार्रवाई कराने में भी अहम भूमिका निभाई। सूरज नाथ बाबू ना सिर्फ बेरमो, बल्कि संपूर्ण सीसीएल और बीसीसीएल में अपने निस्वार्थ सेवा कार्य के लिए जाने जाते थे। कहा जाता था कि जिस श्रमिक का कोई सहारा नहीं होता था वह श्रमिक सूरजनाथ बाबू के पास जाता था और उनसे सहयोग पाता था।



## झरिया पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल के बेटे अभिमन्यू, दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि

**झरिया(आजाद सिपाही)।** भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य झरिया निवासी सुमित सिंह के पिता रमेश सिंह के निधन के उपरांत शनिवार को उनके आवास पर बिहार के सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राम कृपाल यादव के पुत्र अभिमन्यु यादव मिलने पहुंचे। उन्होंने सुमित सिंह के परिजनों से मिल अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। अभिमन्यु और उनके सहयोगियों ने दिवंगत रमेश सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कहा कि स्व रमेश सिंह न्यायप्रिय और समाज से जुड़े व्यक्ति थे। इस मौके पर तेज नारायण सिंह, मनोज सिंह, कमलेश सिंह, राहुल सोनी, दिलीप आडवाणी, झूलन सिंह, रिशु सिंह, विक्की सिंह आदि मौजूद थे।



दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग।

## छोटी सी मदद जरूरतमंदों के चेहरे पर लाती है मुस्कान : यूथ ब्रिगेड

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** पर्व त्योहारों में हमसभी अपनों के लिए खुशियां खरीदते है, लेकिन समाज में बहुत सारे ऐसे जरूरतमंद है जो अपने घर-परिवार और बच्चों की खुशियां नहीं खरीद पाते। वैसे लोगों के चेहरे पर छोटी सी मदद मुस्कान बिखेरने के इरादे से हम सभी को अपने आसपास के जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। उक्त बातें झरिया यूथ ब्रिगेड के सदस्यों ने कही। वे रविवार को दीपावली पर जरूरतमदों के बीच दीया, तेल, बत्ती, पटाखे और मिठाई का वितरण कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री श्याम मंदिर ग्राउंड से किया गया और पूरे शहर में भ्रमण कर जरूरतमंद लोगों के बीच कपड़ों का वितरण किया गया। मौके पर सच्चिदानंद सिंह, दुर्गा केसरी, आनंद केसरी, नारायण अग्रवाल, विक्कू वर्मा, आनंद अग्रवाल, नीरज केसरी, मनोज केसरी, दिनेश शर्मा, राज केशरी, रवि केशरी, दीपक दत्ता, पलटन केसरी, विककी केशरी, सत्यम केशरी, अमरनाथ केशरी, गौतम केशरी और विवेक केशरी आदि मौजूद थे।



जरूरतमंदों में कपड़े-मिठाई बांटते लोग।

### मासस जिला कमेटी की बैठक संपन्न, लिये महत्वपूर्ण निर्णय

## शोषण व भ्रष्टाचार से मुक्ति का रास्ता है समाजवाद : बिंदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मासस जिला कमेटी की बैठक रविवार को केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड पुराना बाजार में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कॉमरेड बिंदा पासवान और संचालन जिला सचिव दिलीप कुमार महतो ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने कहा कि शोषण, अत्याचार और भ्रष्टाचार से मुक्ति का एकमात्र रास्ता समाजवादी विचार है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार आदि बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है इसका निदान समाजवादी विचारधारा से ही संभव है। अंत में कहा गया कि सरकार द्वारा निजी क्षेत्र में संचालित आउटसोर्सिंग में 70 फीसदी स्थानीय बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलाने के निर्देश को अमल में लाए। बैठक में सात नवंबर को बोकारो में समाजवादी क्रांति के स्मृति में आयोजित केंद्रीय सेमिनार में ड्डारी संख्या में भाग लेने। निरसा प्रखंड कमेटी का सम्मेलन संपन्न कराने के अलावा अन्य प्रखंड एवं अंचल कमेटियों का सम्मेलन नवंबर माह तक पूरा कर लिए जाने पर निर्णय लिया गया। बैठक में टूटून मुखर्जी, सुभाष प्रसाद सिंह, सुभाष चटर्जी, राणा चट्टराज, नरेश पासवान, हीरालाल महतो, विश्वजीत राय, विजय पासवान, मुक्तेश्वर महतो, अजय महतो, बूटन सिंह, राजेश बेरवा आदि मौजूद थे।



मासस जिला कमेटी की बैठक में उपस्थित नेता-कार्यकर्ता।

## धनबाद प्रखंड के पीएम आवास का डाटा अपडेट करने की मांग

प्रधान मंत्री आवास योजना Pradhan Mantri Awas Yojana



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद प्रखंड के प्रधानमंत्री आवास (पीएम आवास) योजना का डाटा अपडेट करने की मांग डीसी संदीप कुमार से की गई है। धनबाद प्रखंड के बरडुभी पंचायत के मुखिया मनोज कुमार सिंह ने इसके लिए डीसी को आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया है कि धनबाद प्रखंड की सभी 12 पंचायतों के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का डाटा वेबसाइट पर नहीं है। इस संबंध में अधिकारियो का कहना है कि डाटा डिलिट हो गया है। 2017 और इसके बाद की कोई इंट्री नहीं मिल रही है। डाटा नहीं रहने के कारण लाभुकों का चयन नहीं हो रहा है। इस योजना के लाभ से ग्रामीम वंचित हो रहे हैं। मुखिया ने डीसी से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## एफसीआरए लाइसेंस निरस्त होने पर बीजेपी ने कहा

# गांधी परिवार और इसके एनजीओ कानून से ऊपर नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाले दो गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के एफसीआरए लाइसेंस रद्द करने के फैसले का स्वागत किया है। भाजपा ने कहा कि गांधी परिवार और इससे जुड़े संगठन कानून से ऊपर नहीं हो सकते। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया कि कानूनों के कथित उल्लंघन पर राजीव गांधी फाउंडेशन (आरजीएफ) और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट (आरजीसीटी) के विदेशी अंशदान नियमन कानून लाइसेंस रद्द करने के गृह मंत्रालय के फैसले ने उनके भ्रष्टाचार को ह्यउजागर' कर दिया है। उन्होंने



कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के दौरान विवादित इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक, चीनी दूतावास और चीनी सरकार तथा यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर जैसे भ्रष्टाचार के आरोपी कई लोगों से चंदा लेने को लेकर भी आरजीएफ पर निशाना साधा। पात्रा ने कहा कि मोदी सरकार ने कानून और संविधान के अनुरूप काम किया है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति में साहस नहीं था कि वह नाइक के कृत्यों के खिलाफ कार्रवाई करे जो अब आतंकवाद से जुड़े आरोपों का सामना कर रहा है और यूपीए के सत्ता में रहते ही वह भारत छोड़कर भाग गया था।

### जहां कहीं भी भ्रष्टाचार है, वहां गांधी परिवार मौजूद

पात्रा ने आरोप लगाया कि जब भारतीय सेना का डोकलाम संकट के दौरान चीनी बलों के साथ गतिरोध हुआ था, तब गांधी परिवार चीनी खेमे' के साथ था। पात्रा ने तत्कालीन चीनी राजदूत से राहुल गांधी की मुलाकात का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन एनजीओ को तत्कालीन सत्तारूढ़ सरकार से संरक्षण प्राप्त हुआ था, क्योंकि कई मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने उन्हें दान के रूप में बड़ी मात्रा में रकम दी थी। पात्रा ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष आपदा और दुर्घटना के दौरान मदद के लिए होता है, लेकिन इसे भी आरजीएफ को दान कर दिया गया। पात्रा ने आरोप लगाया कि जहां कहीं भी भ्रष्टाचार है, वहां गांधी परिवार मौजूद है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि दोनों एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई जांच के बाद की गई है, जिसके लिए वर्ष 2020 में अंतरमंत्रालयी समिति गठित की गई थी। अधिकारियों ने कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट के एफसीआरए लाइसेंस को इन एनजीओ के खिलाफ जांच के बाद निरस्त किया गया।

## कर्नाटक में भाजपा के मंत्री ने महिला को मारा थप्पड़: विरोध के बजाय महिला ने पैर छुए

**बेंगलुरु (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक के हाउसिंग एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास मंत्री वी सोमन्ना का एक महिला को थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आया है। ये वाकया हंगला गांव में शनिवार को एक कार्यक्रम में हुआ, जहां मंत्री लोगों को लैंड टाइटल्स (जमीन के पेपर) देने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान एक महिला मंत्री के पास कुछ शिकायत लेकर पहुंच गई। मंत्री ने जैसे ही महिला की बात सुनी और उसे थप्पड़ जड़ दिया। लेकिन महिला ने थप्पड़ का विरोध करने की बजाय मंत्री के पैर छू लिए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला ने दावा किया है कि मंत्री ने उसे थप्पड़ नहीं मारा था बल्कि उसे दिलासा दिया था। महिला ने बयान में कहा कि वह एक गरीब परिवार से है और उसने मंत्री से जमीन देकर उसकी मदद करने की अपील की थी। उन्होंने हमें जमीन दे दी है और हमारा कर्जा भी चुकाया। हालांकि दावा ये भी किया जा रहा है कि बाद में मंत्री ने महिला से माफी भी मांगी। कार्यक्रम में कर्नाटक भू-राजस्व अधिनियम की धारा 94सी के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि नियमितीकरण के लिए लगभग 175 लोग मालिकाना हक के पात्र थे। वीडियो वायरल होने के बाद से कांग्रेस हमलावर हो गई है। कांग्रेस ने मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है। वहीं कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पीएम और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा मंत्रियों को घमंड चढ़ गया है।

## प्रधानमंत्री ने शुरू किया रोजगार मेला

# ओड़िशा में 344 युवक और युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री ने धनतेरस के पावन दिवस पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये देश के 10 लाख युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से रोजगार मेला का शुभारंभ किया है। इस अवसर में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भुवनेश्वर में भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में 239 नए नौकरी धारकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में स्थायी रोजगार पाने वाले युवक-युवतियों ने शुभेच्छा देने के साथ माननीय प्रधानमंत्री को ओड़िशा की ओर से कृतज्ञता ज्ञापन किये। इस कार्यक्रम में भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता षाड़ंगी भी उपस्थित थीं। इसी तरह कटक के शहीद भवन में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री विश्वेश्वर टुडू ने उपस्थित होकर नियुक्ति पत्र बांटे। पहले चरण में कटक में आज 105 को ये नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री विश्वेश्वर टुडू के साथ बारबाटी कटक विधायक मुहम्मद मोकिम और खुर्दा रेल मंडल के डीआरएम मौजूद थे। विशेष रूप से रेलवे विभाग में 98 को भर्ती की गई है। केंद्रीय मंत्री विश्वेश्वर टुडू ने कहा कि भविष्य में इसे और व्यापक बनाया जायेगा। नौकरी पाने वाली युवक युवती ने नौकरी का पत्र मिलने पर खुशी जाहिर की। इस रोजगार मेले में केंद्र सरकार के 38 मंत्रालयों में हर महीने विभिन्न पदों पर 75,000 योग्य उम्मीदवारों को भर्ती किया जायेगा।

### रोजगार का परिदृश्य मजबूत होगा

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि इससे देश में रोजगार का परिदृश्य मजबूत होगा और आने वाले दिनों में युवाओं में नया उत्साह और सकारात्मक भावनायें पैदा होंगी। आने वाले दिनों में रोजगार मेला युवाओं को बेहतर भविष्य के लिए सशक्त करेगा। पहले चरण में देश भर में 75,000 नये नियोक्ताओं को रोजगार पत्र जारी किये गये हैं। युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रोजगार मेले का शुभारंभ किया है। इस रोजगार मेले के माध्यम से देश के 10 लाख युवक-युवतियों को रोजगार दिया जायेगा।

## पीएम के मुफ्त रेवड़ी के बयान पर बिफरे केजरीवाल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को सवाल किया कि महंगाई से परेशान लोगों को मुफ्त शिक्षा और इलाज क्यों नहीं मिलना चाहिए और कहा कि ऐसी चीजों को मुफ्त की रेवड़ी" कह कर आम आदमी का अपमान नहीं किया जाना चाहिए। केजरीवाल ने ट्विटर पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेवड़ी या मुफ्त सौगात देने की राजनीतिक संस्कृति की आलोचना की थी। केजरीवाल ने ट्वीट किया, लोग महंगाई से बहुत ज्यादा परेशान हैं।

# फेफड़े के ट्यूमर से पीड़ित नंदनकानन के सफेद बाघ की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पिछले कुछ दिनों से बीमार 14 वर्षीय सफेद बाघ विजया की नंदनकानन चिड़ियाघर में मौत हो गई। पिछले एक सप्ताह से बीमार सफेद बाघ विजया की नंदनकानन चिड़ियाघर में इलाज के दौरान मौत हो गई। सफेद बाघ विजया की नंदनकानन के एक विशेष वार्ड में इलाज चल रहा था। ओड़िशा कृषि और प्रौद्योगिकी (ओयूएटी) से संबद्ध ओड़िशा पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन कॉलेज के दो पशु चिकित्सकों ने सफेद बाघ विजया की स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद आज चिड़ियाघर का दौरा किये थे। हालांकि उपचार के दौरान मौत का सूचना नंदनकानन अधिकारियों को दिये। विजया के फेफड़े में ट्यूमर पाया गया था।

## ऋषि सुनक दोबारा लड़ेंगे ब्रिटिश पीएम का चुनाव : बोले

# देश की इकोनॉमी सुधारना चाहता हूं

आजाद सिपाही संवाददाता

**लंदन।** सुनक हाल में हुए आम चुनाव में लिज ट्रस के बाद सबसे ज्यादा वोट हासिल करने वाले दूसरे नेता थे। ब्रिटेन में सियासी घमासान मचा हुआ है। इस बीच ऋषि सुनक ने दोबारा प्रधानमंत्री चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने ट्वीट किया- यूके एक महान देश है, लेकिन हम बड़े आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसलिए मैं कंजरवेटिव पार्टी का नेता और अगला प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हूं। मैं देश की अर्थव्यवस्था ठीक करना चाहता हूं, पार्टी को एकजुट करना चाहता हूं। बता दें कि 20 अक्टूबर को लिज ट्रस ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। ट्रस सुनक को हराकर ही देश की प्रधानमंत्री बनी थीं।

### 4 महीने बाद बोरिस से मिले थे सुनक

इससे पहले ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और उनकी सरकार में वित्त मंत्री रह चुके ऋषि सुनक ने शनिवार देर रात आमने-सामने बातचीत की। सुनक ने जुलाई में वित्त मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उनके और बोरिस जॉनसन के बीच कड़वाहट आ गई थी। उसके बाद यह उनकी पहली निजी बातचीत मानी जा रही है। मीडिया इस मुलाकात को 'सीक्रेट समिट' बता रहा है। क्योंकि इस बैठक के बारे में बेहद करीबियों के अलावा किसी को जानकारी नहीं थी। इस बैठक की अहम वजह भी है- दोनों नेताओं का नामांकन। लिज ट्रस की सरकार गिरने के बाद सुनक और जॉनसन कंजरवेटिव पार्टी के लीडर और प्रधानमंत्री पद के तगड़े दावेदार माने जा रहे हैं। हालांकि दोनों में फिलहाल आधिकारिक तौर पर नामांकन नहीं भरा है। ऐसा माना जा रहा है कि सुनक और जॉनसन ने नामांकन को लेकर ही चर्चा की। सुनक और जॉनसन 24 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। यदि 24 अक्टूबर को ही सुनक को 100 से ज्यादा सांसदों का समर्थन मिल जाता है तो वो प्रधानमंत्री बन जाएंगे। सुनक और जॉनसन 24 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। यदि 24 अक्टूबर को ही सुनक को 100 से ज्यादा सांसदों का समर्थन मिल जाता है तो वो प्रधानमंत्री बन जायेंगे। 28 अक्टूबर को फिर होने वाले चुनावों में तीन सांसदों के नाम प्रमुख दावेदारों के रूप में सामने आए हैं। इनमें सुनक के पास 128 टोरी सांसदों का सार्वजनिक समर्थन है, जबकि जॉनसन के पास 53 और कैबिनेट सदस्य पेनी मोर्डंट के पास 23 सांसदों का समर्थन है।

### जॉनसन ने सुनक को दिया नंबर-2 का ऑफर

संडे टेलीग्राफ की रिपोर्ट में दोनों नेताओं की मुलाकात को लेकर कहा गया- कंजर्वेटिव पार्टी में गृह युद्ध की स्थिति से बचने के लिए दोनों नेताओं ने साथ मिलकर काम करने पर चर्चा की। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूर्व पीएम जॉनसन ने बैकडोर से सुनक को नंबर-2 का ऑफर दिया है, लेकिन सुनक कैंप का कहना है कि जब वे पहले भी वित्त मंत्री के रूप में रह चुके हैं तो इस ऑफर को स्वीकार क्यों करें। सुनक खुद ही प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल होंगे।

# 30 जिलों में विकास कार्यों की निगरानी करेंगे सचिव स्तर के अधिकारी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा सरकार ने हमेशा समाज की बेहतरी के लिए कई विकासात्मक परियोजनाएं शुरू की हैं। हालांकि राज्य सरकार इसे जमीनी स्तर पर लोगों तक पहुंचाने पर जोर दे रही है। उसके लिए राज्य सरकार ने 30 जिलो को 30 वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों की जिम्मेदारी दी है। जिसमें अधिकारी प्रमुख मुद्दों और विकास योजनाओं और परियोजनाओं के कार्यावयन की देखरेख करेंगे। योजना एवं समंवय विभाग की ओर से नया निर्देश जारी किया गया है।

**इनको दी जिम्मेदारी:** डॉ. ब्रुंधा डी अंगुल, निकुंजा बिहारी धल-बलांगीर, डॉ एन थिरुमाला-बालेश्वर, अर्चना पटनायक-बरगड, अरिंदम डाकुआ-भद्रक, गुहा पूनम तापस-बौद्ध, सुजाता आर कार्तिकेयन-कटक, सुरेश चंद्र-देवगड़, मनोज कुमार मिश्र-ढेंकानाल, चित्रा अरुमुगम-गजपति, अश्वथी एस-गंजाम, भास्कर ज्योति शर्मा-जाजपुर, श्रीकांत पृस्टी-जगतसिंहपुर, हेमंत शर्मा-झारसुगुडा, सत्यव्रत साहू-कलाहांडी, अरबिंद कुमार पाढ़ी-कंधमाल, देवरंजन कुमार सिंह-केऊंझर, प्रेम चंद्र चौधरी-केंद्रापड़ा, शुभा शर्मा-खोरधा, बिष्णुपद सेठी-कोरापुट, संजीव कुमार चड्ढा-मालकानागिरी, विशाल कुमार देव- मयूरभंज, अरविंद अग्रवाल-नबरंगपुर, बी परमेश्वरन-नयागड, सचिन आर जाधव-नुआपडा, अनु गर्ग-पुरी,



सुरेश कुमार वशिष्ठ-रायगडा, वीर विक्रम यादव-संबलपुर, भूपेंद्र सिंह-सोनपुर, बलवंत सिंह-सुंदरगड़।
























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**